समृद्धि न्यूज़

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 28
लखनऊ, शुक्रवार 13 सितंबर, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



सुलतानपुर पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर ही की कार्रवाई : डीजीपी 03

कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का ज्ञान नहीं : धनखड़ 12

अभाव व अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन : योगी

शुभारंभ

- 825 विकासखंडों में बनाएंगे अटल आवासीय जैसे विद्यालय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार अटल आवासीय विद्यालय की तर्ज पर 57 जिलों में विद्यालय खोलेगी।

मोहनलालगंज स्थित अटल आवासीय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में श्री योगी ने एक साथ प्रदेश के सभी 18 अटल आवासीय विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि अभी तो हमने 18 विद्यालय प्रारंभ किए हैं, जबकि दूसरे चरण में 57 जिलों में कंपोजिट विद्यालय के रूप में भी ऐसे ही विद्यालय खोलने जा रहे हैं। वहीं, तीसरे चरण में इसे प्रदेश की सभी 350 तहसीलों में लेकर जाएंगे तो चौथे चरण में 825 विकास खंड में इस तरह के विद्यालयों की स्थापना होगी। यही नहीं, उन्होंने कहा कि पांचवें चरण में इसे हम न्याय पंचायत स्तर पर लेकर जाएंगे। इसका मतलब 2000 ऐसे विद्यालय प्रदेश के अंदर दिखाई देंगे जो बच्चों को उत्तम शिक्षा देने का माध्यम बनेंगे। उन्होंने कहा कि अगले चरण में जो 57 विद्यालय बनेंगे उनमें पहली क्लास से लेकर 12वीं क्लास तक के बच्चे अध्ययन करेंगे। इनमें बाल वाटिका भी बनाई जाएगी।

जिन लोगों ने कभी गरीबी नहीं देखी, वो गरीबी के दंश को क्या समझ पाएंगे : मुख्यमंत्री

सीएम ने कहा कि जिन लोगों ने हमेशा शोषण किया, अराजकता फैलाई, कभी गरीबी नहीं देखी, उनसे उम्मीद करना कि वो बीओसी बोर्ड से जुड़े हुए रजिस्टर्ड श्रमिक या इन निराश्रित बच्चों जिन्होंने कोविड कालखंड में अपने माता-पिता या अभिभावक को खोया है, उनकी पीड़ा को समझ पाएंगे। उन लोगों के पास उसे समझने के लिए न समय है, न फुर्सत है, क्योंकि उनके अपने ऐजेंडे हैं। उनका एकमात्र एजेंडा और ध्येय राजनीतिक स्वार्थ के लिए लोगों को बांटना है। इसके अलावा उनको कुछ भी नहीं दिखाई देता।

शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बनें अटल आवासीय विद्यालय

योगी ने कहा की श्रद्धेय अटल जी कहते थे कि जो समाज अशिक्षा और अभाव का सफलतापूर्वक मुकाबला कर ले उसको सुरक्षित और समृद्ध होने से दुनिया की कोई ताकत नहीं रोक सकती। ये अभाव और अशिक्षा समाज के सबसे बड़े दुश्मन हैं। अभाव आता है गरीबी से, अकर्मण्यता से, अराजकता से, भ्रष्टाचार से, आपसी बंटवारा से और जहां भी भ्रष्टाचार होगा, अराजकता होगी, अभाव होगा, वहां पर जंगलराज भी होगा, अव्यवस्था होगी, असुरक्षित माहौल होगा, किसी का सम्मान नहीं होगा। वहीं, जब समाज को सही दिशा में नेतृत्व न मिले तो अशिक्षा जैसी बीमारियां तेजी के साथ फैलती हैं और समाज का बड़ा हिस्सा इसकी चपेट में आता है। ऐसे में गरीबी, भुखमरी, अभाव ये सारी विकृतियां समाज में देखने को मिलती हैं। श्रद्धेय अटल जी को एक व्यापक जीवन का अनुभव था और उस अनुभव को उन्होंने अपने शब्दों से, अपने काव्यों के माध्यम से और जब सरकार में आने का अवसर प्राप्त हुआ तो इन बुराइयों से लड़ने के लिए एक व्यापक कार्ययोजना जमीनी धरातल पर उतारने का कार्य किया था। उन्होंने कहा कि व्यक्ति हो या समाज, उसे सुशिक्षित किए बगैर आप सभ्य और समर्थ समाज और राष्ट्र की कल्पना नहीं कर सकते। अटल आवासीय विद्यालय शिक्षा की गुणवत्ता का मानक बने। बिना भेदभाव के समाज के हर तबके के बच्चे को उसकी जाति, चेहरा, क्षेत्र और भाषा पूछे बगैर देश, समाज, सरकार के संसाधनों पर अधिकार मिलना चाहिए। इसी अधिकार का अहसास दिलाने के लिए अटल आवासीय विद्यालय को शिक्षा के एक मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया गया है। सीएम ने कहा कि अभी औपचारिक रूप से एक क्लास रूम में बच्चों के साथ इंटरैक्शन का अवसर मिला। प्रतिभा जाति, मत और मजहब की बंधक नहीं होती। प्रतिभा कहीं भी पैदा हो सकती है, उसको सिर्फ एक मंच देना है। उसके लिए उचित अवसर उपलब्ध करवाना है और यही सरकार का दायित्व होना चाहिए।

इससे पूर्व योगी ने कक्षा 6 और कक्षा 9 में प्रवेश पाने वाले बच्चों को स्कूल बैग एवं पाठ्य पुस्तकें प्रदान कीं और शैक्षणिक सत्र 2023-24 में कक्षा 6 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट वितरित किया। इसके अतिरिक्त विज्ञान रत्न और खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अग्रणी छात्रों को भी पुरस्कार प्रदान किया।

माकपा नेता सीताराम येचुरी का निधन, शरीर एम्स को दान

एजेंसी, नई दिल्ली।

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी का आज (गुरूवार) निधन हो गया। 72 वर्षीय येचुरी पिछले एक माह से दिल्ली के अ.भा. आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें निमोनिया होने के बाद भर्ती कराया गया था और उन्हें पिछले कुछ दिनों से सांस लेने में तकलीफ बढ़ गई थी । मंगलवार से उनकी स्थिति ज्यादा खराब हो गई थी और वे आईसीयू में थे।

सीताराम येचुरी के निधन पर एम्स ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी है। संस्थान का कहना है कि उन्हें 19 अगस्त को निमोनिया की शिकायत पर भर्ती कराया गया था। उनका आज दोपहर 3.05 बजे निधन हो गया। उनके परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को एम्स को शिक्षण और शोध कार्यों के लिए दान कर दिया है।

वामपंथी राजनीति के एक प्रभावी राजनेता सीताराम येचुरी के निधन पर राजनीतिक जगत से शोक संदेश प्राप्त हो रहे हैं। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सीताराम येचुरी उनके मित्र थे। हमारे देश की गहरी समझ रखने वाले भारत के विचार के संरक्षक थे। वे उनके साथ होने वाली लंबी चर्चाओं को याद करेंगे। दुःख की इस घड़ी में उनके परिवार, दोस्तों और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।

संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि संसद में हमारे कई वर्षों के कामकाजी संबंध थे। माकपा के वरिष्ठ नेता सीताराम येचुरी के निधन से उन्हें गहरा दुःख हुआ है।

संक्षिप्त समाचार

शेयर बाजार नये शिखर पर

मुंबई। अमेरिका में खुदरा महंगाई में बढ़ोतरी होने से फेडरल रिजर्व के सितंबर में ब्याज दर में चौथाई फ़ीसदी की कटौती की उम्मीद में विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार करीब डेढ़ फ़ीसदी से अधिक की छलांग लगाकर नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1439.55 अंक अर्थात 1.77 प्रतिशत की उड़ान भरकर 82,962.71 अंक के नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 470.45 अंक यानी 1.89 प्रतिशत उछलकर 25,388.90 अंक के नये शिखर पर पहुंच गया। दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर लिवाली हुई, जिससे बीएसई का मिडकैप 1.32 प्रतिशत की तेजी के साथ 49,010.81 अंक और स्मॉलकैप 0.79 प्रतिशत मजबूत होकर 56,589.93 अंक पर रहा।

रूसी सेना से 45 भारतीय मुक्त, 50 और को छुड़ाने की कोशिश

नई दिल्ली। सरकार ने गुरुवार को कहा कि रूस की सेना में भर्ती 45 भारतीय नागरिकों को छुड़ाया जा चुका है और 50 अन्य को छुड़ाने के लिए रूसी सरकार से बातचीत जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को यहां नियमित ब्रीफिंग में इस बारे में एक सवाल पर कह कि जुलाई में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस दौरे के बाद से अब तक 35 भारतीयों को रूसी सेना से रिहा किया जा चुका है। प्रधानमंत्री के दौरे से पहले 10 भारतीय नागरिकों को रिहा किया जा चुका था। इस तरह से अब तक कुल 45 लोगों की रिहाई हो चुकी है और उनमें से छह लोग दो दिन पहले स्वदेश लौटे हैं। उनके लौटने के लिए टिकट आदि की व्यवस्था रूस स्थित भारतीय राजदूतावास ने की है। प्रवक्ता ने कहा कि हमारा मानना है कि करीब 50 भारतीय नागरिक अभी भी रूसी सेना में हैं और हम उन्हें जल्द से जल्द रिहा कराने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। हमारी इस बारे में रूसी सरकार से बातचीत चल रही है।

लाखों क्यूसेक पानी छोड़े जाने से यमुना व बेतवा नदियां उफान पर

हमीरपुर। मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में हो रही लगातार बारिश के कारण गुरुवार को हमीरपुर से गुजरने वाली यमुना और बेतवा नदियाँ उफान पर हैं। बांधों से पानी छोड़े जाने की वजह से दोनों नदियों में जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है, जिससे बाढ़ की आशंका पैदा हो गई है। लहचूरा और माताटीला बांधों से पानी छोड़ने के कारण यमुना और बेतवा नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंचने की सम्भावना है। मौदहा बांध के अधिशाषी अभियंता करन पाल सिंह गंगवार ने बताया कि बांधों से 5,85 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जो धसान नदी से होकर बेतवा नदी में आएगा। इसी प्रकार, माताटीला बांध से बेतवा नदी में दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। प्रशासन ने तटीय इलाकों को अलर्ट कर दिया है।

मोदी ने पैरालंपिक खिलाड़ियों से की मुलाकात

एजेंसी, नई दिल्ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को अपने आवास पर पेरिस पैरालंपिक के पदक विजेता खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी और बातचीत कर उनके खेलों के अनुभव को जाना।

इस दौरान पेरिस पैरालंपिक में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों ने श्री मोदी को अपनी-अपनी ओर से टी-शर्ट, जूते और तीर जैसी चीजें उपहार स्वरुप भेंट की। पैरा तीरंदाज हरविंदर सिंह ने प्रधानमंत्री मोदी को अपना तीर भेंट किया।

भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) ने प्रधानमंत्री मोदी और पैरालंपियन खिलाड़ियों के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। इन वीडियो में प्रधानमंत्री को पैरालंपियन पदक विजेताओं को बधाई देते और उनसे बात करते हुए देखा गया है। इस दौरान केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के प्रमुख देवेंद्र झाझडिया भी उपस्थित थे।

मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने खेल के दौरान खिलाड़ियों के अनुभव को भी जाना। उल्लेखनीय है कि हाल ही में संपन्न हुए पेरिस पैरालंपिक खेलों में भारत ने सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य सहित 29 पदक जीते हैं।

शिमला में संजौली मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने को राजी हुआ मुस्लिम पक्ष

एजेंसी, शिमला। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की विवादित संजौली मस्जिद मामले में नया मोड़ आ गया है। एक दिन पहले संजौली में हिन्दू समुदाय की ओर से किये गए जबरदस्त प्रदर्शन से यह मामला गरमा गया है। विवाद को खत्म करने के लिए मुस्लिम पक्ष ने पहल की है। संजौली मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष के साथ मुस्लिम समुदाय के स्थानीय लोग गुरुवार को नगर निगम शिमला के दफ्तर पहुंचे और निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को कब्जे में लेने या इसे सील करने की मांग की। बड़ी बात यह है कि मस्जिद कमेटी ने आयुक्त से यह भी गुहार लगाई कि वे उन्हें मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को स्वयं हटाने की अनुमति प्रदान करें। मुस्लिम समुदाय का कहना है कि उनकी ओर से यह पहल किसी की दबाव में नहीं बल्कि अमन और शांति कायम करने के लिए की गई है। उन्होंने कहा कि नगर निगम आयुक्त से इस मस्जिद में जो अवैध निर्माण हुआ है उसे सील करने का आग्रह किया गया है। मस्जिद के इमाम शहजाद ने बताया कि मस्जिद में हुए अवैध निर्माण को वे खुद हटाने के लिए तैयार हैं।

'तरंग शक्ति' अभ्यास से भागीदार देशों के साथ सहयोग और विश्वास हुआ मजबूत : राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'तरंग शक्ति' को भागीदार देशों के साथ सहयोग, समन्वय और विश्वास को मजबूत करने का अवसर करार दिया है।

श्री सिंह ने जोधपुर में बहुराष्ट्रीय अभ्यास के दूसरे चरण के मौके पर कहा कि तरंग शक्ति के माध्यम से भारत ने सभी भागीदार देशों के साथ अपने रक्षा संबंधों को और मजबूत किया है तथा उनमें विश्वास पैदा किया है कि जब भी जरूरत होगी हम सब एक साथ खड़े होंगे। सह-अस्तित्व और सहयोग के भारत के दृष्टिकोण को दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमारा देश सभी देशों को एक-दूसरे का हाथ पकड़कर आगे बढ़ने में विश्वास रखता है। जब इतनी जटिलता और बड़े पैमाने का अभ्यास होता है, तो विभिन्न कार्य संस्कृतियों, हवाई युद्ध के अनुभव और युद्ध लड़ने के सिद्धांतों वाले सैनिक एक-दूसरे से बहुत कुछ सीखते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि आज का ऐतिहासिक कार्यक्रम भारतीय वायु सेना की शानदार उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है। हम न केवल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था होने की उपलब्धियों का जश्न मना रहे हैं, बल्कि इस बात पर भी गर्व कर रहे हैं कि हमारे सशस्त्र बलों को अब दुनिया में सबसे शक्तिशाली में से एक माना जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि आजादी के समय भारतीय वायु सेना के पास दो प्रकार के विमानों के केवल छह स्क्वाड्रन थे। इसी प्रकार युद्ध के बाकी उपकरण भी न केवल पुराने थे बल्कि संख्या में भी सीमित थे। लेकिन आज, दुनिया भर के सर्वश्रेष्ठ और आधुनिक विमानों और अगली पीढ़ी के उपकरणों से सुसज्जित, भारतीय वायु सेना ने खुद को बदल दिया है।

संबोधन

- हमारे सशस्त्र बलों को अब दुनिया में सबसे शक्तिशाली में से एक माना जा रहा

स्वदेशीकरण की दिशा में उठाए मजबूत कदम

फ्रांसीसी कंपनी सफरान हेलीकॉप्टर इंजन के साथ हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के हाल के सहयोग का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि हमने खुद को केवल हथियारों और उपकरणों के आयातक से एक ऐसे देश में बदल दिया है जो आज लगभग 90 देशों को हथियार और उपकरण निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा क्षेत्र ने हथियारों, प्लेटफार्मों, विमानों आदि के विनिर्माण में स्वदेशीकरण की दिशा में मजबूत कदम उठाए हैं। आज हम हल्के लड़ाकू विमान, सेंसर, रडार के निर्माण और कार्यान्वयन में काफी हद तक आत्मनिर्भर हो गए हैं।

डोभाल ने की राष्ट्रपति पुतिन से मुलाकात

एजेंसी, नई दिल्ली। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने गुरुवार को ब्रिक्स सुरक्षा प्रमुखों की बैठक से इतर सेंट पीटर्सबर्ग के कॉन्स्टेंटिनोव्स्की पैलेस में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान डोभाल ने राष्ट्रपति पुतिन को प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी की यूक्रेन यात्रा के बारे में जानकारी दी। रूस की समाचार एजेंसी ने दोनों की मुलाकात का वीडियो जारी किया है। रूस के राष्ट्रपति ने डोभाल के साथ बातचीत में मास्को में प्रधानमंत्री मोदी से उनकी वार्ता को याद किया। उन्होंने कहा कि बैठक के बाद योजना के अनुसार भारत-रूस समझौते आगे बढ़ रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने बदले मंत्रियों के प्रभार

- बदलावों में दिखी लोकसभा चुनाव में आए परिणामों की झलक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी 53 मंत्रियों के प्रभार में बदलाव कर दिया है। दस सीटों पर होने वाले उपचुनाव के साथ इसे जोड़कर देखा जा रहा है।

इन बदलावों में सभी 53 मंत्रियों का जिला बदला गया है। दो डिप्टी सीएम को किसी भी जिले का प्रभारी नहीं बनाया गया है। उनके पास पहले भी जिलों का प्रभार नहीं था। जिसमें कैबिनेट मंत्री के साथ राज्य प्रभार वाले प्रभार वाले मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। अयोध्या और आजमगढ़ देख रहे मंत्री सूर्य प्रताप शाही को लखनऊ और संत कबीर नगर का प्रभार दिया है। इस तरह वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही जो लखनऊ और गोरखपुर देख रहे थे को अंबेडकर नगर का प्रभारी बनाया गया है। वाराणसी के प्रभारी रहे मंत्री जयवीर सिंह को वहां से हटा लिया गया है। उन्हें प्रयागराज और रायबरेली का प्रभार दिया गया है। इन बदलावों में सभी 53 मंत्रियों का जिला बदला गया है। दो डिप्टी सीएम को किसी भी जिले का प्रभारी नहीं बनाया गया है। उनके पास पहले भी जिलों का प्रभार नहीं था। जिसमें कैबिनेट मंत्री के साथ राज्य प्रभार वाले प्रभार वाले मंत्रियों को भी शामिल किया गया है। अयोध्या और आजमगढ़ देख रहे मंत्री सूर्य प्रताप शाही जो लखनऊ और गोरखपुर देख रहे थे को अंबेडकर नगर का प्रभारी बनाया गया है। वाराणसी के प्रभारी रहे मंत्री जयवीर सिंह को वहां से हटा लिया गया है। उन्हें प्रयागराज और रायबरेली का प्रभार दिया गया है।

मेरठ में हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध, हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोले, अब होगी जांच

मेरठ, समृद्धि न्यूज। उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की परतापुर हवाई पट्टी की सुरक्षा में सेंध लगाते हुए वहां खड़े हेलीकॉप्टर के पुर्जे खोलने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत के बाद भी जब परतापुर थाने की पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो एविएशन कंपनी के कैप्टन ने एसएसपी से मिलकर शिकायत की। एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने इस मामले में सीओ ब्रह्मपुरी अंतरिक्ष जैन को जांच सौंप दी है। अभी तक की जांच में एविएशन कंपनी के दो पार्टनर के बीच विवाद का मामला सामने आया है।

नौसेना ने दागी वर्टिकली लॉन्च शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल

परीक्षण

- कम ऊंचाई पर उड़ने वाले दुश्मन के जहाज या मिसाइल को मार गिराने में सक्षम

एजेंसी, नई दिल्ली।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय नौसेना के युद्धपोत से गुरुवार को अपराह्न 3:20 बजे ऐसी मिसाइल दागी है, जो दुश्मन के किसी भी हवाई हमले को नेस्तनाबूत कर सकती है। इसकी गति, सटीकता और मारक क्षमता इतनी घातक है कि ये राडार की भी पकड़ नहीं आती। ओडिशा तट पर चांदीपुर में एकीकृत परीक्षण रेंज से दागी गई वर्टिकल लॉन्च-शॉर्ट रेंज सरफेस टू एयर मिसाइल (वीएल-एसआरएसएएम) को फिलहाल कोई नाम नहीं दिया गया है लेकिन इसे बराक-1 की जगह जंगी जहाजों में लगाए जाने की योजना है।

भारतीय नौसेना ने परीक्षण के दौरान कम ऊंचाई पर उड़ रहे टारगेट को सतह से हवा में मार करने वाली ताकतवर गाइडेड मिसाइल से मार गिराया। कम ऊंचाई पर उड़ने वाले टारगेट का मतलब राडार को चकमा देकर आ रहा दुश्मन का विमान, ड्रोन, मिसाइल या हेलीकॉप्टर होता है। यानी भारत को अब दुश्मन इस तरीके से भी चकमा नहीं दे सकता, वर्ना भारतीय की यह मिसाइल दुश्मन की धज्जियां उड़ा देगी। यह मिसाइल 154 किलोग्राम वजनी है। इसे डीआरडीओ और भारत डायनेमिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने मिलकर बनाया है। यह मिसाइल करीब 12.6 फीट लंबी है। इसका व्यास 7.0 इंच है। डीआरडीओ के अनुसार इसमें हाई-एक्सप्लोसिव प्री-फ्रैगमेंटेड वॉरहेड लगाया जाता है। वीएल-एसआरएसएएम मिसाइल की रेंज 25 से 30 किलोमीटर है। यह अधिकतम 12 किलोमीटर की ऊंचाई तक जा सकती है। इसकी गति बराक-1 से दोगुनी है।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया

एजेंसी, हुलुनबुइर (चीन)।

मौजूदा चैंपियन भारत ने गुरुवार को दक्षिण कोरिया को हराकर एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में लगातार चौथी जीत दर्ज की है।

गुरुवार यहां चीन के हुलुनबुइर में खेले गये मुकाबले में भारत ने दक्षिण कोरिया को 3-1 से हराया। भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। भारतीय हॉकी टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। टीम ने पहले मैच में चीन, दूसरे में जापान और तीसरे में मलेशिया को शिकस्त दी थी। भारत का अगला लीग मुकाबला 14 सितंबर को पाकिस्तान के साथ है। लीग चरण के इस मुकाबले में अरिजीत सिंह हुंदल के आठवें मिनट में किए गए शानदार गोलकर भारत को बढ़त दिलाई। विवेक सागर प्रसाद जोरदार क्रॉस पास को हुंदल ने सर्कल के ऊपर से उठाकर गोल में डाला। इसके बाद हरमनप्रीत ने नौवें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। वहीं कोरिया के यांग जिहुन ने 30वें मिनट में गोल किया। 43वें मिनट में फिर हरमन ने गोल किया। हरमनप्रीत ने मुकाबले में अपना 200वां अंतरराष्ट्रीय गोल दागा। मैच के हीरो भारत के सूरज करकेरा ने कहा कि कोरिया को हराना आसान नहीं है, लेकिन आज हमारा मंत्र अच्छा बचाव करना था। दबाव के मामले में कोई दबाव नहीं है क्योंकि कोच ने हमें अपना खेल खेलने की स्वतंत्रता दी है। हमने वर्षों से श्रीजेश के साथ प्रशिक्षण लिया है और हालांकि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का प्रयास करते हैं।

मौसम तेज हवाओं के साथ भारी बारिश व मेघ गर्जन की चेतावनी

उत्तर प्रदेश के 46 जिलों में मौसम का अलर्ट

- किसानों के लिए जारी निर्देश में खेतों में काम करते समय सतर्कता बरतने के निर्देश

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मौसम विज्ञान विभाग ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में अत्यधिक भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों ने प्रदेश के 46 जिलों में भारी बारिश का अनुमान बताया है। जबकि 70 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने से खेतों में काम करने वालों किसानों और ग्रामीणों को सावधानी बरतने के निर्देश जारी किए हैं।

मौसम में अचानक आए बदलाव को लेकर लखनऊ मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी में आज पश्चिमी तथा मध्य उप्र में भारी बारिश का अलर्ट बताया गया है। इसके साथ ही 20 से 30 किलोमीटर प्रति घंटा की तेज रफ्तार से हवाएं भी चलेंगी। मौसम वै?ज्ञानिकों ने कहा कि आने वाले दो से तीन दिनों तक यह भारी बरसात जारी रहेगी। इसको लेकर जनजीवन पर भी असर पड़ेगा। मौसम विज्ञान विभाग के आंकड़ों के अनुसार इस बार मानसूनी सीजन में 14 प्रतिशत बारिश कम हुई है। इसमें 1 जून से 11 सितंबर तक अनुमान बारिश 665 के सापेक्ष 571 मिमी रिकॉर्ड की गई है। इस लिहाज से अगर अगले दो दिनों तक इसी तरह बारिश के हालात प्रदेश में बने रहे तो मानसून बारिश का आंकड़ा कम हो सकता है। लेकिन अचानक लगातार बारिश का होना जनजीवन पर असर डाल सकता है।

प्रदेश के आठ जिले बाढ़ से प्रभावित

लगातार दो दिनों से हो रही बारिश से उप्र में कई जगहों पर बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। पहाड़ों और स्थानीय स्तर पर प्रदेश के कई हिस्सों में हो रही बारिश से फर्रुखाबाद, गोंडा, बलिया, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, मऊ, सीतापुर तथा देवरिया जिले एक बार फिर से रेड अलर्ट मोड में आ गए हैं और यह बाढ़ प्रभावित हो गए हैं। यहां पर जिला प्रशासन सतर्क हो गया और नदी किनारों के आसपास व निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं राहत व बचाव कार्य के साथ हर स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक अफसर अपने-अपने इलाकों में कैम्प कर जायजा ले रहे हैं।

इन जिलों में अत्याधिक भारी वर्षा होने की संभावना

मौसम विभाग द्वारा आज जिन जनपदों में भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है उनमें फर्रुखाबाद, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, शाहजहांपुर एवं आसपास इलाके शामिल हैं। इसके साथ ही बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, कन्नौज, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोज़ाबाद, मैनपुरी, इटावा, अमरोहा, पीलीभीत, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झाँसी, ललितपुर, बांदा, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, कानपुर देहात, कानपुर नगर, बाराबंकी, सहारनपुर, मुज़फ़्फ़रनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, औरैया एवं आसपास इलाकों में जबरदस्त वर्षा होने की संभावना जताई गई है।

मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की संभावना :- बांदा, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रयागराज, फ़तेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिर्ज़ापुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाज़ीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फरुखाबाद, कन्नौज, कानपुर देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत शाहजहाँपुर, संभल, बदायूँ, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झाँसी, ललितपुर एवं आसपास इलाकों में बारिश के साथ मेघ गर्जन एवं वज्रपात होने की आंशका के लिए मौसम विभाग ने चेताया है।

दो अक्टूबर तक चलेगा अभियान, डीएम ने दिए निर्देश

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आगामी 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के मध्य निकायों में चलाये जाने वाले स्वच्छता कार्यों की तैयारियों और जागरूकता को लेकर गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एडीएम संजय कुमार सिंह की उपस्थित में कलेक्ट्रेट में बैठक की। बैठक का संचालन ईओ संजय कुमार ने की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के स्वर्णिम 10 वर्ष पूर्ण होने पर इस वर्ष में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को वृहद जन सहभागिता के साथ मनाए जाने के लिए स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता÷ थीम पर एक 15 दिवसीय स्वच्छता कार्यक्रम की रचना की गयी है। इसमें स्वच्छता की भागीदारी, संपूर्ण स्वच्छता और सफाईमित्र सुरक्षा तीन प्रमुख घटक हैं।

सड़कों पर खुली गाय छोड़ने पर मालिक को देना होगा दो हजार का जुर्माना : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि स्वच्छता के प्रति बढ़ाया आपका एक कदम, जिले को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाने में मदद करेगा। आग्रह किया कि गोवंश को खुले में कतई ना छोड़ें। पकड़े गए गोवंश छुड़वाने के लिए दो हजार का जुर्माना अदा करना होगा। आमजन से नालियों पर जाली लगवाने का आग्रह करते हुए बताया कि इससे कूड़ा नालियों में नही जायेगा। पानी का प्रवाह भी नहीं रुकेगा। नालियों की सफ़ाई में सुलभता होने के साथ-साथ वेक्टर जनित रोगों में गिरावट भी आएगी।

चुने जिंदगी, तंबाकू नहीं: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने तंबाकू सेवन से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव बताकर इसका प्रयोग न करने का आग्रह किया। कहा कि तंबाकू खाकर अपने स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कदापि ना करें। बैठक में आमसहमति से निर्णय लिया कि सार्वजनिक स्थलों पर इसके प्रयोग कर गंदगी फैलाने पर 2000 का जुर्माना वसूला जाए।

स्वच्छता की भागीदारी में सभी का सहयोग जरूरी : एडीएम

एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि स्वच्छता की भागीदारी के अन्तर्गत सार्वजनिक भागीदारी व स्वच्छता के जन-आंदोलन में सभी नागरिकों के जुड़ाव हेतु विभिन्न आई.ई.सी. गतिविधियां करायी जानी है। इसमें सभी स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वच्छ सारथी क्लब व अन्य द्वारा भी स्वच्छता की भागीदारी में सहयोग भी अपेक्षित है। स्वच्छता ही सेवा 2024 कार्यक्रम में समस्त नागरिकों की स्वच्छता में भागीदारी हेतु श्रमदान का आह्वान किया।

ईओ ने अभियान की बताई तैयारियां

ईओ संजय कुमार ने गत वर्षो की स्वच्छता की सेवा की तुलनात्मक उपलब्धियां बताई। उन्होंने स्वच्छता की भागीदारी के तहत श्रमदान और जन जागरूकता अभियान के तहत कराए जाने वाली गतिविधियों की तैयारिया को भी रेखांकित किया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आप सभी के सहयोग से इसबार टॉप फाइव में आने का हर संभव प्रयास करेंगे।

इनकी रही मौजूदगी

कार्यक्रम में नपाप लखीमपुर की स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एंबेसडर मधुलिका त्रिपाठी, सभासद राकेश मिश्र,शमसुल हसन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक मुरारी लाल विशाल शुक्ला, जेई अमरदीप, जितेंद्र वर्मा डीपीएम विक्रांत वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि, संभ्रांत नागरिक गण मौजूद रहे।

जानलेवा साबित हो सकते है जर्जर सड़क के गड्ढे

सिंगाही खीरी, समृद्धि न्यूज।

सड़कों के हालात खराब लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है। खैरीगढ़ जाने वाली सड़क पर बड़े-बड़े गहरे गड्ढे दर्जनों स्थानों पर बन चुके हैं। बारिश के मौसम में ये गड्ढे जानलेवा साबित हो सकते हैं, इस ओर किसी का भी ध्यान नहीं है। लोग परेशानियां झेलकर सड़कों पर सफर करने को मजबूर हैं,लेकिन आम आदमी की चिंता किसी को भी नहीं है।

भाजपा सरकार द्वारा एक हजार की आबादी वाले गांव को मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ा गया जिसके तहत भी डामरीकरण सड़क बनवाई गई किंतु अब इन दोनों सड़क मार्गों की देखरेख व विभागीय अधिकारियों के साथ ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते इन दोनों सड़क मार्गों की हालत इतनी खराब हो गई है कि दोपहिया चार पहिया वाहनों को इन सड़क मार्गों में चलने के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सिंगाही से खैरीगढ़ जाने वाली सड़क सड़क इस कदर बदहाल हो चुकी है कि यहां गहरे-गहरे गड्ढे बने हुए हैं। और सड़क के दोनों ओर हालात ऐसे ही हैं। सड़क पूरी तरह से जर्जर हो चुकी है। यहां अकसर वाहन चालक गिरते हैं।बारिश के दिनों में तो ये गड्ढे दिखाई नहीं पड़ते,जिसके कारण हर रोज कोई न कोई हादसा होता ही रहता है। इस मार्ग पर वाहनों को दौड़ने की बजाय रेंगना ही पड़ता है। बारिश में तो गड्ढों में पानी भर जाता है तथा ये दिखाई भी नहीं देते जिससे हादसों का अंदेशा बना रहता हैं।

वनकर्मियों व पशुचिकित्सकों की टीम ने की कॉम्बिंग, बाघ के होने की मिली थी सूचनाएं

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र मूड़ा अस्सी, इमलिया, अजान, मूड़ा जवाहर, घरथनियां एवं बांसगाव सहित समीपवर्ती ग्रामों में वनकर्मियों एवं पशुचिकित्सकों की टीम नें कॉम्बिंग की। कांम्बिग के दौरान कई स्थानों बाघ की उपस्थिति की सूचनाएं प्राप्त हुयी। सूचना पर वनकर्मियों द्वारा स्थलों का निरीक्षण किया परन्तु किसी वन्यजीव के पगमार्क और उपस्थिति नहीं पायी गयी। इस मौके पर अपूर्व दीक्षित भा0व0से0 (परिविक्षाधीन) भी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय वन अधिकारी को बाघ प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु नुक्कड़ों, मुख्य मार्गों एवं आबादी में होर्डिंग्स एवं पोस्टर चस्पा करने के निर्देष दिये गये हैं। प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव से सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किये जा रहे हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों को बाघ पकड़े जाने तक सावधानी बरतने के लिए अनुरोध किया गया है। वहीं रेस्क्यू टीम ने दिनांक 11.09.2024 को घटित घटना के स्थल के निकट दो अदद पिंजरा स्थापित किया है। क्षेत्र के चारों ओर कैमरे लगाये गये हैं जिस पर वनकर्मी सतत् निगरानी बनाये हुये हैं। इसके साथ ही डॉ. नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक कानपुर चिड़ियाघर अपनी टीम के साथ बाघ को ट्रंक्यूलाइज करने हेतु गन्नों के खेतों में कांम्बिंग कर रहे हैं।

मनरेगा में 18 करोड़ का श्रम बजट पेश, अब तक दिए जा चुके 10 हजार आवास

ईसानगर खीरी, समृद्धि न्यूज।

रमियाबेहड़ ब्लॉक में आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में विकास कार्यों के कुल 19 करोड़ के प्रस्ताव आए जिनकी अनुपूरक कार्ययोजना पर विचार किया गया। रमियाबेहड़ ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने की। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने मनरेगा बजट के लिए कुल 18 करोड़ का अनुपूरक कार्ययोजना बजट पेश किया। इसके अलावा पंचम राज्य वित्त में 15 वें केंद्रीय वित्त में 1 करोड़ 29 लाख जिस पर कार्य कराने के लिए बजट प्रस्ताव पेश किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास के बारे में खंड विकास अधिकारी डॉ. सुशांत सिंह ने बताया अब तक 10 हजार 270 आवास लाभार्थियों को दिए गए हैं। सभी पूर्ण हो चुके हैं। इस बार प्रधानमंत्री आवास सर्वे सुरू हो चुका है। लघु सिंचाई के तहत किसानों को 744 बोरिंग दी गई। इसके अलावा बैठक में कृषि एवं कृषि रक्षा योजना , स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सार्वजनिक वितरण प्रणाली पशु टीकाकरण एवं पशु पालन, स्वच्छ पेयजल योजना, प्रधानमंत्री सौभाग्य एवं ग्रामीण विद्युतीकरण योजना पर विचार एवं कार्ययोजना प्रस्ताव पेश किए गए।

ब्लॉक प्रमुख कल्पना वर्मा ने गांवों में साफ़ सफाई और नियमित कीटनाशकों का छिडकाव कराने को कहा। इस मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा कमलेश मिश्रा, विधायक निघासन शशांक वर्मा, पूर्व ब्लॉक प्रमुख अमित वर्मा, बीडीओ सुशांत सिंह, आयुष प्रकाश वर्मा नरेंद्र वर्मा सहित बीडीसी सदस्य एवं ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

पंचायत की खुली बैठक में शिकायत करने पर मारपीट करने का आरोप

लखीमपुर खीरी। ग्राम पंचायत उमरा तहसील व ब्लाक निघासन खुली बैठक मे शिकायत पर घर मे घुसकर कान्ति देवी व पति लक्ष्मीनारायन के साथ मारा पीट का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी शिकायत थाना क्षेत्र सिंगाही मे दिनाक 09/09/2024 को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी पर चार दिन बीत जाने के बाद भी सुनवाई नही हुई।

लघु सिंचाई के तहत किसानों को दी गई 744 बोरिंग

कॉम्बिंग, बाघ के होने की मिली थी सूचनाएं

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

मोहम्मदी रेंज के अन्तर्गत बाघ प्रभावित क्षेत्र मूड़ा अस्सी, इमलिया, अजान, मूड़ा जवाहर, घरथनियां एवं बांसगाव सहित समीपवर्ती ग्रामों में वनकर्मियों एवं पशुचिकित्सकों की टीम नें कॉम्बिंग की। कांम्बिग के दौरान कई स्थानों बाघ की उपस्थिति की सूचनाएं प्राप्त हुयी। सूचना पर वनकर्मियों द्वारा स्थलों का निरीक्षण किया परन्तु किसी वन्यजीव के पगमार्क और उपस्थिति नहीं पायी गयी। इस मौके पर अपूर्व दीक्षित भा0व0से0 (परिविक्षाधीन) भी उपस्थित रहे।

क्षेत्रीय वन अधिकारी को बाघ प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु नुक्कड़ों, मुख्य मार्गों एवं आबादी में होर्डिंग्स एवं पोस्टर चस्पा करने के निर्देष दिये गये हैं। प्रभावित क्षेत्र में वन्यजीव से सुरक्षा हेतु जागरूकता अभियान आयोजित किये जा रहे हैं। खेतों में काम कर रहे किसानों को बाघ पकड़े जाने तक सावधानी बरतने के लिए अनुरोध किया गया है। वहीं रेस्क्यू टीम ने दिनांक 11.09.2024 को घटित घटना के स्थल के निकट दो अदद पिंजरा स्थापित किया है। क्षेत्र के चारों ओर कैमरे लगाये गये हैं जिस पर वनकर्मी सतत् निगरानी बनाये हुये हैं। इसके साथ ही डॉ. नितेश कुमार कटियार, पशुचिकित्सक कानपुर चिड़ियाघर अपनी टीम के साथ बाघ को ट्रंक्यूलाइज करने हेतु गन्नों के खेतों में कांम्बिंग कर रहे हैं।

पेंशन नहीं मिल रही तो बैंकों में कराएं एनपीसीआई

लखीमपुर खीरी। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने बताया कि महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन पा रही समस्त लाभार्थियों को बैंक मे एन .पी. सी .आई कराना होगा। जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश कुमार भार्गव ने जानकारी दी है कि जो महिलाएं पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन पा रही है वह खुद ही बैंक या फिर नजदीकी जन सेवा केंद्र पर जाकर संपर्क कर अपने बैंक खाते का एन पी सी आई करना होगा इसमें होने वाली गलतियों को संशोधित कराले जिसे उन्हें समय-समय पर विधवा पेंशन मिलती रहे। उन्होंने सभी विधवा पेंशन योजना से लाभान्वित हो रही महिलाओं से अपील की है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पति की मृत्युपरान्त निराश्रित महिला पेंशन योजना के लाभार्थियों को भुगतान आधार बेस प्रणाली के अंतर्गत किया जाएगा

बिजुआ क्षेत्र में औषधि निरीक्षक ने किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कई मेडिकल स्टोरों में उपलब्ध दवाईयों की खरीद के मांगे बिल

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

बिजुआ क्षेत्र में अचानक से औषधि निरीक्षक द्वारा कई मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण कर लिया गया। मेडिकल स्टोरों में दवाईयों के रख रखाव व उसकी खरीद,बिक्री को लेकर मिली खामियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रतिबंधित दवाईयों की बिक्री की रोकथाम के लिए औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने सख्त निर्देश दिए हैं।

साथ ही जिन मेडिकल स्टोरों से उपलब्ध दवाईयों के बिल नही मिले है उनसे बिल भी मांगे गए हैं। इस दौरान दवा व्यापारियों में खलबली मची रही। बुधवार को जिला औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने बिजुआ क्षेत्र के पड़रिया तुला, मालपुर, गुलरिया, बिजुआ व भीरा कस्बे में संचालित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। औचक निरीक्षण के दौरान जिन मेडिकल स्टोरों पर दवाईयों के रख रखाव खरीद व बिक्री के साथ ही स्टोरों पर मुख्यद्वार के अंदर लाइसेंस की कॉपी लगी नही मिली उन्हें कड़ी फटकार लगाते हुए मिली खामियों को सही करने के निर्देश दिए है। जिला औषधि निरीक्षक बबिता रानी ने बताया कि बिजुआ क्षेत्र में औचक निरीक्षण के दौरान पड़रिया तुला कस्बे में दो व भीरा कस्बे के एक मेडिकल स्टोर में उपलब्ध दवाईयों में से कुछ दवाईयों की खरीद के बिल स्टोर संचालक से मांगे गए जो नही उपलब्ध करवा पाए उन्हें सीमित समय में उक्त दवाईयों के बिल उपलब्ध कराने के लिए नोटिस जारी की जायेगी।

बिल न मिलने पर कार्यवाही की जाएगी,साथ ही मेडिकल स्वामियों को सख्त निर्देश दिए है कि अगर कोई भी स्टोर संचालक गलत तरीके से नॉरकोटिक दवाईयों की बिक्री या मेडिकल स्टोर पर इसकी उपलब्धता पाए जाने वालों व अवैध तरीके से मेडिकल स्टोर को संचालित करने वालों को किसी भी हाल में छोड़ा नही जाएगा उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोर के नवीन आवेदकों की दुकानों का भी निरीक्षण किया है। निरीक्षण की सूचना के बाद क्षेत्र के मेडिकल संचालकों में हड़कंप मचा रहा।

इस्कॉन मंदिर में दिखी राधाष्टमी की धूम 108 से अधिक भोग का हुआ अर्पण

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

शहर के इस्कॉन मंदिर में राधाष्टमी के पावन अवसर पर विशेष आयोजन किया गया। शाम 5 बजे कीर्तन व जप से कार्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत की गई, इसके बाद राधा रानी का महाभिषेक किया गया तथा 108 से अधिक भोग अर्पण किया गया।

इस मौके पर सभी भक्तों ने राधे कृष्ण की सुरमई मधुर भक्ति बेला में झूलन यात्रा और नौका विहार का आनंद लिया तथा दीपदान किया। वहीं इस्कॉन लखीमपुर के संचालक सुनील मुकुंद प्रभु ने बताया कि इस्कॉन लखीमपुर द्वारा इससे पूर्व श्रीकृष्ण जनमाष्टमी के मौके पर भी भव्य आयोजन किया गया था, जहां सैंकड़ों की संख्या में भक्तों का हुजूम देखने को मिला था। इसी प्रकार आज श्रीराधाष्टमी के मौके पर मंदिर परिसर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने प्रतिभाग कर श्रीमती राधारानी का दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं सभी भक्तों के लिए इस मौके पर महाप्रसाद का भव्य आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम से जुड़ी विभिन्न जानकारियां मंदिर मीडिया प्रभारी नूतन मिश्रा व स्पर्श सिन्हा द्वारा प्रदान की गईं।

48 घंटे बीतने के बाद भी उपभोक्ताओं को नहीं मिली बिजली

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

विद्युत विभाग की लापरवाही से जेबीगन्ज उप केंद्र से विद्युत आपूर्ति पा रहे दर्जनों गांव के ग्रामीण परेशान हो रहे है। मंगलवार शाम को ट्राली में फाल्ट होने के कारण उपभोक्ताओं को पूरी रात विद्युत आपूर्ति नहीं मिल पाई। ट्रॉली सही होने के बाद कभी 33000 तो कभी 11000 में फाल्ट होता रहा जिसकी वजह से 48 घंटे से ज्यादा हो जाने के बाद भी उपभोक्ता बिजली को तरस रहे हैं। बिजली कि आँख मिचौली बदस्तूर जारी है।

क्षेत्र की बिजली व्यवस्था लंबे समय से काम चलाओ हिसाब में चलती रही है चाहे झूलते तारों की बात हो या जर्जर ट्रांसफार्मरो की इन विषयों पर कभी विभाग संजीदा नजर नहीं आता है। मिली जानकारी के अनुसार, सुधार के नाम पर काम चलाओ मरम्मत की परंपरा के चलते अब लंबे समय तक लाइट का चले जाना बड़ी समस्या बनने लगी है। मुश्किल यह है कि कर्मचारी और अधिकारी बिजली की अव्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। ऐसे में लोग यही कह रहे हैं कि कौन सुनेगा किसको सुनाने वाली कहावत चरितार्थ हो रही है। बहरहाल विद्युत की जारी आंख मिचोली से उचौलिया क्षेत्र के दर्जनों गांव के लोग परेशान नजर आ रहे हैं बिजली की जारी आंख मिचोली के खेल से उनमें फैल रही नाराजगी विद्युत विभाग को कोसने में जा रही है। क्षेत्र में भी रोज कई बार बिजली बंद हो रही है रात में भी कोई ठिकाना नहीं रहता इस दौरान लोगों की रात जागते हुए कटी विद्युत ना रहने की वजह से लोग काफी परेशान हैं। इससे उपभोक्ताओं को रोस्टर के अनुरूप समय से बिजली की आपूर्ति ही नहीं हो पा रही है इसकी वजह से उन्हें मानसिक शारीरिक से लेकर आर्थिक तक की परेशानी उठानी पड़ रही है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों की शिकायत है कि बिजली कटौती से जहां खेती चौपट हो रही है। वहीं रहने सोने खाने में भी गर्मी की वजह से आफत मची है।

पूरी रात विद्युत कटौती की वजह से जागते हुए बीत रही है। पखवाड़े भर उन्हें चैन की नींद नसीब नहीं हो सकी है। बिजली कटौती का आलम यह है कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग रोस्टर ही भूल चुके हैं कुछ घंटे के लिए कई हिस्सों में आ रही बिजली के साथ लो वोल्टेज की भी समस्या जुड़ी है। इससे उसका किसी प्रकार से उपयोग नहीं हो रहा है। बिजली की आंख मिचौली से उचौलिया सहित दर्जनों गांव के लोग काफी परेशान हैं। जेई शिव प्रकाश का कहना है कि मंगलवार को ट्राली में फाल्ट हो जाने के कारण विद्युत सप्लाई बाधित रही जिसके के बाद बारिश होने की वजह से 33000 बीडी हो गई। बृहस्पतिवार की सुबह 33000 सही होने के बाद फिर खराब हो गई। फिलहाल काम चल रहा है जल्द ही उपभोक्ताओं को बिजली सप्लाई मिलेगी।

दहेजलोभियों ने ली विवाहिता की जान, पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

तहरीर के आधार पर पति, सहित चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज।

लखीमपुर के शारदानगर थाना क्षेत्र के बेहननपुरवा गांव में एक विवाहिता को पीट पीट कर अधमरा कर दिया, हालत बिगड़ने पर पति द्वारा उसे निघासन के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया, और मायके पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर पति, सहित चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। निघासन कोतवाली क्षेत्र के पठानन पुरवा गांव निवासी फूलचंद ने बताया कि अरसा करीब 7 साल पहले अपनी पुत्री सोनिका उम्र लगभग 26 वर्ष का विवाह हिंदू रीति रिवाज के अनुसार अपनी सामर्थ्य के हिसाब से दान दहेज देकर शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव बेहनन पुरवा निवासी कनौजीलाल के लड़के दिनेश के साथ किया था, मायके पक्ष ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के बाद से ही और अधिक दहेज को मांग कर ससुराल वाले पुत्री को आए दिन मारते पीटते थे, इससे पहले भी मारपीट कर हांथ तोड़ दिया था, मृतका के भाई अश्वनी कुमार ने शारदानगर थाने में तहरीर देकर बताया कि घटना 09 सितंबर को मृतका सोनिका को काफी मारने पीटने के बाद मृतका को निघासन के एक निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, जहां बहनोई और उसके परिवार वाले बहन के शव को अस्पताल में ही छोड़कर भाग गए, सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पहुंचकर निघासन थाने में घटना की सूचना दी, सूचना पर पहुंची निघासन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

मृतका के प्रियांशी 6 वर्ष, हिमांशी 4 वर्ष, रिया 2 वर्ष, सहित एक 15 दिन की लड़की है। भाई अश्वनी कुमार की तहरीर के आधार पर पति दिनेश कुमार ,सासु ऊषा देवी, देवर दुर्गेश कुमार, भाभी रजनी देवी के विरुद्ध थाना शारदानगर में दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

सहकारी गन्ना विकास समिति की हुई बैठक

मितौली खीरी। सहकारी गन्ना विकास समिति मैगलगंज की वार्षिक बैठक गन्ना समिति के अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में गन्ना विकास समिति मैगलगंज के सचिव अजीत प्रताप सिंह ने समिति की वार्षिक आय के संबंध में सभी सदस्यों को अवगत कराया गया। गन्ना समिति के अध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। उपस्थित गन्ना समिति के उपाध्यक्ष जसपाल सिंह ने बैठक को संबोधित किया। गौरव शुक्ला समिति की संचालक द्वारा वार्षिक निकाय की बैठक को संबोधित किया गया बैठक का संचालन जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक जेबी गंज अविनाश चंद्र तिवारी ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से संचालक सदस्य संजय सिंह अजवापुर चीनी मिल के प्रतिनिधि चौधरी जी कुंभी चीनी मिल के प्रतिनिधि संदीप शेरावत तथा गन्ना समिति के समस्त संचालक एवं किसान उपस्थित रहे।

बंदर व कुत्ते के हमले से घायलों को नहीं रहा इलाज

बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।

बांकेगंज क्षेत्र के अंतर्गत सीएचसी बांकेगंज में बुधवार को लंगूर के हमले में घायल एक युवक अस्पताल परिसर में भटकता नजर आया तो दूसरा कुत्ते के हमले से घायल 10 वर्षीय बालक दोनों घायल सीएचसी बांकेगंज पहुंचे लेकिन वहां कोई भी डॉक्टर उनकी चिकित्सा करने के लिए उपलब्ध नहीं थे।

अस्पताल में लापरवाही की स्थिति यह थी कि घायलों को 1 घंटे तक इधर-उधर भटकना पड़ा। लेकिन कोई भी डॉक्टर इलाज करने के लिए उपलब्ध नहीं हुआ। लंगूर से घायल हुए युवक के साथ आए हुए उसके मित्र ने सीएचसी की दीवार पर लिखा अधीक्षक का नंबर अपने फोन से मिलाया तो यह पता चला कि उनका ट्रांसफर करीब 1 वर्ष पहले हो चुका था। और नए अधीक्षक का नाम व फोन नंबर दीवार पर अभी तक नहीं लिखा गया। वहीं स्थानीय लोगों की माने तो बांकेगंज सीएचसी पर लापरवाही का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी ऐसे मामले कई बार सामने आ चुके हैं। सूत्रों की माने तो लगभग दो माह पहले आयुष्मान आरोग्य मेले का आयोजन रविवार को किया गया था। जिसमें अधीक्षक मेले में उपस्थित नहीं हुए। जिसकी सूचना मीडिया को दी गई जिसके बाद दोपहर 1:00 बजे अधीक्षक सीएचसी पर पाए गए। इतना ही नहीं 15 अगस्त पर ध्वजारोहण करने के लिए भी बांकेगंज सीएचसी अधीक्षक समय पर नहीं पहुंचे थे। स्थानीय लोगों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को सुधारने की मांग की है।

> सीएमओ संतोष गुप्ता ने बताया कि मैंने बात की थी तो पता चला कि नीशुल रहमान उस समय मौजूद थे लेकिन किसी कक्ष में मीटिंग ले रहे थे। दीवार पर लिखे नंबर को अपडेट नहीं किया गया था जिसको लेकर सीएचसी अधीक्षक से अपडेट करने के लिए कहा गया है।

महंगाई का असर,दालों से लेकर सब्जी तक के भाव में आया उछाल

बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज।

इन दिनों सब्जियां और किराना के सामानों में काफी बढ़ोतरी हुई है जिससे लोग परेशान हैं। बीते चार महीने में हरी सब्जियों के साथ तेल, तिलहन से लेकर दाल, चावल, चीनी आदि किचन में उपयोग होने वाले सामानों में बढ़ोतरी को लेकर आम जनमानस परेशान है तो वहीं किचन की महिलाओं में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रहणी महिलाओं ने बताया कि बीते 4 महीनों में तेजी से महंगाई बढ़ी है। बताया कि घर के पूरे परिवार के लोग मेहनत मजदूरी कर कमाते हैं उसके बाद भी घर का खर्च नहीं चल पा रहा है राशन की दुकान से गेहूं और चावल तो फ्री में मिल जाता है लेकिन फ्री में मिल रहे गेहूं और चावल की भरपाई सरकार सब्जियों से वसूल रही है। सब्जी विक्रेता जुबेर अली, रामशरन, इदरीश,सन्त राम, पंकज आदि ने बताया कि इस बार भीषण गर्मी के कारण किसानों की फसलें झुलस गईं और पैदावार में कमी होने के कारण हरी सब्जियों को बाहर से मंगवाया जा रहा है। जिससे हरी सब्जियों के दामों में बढ़ोतरी हुई है। किराना स्टोर के संचालक पुनीत, देव शरण, कृपा शंकर,राकेश गुप्ता,पंकज गुप्ता आदि ने बताया कि इन दिनों महंगाई का असर सदैव ही देखने को मिलता है।

सुलतानपुर पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर ही की कार्रवाई : डीजीपी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने गुरुवार को कहा कि सुल्तानपुर ज्वैलरी शॉप डकैती मामले में पुलिस ने साक्ष्यों की गहन जांच के बाद ही कार्रवाई को अंजाम दिया है। पूरी कार्रवाई निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से की गई है। इसको लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियां गलत हैं।

श्री कुमार ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की सुरक्षा और औद्योगिक समूहों को भयमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही है। इस दौरान यूपी पुलिस ने अपने जाबांज पुलिसकर्मियों को भी खोया है। वहीं कार्रवाई के दौरान कई घायल भी हुए हैं। यूपी पुलिस मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश पुलिस प्रदेशवासियों की सुरक्षा और औद्योगिक समूहों को भयमुक्त माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रही

इस दौरान एडीजी एलओ अभिताभ यश और एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर भी मौजूद रहे। इसी के साथ पुलिस ने घटना की सीसीटीव फुटेज, फोटो और मंगेश यादव की मां के साथ बहन की बाइट भी जारी की है।

कुमार ने बताया कि 28 अगस्त को सुल्तानपुर के कोतवाली नगर क्षेत्र में दिन में 12ः45 पर भरत ज्वैलर्स के यहां दिनदहाड़े डकैती हुई थी। इसको लेकर पुलिस द्वारा अब तक जो भी कार्रवाई की गई है वह पूरी तरह निष्पक्ष है। इस पूरे घटनाक्रम को आपके सामने प्रस्तुत करने के लिए हमारी टीम एकत्र हुई है।

डीजीपी ने बताया कि घटना में कुल 12 आरोपी शामिल थे। इसमें विपिन सिंह गैंग लीडर था। विपिन, फुरकान और उसके तीन साथियों ने घटना को अंजाम देने के लिए 13 और 15 अगस्त को दुकान की रेकी की थी। इसके वीडियो के रूप में हमारे पास साक्ष्य भी उपलब्ध हैं। वीडियो में रेकी करते हुए विपिन और उसके साथियों को दिखाया गया है। वहीं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जौनपुर से चोरी की गई थी, जिसे मंगेश यादव ने चोरी किया था। इसमें उसके साथ कई और लोग भी शामिल थे। घटना को अंजाम देने के लिए आरोपी दो समूह में घटना स्थल पर पहुंचे थे। घटना के बाद भागने के लिए बोलेरो का प्रयोग किया गया था।

अपर पुलिस महानिदेशक कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि घटना स्थल पर पुष्पेंद्र, डब्लू और सचिन बोलेरो से पहुंचे थे जबकि फुरकान, अनुज, अरबाज, मंगेश यादव और अंकित यादव दुकान के अंदर घुसे थे। यह लोग सीधे डकैती में शामिल थे। इसके अलावा विपिन सिंह, विनय शुक्ला, अरविंद, विवेक और दुर्गेश दुकान के आस-पास घेराबंदी में तैनात थे ताकि कोई समस्या होने व पुलिस से बचने के लिए अपने साथियों का बैकअप कर सकें। यह सभी चीजें सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल विश्लेषण में स्पष्ट भी हुई हैं। पूरे मामले का खुलासा एसटीएफ और सुल्तानपुर पुलिस ने मिलकर किया है।

फुटेज के आधार पर अभियुक्त की पहचान की गई

एडीजी जोन लखनऊ एसबी शिरोडकर ने बताया कि घटना में इस्तेमाल दोनों मोटरसाइकिल जौनपुर से चोरी की गयी थी। यह लोकेशन से स्पष्ट हुआ है। इसका फुटेज भी सामने आया है, उसके आधार पर ही अभियुक्त की पहचान की गई। वहीं जिस आरोपी की बोलेरो थी, उसे 2 सितंबर की मुठभेड़ में सुल्तानपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसमें सचिन, पुष्पेंद्र और डब्लू को गिरफ्तार किया गया था। इनके पास से 15 किलो चांदी, मोटरसाइकिल और 38,500 रुपये बरामद किये गये थे। इससे पहले जब बदमाश भाग रहे थे तब भी कुछ सामान बरामद किया गया था। इसमें एसटीएफ और टेक्निकल साक्ष्य की मदद ली गई थी। इसके बाद पूरा सीक्वल मैप तैयार किया गया। वहीं गुजरात के सूरत में लूटपाट के मामले में पहले से आरोपी रहा विपिन सिंह ने रायबरेली में सरेंडर किया था। इसमें अनुज, अरबाज और फुरकान भी शामिल थे। उन्होंने बताया कि कानूनी प्रक्रिया के तहत मुख्य आरोपी विपिन सिंह की पांच दिन की रिमांड ली गयी थी। इस दौरान उसने बताया कि घटना में वह और दुर्गेश महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। इसके साथ ही विपिन सिंह की निशानदेही पर 1.2 किलो सोना बरामद किया गया।

भाजपा सरकार में कानून व्यवस्था हुई दुरुस्त : ब्रजेश पाठक

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को कहा कि समाजवादी पार्टी (सपा) की पहचान अपराधी तत्वों को संरक्षण देने के तौर पर रही है और वास्तव में सपा के डीएनए में ही गुंडई और अराजकता है।

श्री यादव ने यहां पत्रकारों से कहा कि सुल्तानपुर में सर्राफा कारोबारियों के यहां लूट के आरोपियों की तरफदारी कर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दर्शा दिया है कि उनकी पार्टी डकैतों को संरक्षण देने का काम रही है। सपा ने हमेशा ही अपराधियों को संरक्षण दिया है। सपा पीड़ितों के साथ खड़े होने के बजाय अपराधियों के साथ है।

उन्हाने कहा कि सपा अपराधियों को बचाने का काम करती है। सपा जाति का भ्रमजाल फैला कर अपराधी तत्वों को संरक्षित करने का काम कर रही है। सुल्तानपुर की घटना में वांछित बदमाशों के कब्जे से ढाई किलो सोना बरामद हुआ है।

श्री पाठक ने कहा कि प्रदेश में 2017 के बाद से भाजपा की सरकार में कानून व्यवस्था सही हुई है। कारोबारी आज सुरक्षित महसूस कर रहा है। आज हर वर्ग प्रदेश की नीति को आगे बढ़ाने में लगा है।

उन्होने कहा कि सपा की सरकार में गंज के एक पुलिस अधिकारी को लखनऊ की सड़क पर घुमाया गया था। लोहियावाहिनी के गुंडों ने जीप को कसान के आवास पर खड़ा कर दिया था। आज तक उस घटना में कितने लोगो को सजा हुई सपा को बताना चाहिए।

मथुरा के जवाहरबाग कांड को कोई नहीं भूला है। सपा के संरक्षण में कई दिन तक वहाँ गोलियां चली थीं। मुज़फ़्फ़रनगर कांड में सपा ने किसी की गिरफ़्तारी नहीं की थी। सपा के लोग प्रदेश पर रोड रोलर चलाने का काम करते है। बहू बेटियों पर सबसे ज़्यादा अत्याचार सपा सरकार में हुआ हैं।

श्री पाठक ने सवालिया अंदाज में कहा कि असलहे के बल पर लूट पर अखिलेश यादव क्या श्वेत पत्र जारी करेगे। कन्नौज में सपा नेता की शर्मनाक करतूत को पूरा प्रदेश अच्छी तरह जान गया है।

लखनऊ के चिनहट में गणेश प्रतिमा पर हुये पथराव पर उन्होने कहा कि हम किसी हालत में ऐसा नहीं होने देगें जो ऐसा करेगा उसको सजा होगी।

सुल्तानपुर की घटना में वांछित बदमाशों के कब्जे से ढाई किलो सोना बरामद हुआ

मुजफ्फरनगर कांड में सपा ने किसी की गिरफ्तारी नहीं की थी

बहू बेटियों पर सबसे ज़्यादा अत्याचार सपा सरकार में हुआ

जहां लूट होगी वहां विकास नहीं होगा : अखिलेश यादव

अयोध्या को बनाएंगे वर्ल्ड क्लास सिटी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के लोग मिलकर के लूट में लग गए हैं। जहां लूट होगी वहां विकास नहीं होगा। यह बातें गुरुवार को समाजवादी पार्टी (सपा)के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कही। उन्होंने प्रदेश में बदमाशों का एनकाउंटर करने और पुलिस कार्रवाई को झूठा बताया। वहीं बसपा से गठबंधन टूटने के मामले में भी सफाई दी।

अखिलेश ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर घेरा। उन्होंने कहा कि किसानों को कहीं मुआवजा नहीं दिया जो उनकी मांग थी उसके अनुसार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। अयोध्या में जमीन जब उनके लोगों के पास जमीन पहुंच गई, उसके बाद अयोध्या का सर्किल रेट बढ़ा दिया गया। उन्होंने कहा कि हम अपने अयोध्यावासियों को भरोसा दिलाते हैं कि दो साल के बाद जब सरकार समाजवादियों की आएगी अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे। इस दौरान अयोध्या में हुए जमीन घोटाले की रजिस्ट्री की कॉपियां पूर्व विधायक पवन पांडेय ने सपा अध्यक्ष को सौंपी।

यूपी में हो रहे हैं झूठे एनकाउंटर

सपा अध्यक्ष ने कहा कि कोई ऐसा व्यक्ति नहीं है जो यह न जानता हो कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में झूठे एनकाउंटर हो रहे हैं, हत्या की जा रही है। भाजपा ने इतने फर्जी एनकाउंटर किए हैं कि उत्तर प्रदेश को फर्जी एनकाउंटर की राजधानी बना दिया है। उन्होंने सुल्तानपुर एनकाउंटर पर बोलते हुए कहा कि सब जानते हैं कि पुलिस घर से उठाकर ले गई थी। मंगेश यादव की हत्या हुई है। एसटीएफ उठाकर ले गई और हत्या की। अखिलेश ने कहा कि हार्टलेस लोगों को गरीबों के दिल का दुख नहीं दिखता है। दिमाग होता तो चप्पल में एनकाउंटर नहीं करते।

नकारात्मक सोच, दिल और दिमाग वाला विनाश करता है

अखिलेश ने कहा कि जिसकी सोच नकारात्मक हो और जिसका दिल और दिमाग नकारात्मक हो, वह विनाश ही कर सकता है, विकास नहीं कर सकता। अभी कुछ नाम आए हैं तस्वीरों के साथ, अभी बहुत सारे नाम आना बाकी हैं जिसमें बहुत सारे अधिकारी और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी भी हैं। अखिलेश ने कहा कि मठाधीश और माफिया में कोई ज्यादा फर्क नहीं होता है।

बसपा सुप्रीमो मायावती के आरोपों का अखिलेश ने दिया जवाब

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बसपा प्रमुख मायावती के गठबंधन तोड़ने वाले आरोप का सवाल किए जाने पर जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अपनी कमियां छिपाने के लिए आरोप लगा रहीं है। जिस समय गठबंधन टूटा उस समय आजमगढ़ में मंच पर मौजूद था। किसी को नहीं पता था कि गठबंधन टूटने जा रहा है। गठबंधन तोड़ने पर खुद फोन कर पूछा था कि आखिरकार गठबंधन क्यों तोड़ा जा रहा है, मैं प्रेस को क्या जवाब दूंगा। लेकिन उस वक्त कुछ नहीं बताया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल, मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी, शिवपाल यादव, सांसद अवधेश कुमार आदि मौजूद रहे।

यूपी में जंगलराज कायम : डॉ. राजपाल कश्यप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर एक अगस्त 2024 को थाना कोतवाली देहात जनपद बिजनौर के अन्तर्गत मानपुर ग्राम के एक गरीब परिवार के मनोज कश्यप पुत्र श्री सुखवीर कश्यप उम्र लगभग 28 वर्ष की हत्या कुछ दबंगों द्वारा कर दी गई, जिसकी रिपोर्ट थाना पुलिस कोतवाली देहात मुकदमा अपराध संख्या 171/2024 दर्ज किया गया परन्तु पीड़ित परिवार गण उक्त में आरोपियों को सश्राधारी नेताओं और पुलिस प्रशासन के संरक्षण के चलते गिरफ्तारी नहीं हो पाई। उक्त प्रकारण की जांच के लिए एक प्रतिनिधिमण्डल समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उ. प्र. के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व एमएलसी डॉ. राजपाल कश्यप के नेतृत्व में जिनमें वर्तमान नगीना विधानसभा के विधायक मनोज पारस, नगीना लोकसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी श्री मनोज कुमार पूर्व जज, समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, समाजवादी पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष बीके कश्यप एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष नगीना शेख जाहिद शामिल रहे।

खबरें एक नजर में

नहर की पुलिया पर बैठे व्यक्ति पर चढ़ी कार, मौत

लखनऊ। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में नहर की पुलिया पर बैठे एक व्यक्ति का कार से एक्सीडेंट हो गया। बुधवार देर शाम हुई इस घटना में वह गंभीर घायल है। कार ड्राइवर उसे कार पर बैठाकर इलाज के लिए अस्पताल ले गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। राम दुलारे मूल रूप से बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के भौली गांव का निवासी था। वह बीकेटी थाना क्षेत्र के बरगदी गांव में अपनी बहन के साथ रहता था। यहां वह रहकर मजदूरी का काम करता था। उसकी शादी हुई थी, लेकिन उसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी। बहन लज्जावती ने थाने में लिखित तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कर है। मृतक की बहन लज्जावती ने बताया कि कार चला रहा व्यक्ति बरगदी गांव निवासी कपूर नाम के व्यक्ति द्वारा राम दुलारे को इलाज के लिए बख्शी का तालाब क्षेत्र में स्थित राम सागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय ले जाया गया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पाकर अस्पताल पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की बहन लज्जावती ने बख्शी का तालाब थाना में लिखित तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चालक फ़रार हो गया। पुलिस ने कार बरामद कर लिया है।

राजकीय वाहन चालक संघ का मांगों पर सुनवाई न होने के कारण आन्दोलन का निर्णय

लखनऊ। राजकीय वाहन चालक संघ राज्य कर विभाग तीन सूत्रीय मांग-पत्र पर प्रमुख सचिव से द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से मांगो पर निस्तारण करने हेतु समय मांगा था, लेकिन समय नहीं मिला। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष लोकेश शर्मा की अध्यक्षता 10 सितम्बर को प्रदेश के प्रान्तीय पदाधिकारी एवं जोनल जिलाध्यक्ष,मंत्री मुख्यालय पर बैठक सम्पन्न हुई। तीन सूत्रीय मांग-पत्र पर सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि यदि अनुरोध किये जाने पर भी कोई कार्यवाही नहीं की गयी। प्रान्तीय संघ द्वारा द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से समस्याओं का हल कराना चाहता था, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। निर्णय लिया गया कि विभाग द्वारा प्राइवेट वाहन चालकों को आउट सोर्सिंग पर न रखा जाये। 120 वाहन चालकों के पद शासन स्तर पर विचाराधीन है, उसको स्वीकृत किया जाये। प्रान्तीय महामंत्री सूरज कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2009 विभाग में 120 वाहन चालक पद भर्ती हेतु आयुक्त राज्य कर के माध्यम से कई बार प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रदीप यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अजय, दिनेश कुमार वर्मा, तेजशंकर, अनुराग शर्मा, कृष्ण कुमार, पंकज राय, नरेश, विजय, रविन्द्र कुमार, अरविन्द, चन्द्रजीत शामिल हुये।

प्रमोद तिवारी ने सीताराम येचुरी के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की

लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा ने भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव, तथा पूर्व राज्य सभा सांसद स्व. सीताराम येचुरी के आकस्मिक निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुये उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है और उनके परिजनों, समर्थकों एवं शुभ चिन्तकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। श्री तिवारी ने कहा है कि स्व. सीताराम येचुरी जी का जीवन सादगी से भरा हुआ था और वे मिलनसार व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे, उनका जीवन समाज के लोगों के लिये हमेषा समर्पित रहा है। राज्य सभा में सांसद के रूप में वे अपनी बातों को मुखर होकर रखते थे, और अपनी वाकपटुता के कारण वे संसद का ध्यान अपनी तरफआकर्षित कर लेते थे। स्व. सीताराम येचुरी जी जहॉ एक कुशल राजनीतिज्ञ एवं समाजसेवी थे वहीं वे एक अच्छे लेखक भी थे उन्होंने कई पुस्तके भी लिखी हैं, उनके निधन से जहॉ मैने अपना एक सच्चा हितैषी खो दिया है वहीं जनता ने अपना एक शुभचिन्तक एव मसीहा खो दिया है, देश का एक देदीप्यमान नक्षत्र सदा सर्वदा के लिये अस्त हो गया, जिसकी भरपाई कभी संभव नहीं होगी। मेरी ईश्वर से प्रार्थना है कि स्व. सीताराम येचुरी जी की आत्मा को चिरषांति प्रदान करें, तथा उनके परिजनों एवं शुभचिन्तकों व समर्थकों को एक असीम दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

नरेन्द्र कश्यप आज जायेंगे डॉ. शकुंतला मिश्रा पुनर्वास विश्वविद्यालय

लखनऊ। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप कल 13 सितंबर को सुबह 10:45 बजे डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय अटल प्रेक्षागृह मोहान रोड लखनऊ पहुंचेंगे तथा एकादश दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होकर उपाधि धारकों एवं पदक प्राप्तकर्ताओं को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करेंगे। अपरान्ह 02 बजे मंत्री आवास 11 एनडीएमआर, विक्रमादित्य मार्ग लखनऊ आयेंगे।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया सदस्यता महाअभियान कैंप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के निर्देश अनुसार, लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सदस्यता महाअभियान कैंप लगाया

यह कैंप का आयोजन रवि प्रकाश जायसवाल भाजपा नेता मंडल मंत्री मध्य-4 लखनऊ महानगर द्वारा लगाया गया यहां कैंप मध्य विधानसभा की बूथ संख्या 14 पर आयोजित किया गया जिसमें केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं से लोगों को अवगत कराते हुए भाजपा की सदस्य दिलवाई गई जिसके लिए भाजपा के द्वारा जारी किए गए टोल फ्री नंबर को डायल करके लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराया गया। कैंप के दौरान वहां मौजूद आशीष सैनी, हर्षित पांडे, सौरभ गुप्ता, पिंटू बजाज दिलीप गुप्ता, अप्पू खान, प्रदीप गुप्ता, कमलावती आदि कार्यकर्तागढ़ मुख्य रूप से उपस्थित हुए।।

बिजली चोरी की शिकायत पर जांच करने गई लेसा टीम पर लगा छेड़खानी का आरोप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मलिहाबाद कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौधराना मोहल्ला में गुरुवार अल-सुबह बिजली चोरी की शिकायत पर जांच करने गई लेसा टीम पर एक महिला ने छेड़खानी का आरोप लगाते हुए विद्युतकर्मियों से मारपीट की। हंगामा बढ़ने पर दोनो पक्षों ने मलिहाबाद कोतवाली में लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की। फ़िलहाल, पुलिस ने विद्युत उपकेंद्र में कार्यरत अवर अभियंता (जेई) लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की है। मलिहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता त्रिभुवन सिंह ने महिला उपभोक्ता और उनके परिवारिक सदस्यों के खिलाफएफ़आईआर दर्ज कराई है। जेई ने बताया कि बिजली चोरी की शिकायत गुरुवार सुबह लेसा टीम चौधराना मोहल्ले में जांच करने गई थी, इस बीच महिला उपभोक्ता ने लेसा कर्मी से मारपीट कर सरकारी काम में बाधा उत्पन्न की। वहीं, महिला उपभोक्ता का आरोप है कि सुबह करीब साढ़े पांच बजे पांच युवक सीढ़ी लगाकर उसके घर में घुस आए। इस बीच महिला की बहू अपने कमरे में गहरी नींद में सो रही थी। तभी दो शख्स बहू के कमरे में दाखिल हो गए। आरोप है कि युवकों ने बहू से अश्लील हरकत कर दुष्कर्म का प्रयास किया। शोर मचाने पर युवक बहू के गले से सोने की चेन व अंगूठी छीनकर वहां से भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला बिजली चोरी से जुड़ा है। बिजली विभाग की तरफसे पुलिस ने महिला उपभोक्ता और उसके परिवारिक सदस्यों के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज की गई है।

शिव सबसे बड़े राष्ट्रवादी, साम्यवादी व समाजवादी : चिदंबरानंद

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

शिवत्व आध्यात्मिक तत्व ही नहीं संपूर्ण वैज्ञानिक अवधारणा है। इनमे सृजन कर्ता,पालक और संहर्ता तीनों स्वरूप समान रूप से विद्यमान हैं। जहाँ सृष्टि के सृजन से पालन तक का दायित्व निभाते हैं वहीं सृष्टि के कल्याण के लिए दुष्टों के संहार से भी पीछे नहीं हटते।यह उदगार श्री हरि हर सेवा समिति के तत्वावधान में जानकीपुरम विस्तार के सेक्टर सात स्थित सूर्या लान में श्री शिव महापुराण कथा का प्रवचन करते हुए कथा व्यास महामंडलेश्वर स्वामी चिदंबरानंद सरस्वती ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा, वैश्विक परिपेक्ष्य में देखें तो शिव से बड़ा राष्ट्रवादी देवता नहीं है।वह सच्चे अर्थों में साम्य और समाजवाद के प्रतीक हैं। बिना किसी विशिष्ट स्वरूप मात्र एक पत्थर की बटिया में उन्हें कोई भी समान रूप से प्राप्त कर सकता है। उनकी पूजा के लिए न सिर्फ जल ही पर्याप्त है बल्कि वह संसार की त्याज्य वस्तुओं को सप्रेम स्वीकारते हैं,बस श्रद्धा चाहिए। सरल भाव के चलते सर्व समाज के लिए समान रूप से उपलब्ध हैं। शिव की यही सरलता उन्हें वैश्विक मान्यता की प्रमुख कारक है। आज विश्व के हर कोने में महादेव को पूजने वाले मिल जाएंगे। मुस्लिम देशों सहित तमाम देशों में उत्खनन में प्राप्त शिव लिंग व मूर्तियों का प्राप्त होना शिव के विश्व व्यापी होने का स्वतरू प्रमाण है। भगवान शिव भगवान राम को जहां अपना आराध्य बताते हैं वहीं प्रभु राम सिव द्रोही मम दास कहावा,सो नर मोहि सपनेहु नहिं पावा कहकर उनकी श्रेष्ठता को निरूपित करते हैं। वास्तव में शिव और राम एक ही तत्व हैं। दोनों में दोनों विराजमान हैं। भारतीय संस्कृति की यही विशिष्टता है कि वह सभी को अपना आराध्य चुनने की स्वतंत्रता प्रदान करती है। यही हिन्दुत्व का मूल है जो अन्य मजहबों से भिन्न करता है।उसे शिवत्व प्रदान करता है। तमाम विकृतियों और मतभेदों से ग्रस्त विश्व को शिवत्व, जो कल्याण का उद्घोष है, की राह अपनानी ही होगी अन्यथा संहार के लिए तैयार होना पड़ेगा।

शोभायात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा प्रारम्भ

शोभायात्रा के दौरान पूरे जानकीपुरम विस्तार में जगह जगह स्वागत किया गया।कथा स्थल पर शोभायात्रा को स्वामी जी द्वारा संक्षिप्त उद्बोधन दिया गया। अपराह्न नैमित्यिक कथा का प्रारंभ हुआ।इस मौके पर समिति के पदाधिकारियों, महिला मंडल व विभिन्न जिलों से आए श्रद्धालुओं के अलावा स्थानीय लोगों ने भारी संख्या में कथा श्रवण का लाभ उठाया। कथा 18 सितंबर तक प्रतिदिन अपराह्न 3 बजे से 7 बजे तक चलेगी और समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन होगा।

सेवानिवृत्त दरोगा के हिस्ट्रीशीटर पुत्र पर हमला, फायरिंग में पैर में लगी गोली

पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए घटना की गहनता से शुरू की जांच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ। जनपद के गोमतीनगर थाना अंतर्गत सेवानिवृत्त दरोगा के हिस्ट्रीशीटर बेटे पर अज्ञात कारणों के चलते कुछ लोगों ने हमला कर दिया। इस दौरान हमलावर गोली मारकर फरार हो गए। गोली पैर में लगने से दरोगा पुत्र घायल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है।

एसीपी गोमतीनगर विकास जायसवाल ने बताया कि विपुलखंड में रहने वाले राम सहोदर दरोगा पद से पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हैं और परिवार के साथ रहते हैं। इनका प्रापर्टी का काम करने वाला बेटा धनंजय सिंह गोमतीनगर थाने का हिस्ट्रीशीटर है। बुधवार की रात वह घर के बाहर कार में दोस्त राहुल सिंह के साथ बैठा था। आरोप है कि इस बीच चार-पांच लोग आए और दरोगा पुत्र से बहस करते हुए मारपीट करने लगे। एक हमलावर ने तमंचे से फायर कर दिया और गोली दरोगा पुत्र के दाहिने पैर में जा लगी। इस बीच दोस्त राहुल के शोर मचाने पर हमलावरों ने उसे भी दौड़ा लिया। इधर गोली की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग निकल आए और हमलावरों को दौड़ा लिया। भीड़ को देख हमलावर मौके से भाग निकले। इस बीच घटना की सूचना मिलने पर गोमतीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल हालत में सेवानिवृत्त दरोगा के हिस्ट्रीशीटर पुत्र को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसीपी ने बताया कि पूछताछ में घायल ने सिंकू नाम के युवक पर हमले का आरोप लगाया है। मामले में तहरीर के आधार पर जांच करते हुए कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटना को लेकर इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और घायल युवक की मोबाइल कॉल डिटेल आदि खंगाले जा रहे हैं। वहीं पीड़ित दरोगा पुत्र के हिस्ट्रीशीटर होने के चलते प्रापर्टी और आपसी वर्चस्व के बिन्दुओं पर भी जांच की जा रही है।

अयोध्या जन्मभूमि परिसर में सामूहिक सुंदरकांड पाठ 15 अक्टूबर को

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। अयोध्याजी जन्मभूमि परिसर में मातृशक्तियों द्वारा सामूहिक मासिक सुंदरकाण्ड पाठ का सिलसिला 11 सितम्बर से शुरू हो गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से लखनऊ की ईश्वरीय स्वप्नाशी सेवा समिति की सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल को इसका दायित्व सौंपा गया है। इस प्रथम सोपान में सैकड़ों की संख्या में समिति की विशेष रूप से डिजाइन की गई पीले रंग की साड़ी पहनकर महिलाओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। अयोध्याजी की स्थानीय मातृशक्तियों ने ही नहीं बल्कि लखनऊ और नैमिषारण्य तीर्थ क्षेत्र की उत्साहित महिलाओं ने भी सक्रिय सहभागिता की। सपना गोयल ने गुरुवार को अयोध्याजी से लखनऊ लौट कर संवाददाताओं को बताया कि इस क्रम में दूसरा सामूहिक सुंदरकांड का पाठ 15 अक्टूबर को अयोध्या में जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा।

गोमतीनगर व इन्दिरा नगर में हुई उत्तम सत्य धर्म की पूजा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

दशलक्षण पर्व के पाँचवें दिन गोमतीनगर और इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे उत्तम सत्य धर्म की पूजा की गई। भारी संख्या में जैन धर्मावलम्बियों ने भगवान के समक्ष हाथ उठा कर झूठ न बोलने का संकल्प लिया। गोमतीनगर जैन मन्दिर मे दशलक्षण महापर्व मे आज उत्तम सत्य धर्म की पूजा की गयी। इस मौके पर गोमती नगर जैन समाज के अध्यक्ष पीके जैन मंत्री आलोक जैन, सुकांत ,निकांत, संदीप, पीयूष, राकेश, अशोक, पीसी जैन आदि उपस्थित रहे। शाम को जैन महिला मंडल की अनीता, दीपाली, वैशाली, अर्चना, दीपिका आदि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इन्दिरा नगर जैन मन्दिर मे जैन नव युवक मंडल द्वारा महाआरती एवं डांडिया का आयोजन किया गया। सभी भक्तों ने भगवान की भक्ति में झूम झूम कर नृत्य किया। पंखड़ा तू उड़ के जाना एवं केसरिया केसरिया पर नृत्य देखते ही बनता था। आज प्रातः विश्व शांति की कामना से शांतिधारा करने का सौभाग्य ऋषभ जैन भरत जैन एवं प्रदीप जैन अमित जैन परिवार को प्राप्त हुआ। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि शुक्रवार को सुबह 8 बजे सुगंध दशमी पर्व मनाया जायेगा एवं उत्तम संयम धर्म की पूजन के साथ जैन धाम के 10 वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ का विशेष पूजन किया जाएगा। बाल ब्रह्मचारिणी शुभि दीदी द्वारा सुगंध दशमी व्रत कथा का वाचन किया जाएगा।

नक्शे को दरकिनार कर बनाई जा रही हैं बहुमंजिला इमारतें

जेई व अमीन के जानकारी में चल रहा अवैध निर्माण

इन क्षेत्रों में है अवैध निर्माण की भरमार

शहरी निकाय विभाग की ओर से शहर में बड़गांव पुलिस चौकी के पास मधुरिमा स्वीट्स के बगल,उसी सड़क पर थोड़ा सा आगे,मालवीय नगर,आवास विकास,स्टेशन रोड, सर्कुलर रोड,इमामबाड़ा,आदि नगर पालिका क्षेत्र शामिल है यहां भी प्रशासनिक नियमों का जमकर मजाक बनाया जा रहा है। भवन मालिक अपनी इच्छा से बिना नक्शे व नियमों को ताक पर रखकर निर्माण में जुटे हैं। यहाँ शहर में अधिकतर जो कंपलेक्स बने भी हैं वह मानचित्र के विपरीत बने हुए हैं। बेसमेंट में दुकान ही चल रही हैं। गोंडा नगर पालिका परिषद में रिहायशी भवनों को व्यावसायिक में बदलाव की नीति मंजूर होने के बावजूद ज्यादातर बिना कामर्शियल नक्शा पास करवाए उसे ही दुकान से लेकर अन्य व्यवसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे हैं और जिम्मेदार खामोश बने बैठे हुए हैं।

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

शहर में इन दिनों धड़ल्ले से अवैध निर्माण चल रहा है। अवैध तरीके से बड़गांव पुलिस चौकी के पास मधुरिमा स्वीट के बगल में रातों-रात बहुमंजिला इमारत खड़ी हो रही हैं। कहीं बिना नक्शे तो कहीं नक्शे को दरकिनार कर बहुमंजिला इमारतें बनाई जा रही हैं। अधिकारी आंखें मूंदकर बैठे हैं। नियम के मुताबिक शहरी स्थानीय नगर पालिका विभाग से नक्शा पास करवा कर ही तीन मंजिला इमारत बनाई जा सकती हैं। यदि ग्राउंड पर पार्किंग बनी है तो चार मंजिल इमारत बनाई जा सकती है। लेकिन नगर पालिका परिषद शहर में इन दोनों धड़ल्ले से अवैध तरीके से निर्माण जारी है।

नहीं रुक रहा भेड़ियों का हमला एक और बुजुर्ग महिला को बनाया निशाना

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के ग्राम पंचायत भवानीपुर निवासी महिला पर देर रात को भेड़िया ने हमला कर दिया। महिला को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सहमी महिला की आवाज भी गायब हो गई है। जिले में भेड़िया का हमला रुक नहीं रहा है। प्रतिदिन किसी न किसी पर भेड़िया हमला कर रहा है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवानीपुर के मजरा कोरियनपुरवा पुष्पा देवी (50) पत्नी प्रताप बुधवार रात में अपने घर के बरामदे में सो रही थी। रात 10:30 बजे के करीब आदमखोर भेडिया ने गला पकड़ कर अपना निवाला बनाना चाहा, लेकिन बुजुर्ग महिला के शोर मचाने से पास पड़ोस के लोगों ने दौड़कर महिला की जान बचाई और भेड़िया भाग गया।

प्रतिबंधित कांटे से तौल कर दिया जा रहा अनाज

गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उचित दर विक्रेताओं द्वारा किया जा रहा है खेल

सार्वजनिक वितरण प्रणाली में ना कभी सुधार हुआ था ना ही आगे कोई सुधार होने की संभावना है कारण साफ है जहां 7 सितंबर से राशन वितरण का कार्यक्रम चल रहा है।

वही आज 12 सितंबर को हकीकत जानने के लिए पत्रकारों की एक टीम चिलबिला खत्तीपुर संजू देवी के यहां जब पूछा गया राशन वितरण का काम बंद क्यों है तो उन्होंने बताया की मशीन नहीं चल रही है इसलिए काम बंद है मशीन चलेगी तो वितरण किया जाएगा यह बातें संजू देवी के पति नारायण शुक्ला से हुई उतनी ही देर में किसी उपभोक्ता का फोन आया तो उन्होने कहा कि गल्ला लेने आना है उन्होंने कहा मशीन नहीं चल रही है जब चलेगी तब आना अब यहां कहना यह भी है कि 12 सितंबर को ही उचित दर विक्रेता लक्ष्मी देवी के यहां मशीन चल रही थी जो चिलबिला खत्तीपुर में ही है तथा रमेश यादव मुंडेरवा कला की भी मशीन चल रही थी। वहीं जब मुंडेरवा माफी के उचित दर विक्रेता लाल सिंह के यहां जाकर देखा गया और उनसे पूछा गया कि राशन वितरण का काम आपके यहां बंद है यही जवाब उन्होंने दिया की मशीन नहीं चल रही है एक बगल मुंडेरवा कला जहां रमेश यादव की मशीन चल रही है वहीं मुंडेरवा माफी के उचित दर विक्रेता की मशीन नहीं

चल रही है चिलबिला खत्तीपुर में उचित दर विक्रेता लक्ष्मी देवी की मशीन चल रही है चिलबिला खत्तीपुर में ही संजू देवी के पति का कहना है की मशीन नहीं चल रही है यह तो होगी मशीन चलने और न चलने की बात अब जो हम बात करने जा रहे हैं वह यह है कि रमेश यादव उचित दर विक्रेता मुंडेरवा कला के यहां जिस कांटे पर तौल कर राशन दिया जा रहा है वह कांता नॉर्मल कांटा है जो सरकार द्वारा अब प्रतिबंधित है जिसकी फोटो भी हम समाचार में लगा रहे हैं अब यदि ऐसे ही वितरण होगा तो शासन की मंशा पर बट्टा ही लगेगा।

सीडीओ अंकिता जैन ने मैजापुर चीनी मिल परिसर में किया पौधरोपण

कटरा बाजार/गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़

एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई मैजापुर चीनी मिल के परिसर में सीडीओ गोंडा ने पौधारोपण किया।

चीनी मिल के महाप्रबंधक संदीप अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के पावन प्रेरणा से गुरुवार को एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत बलरामपुर फाउंडेशन की इकाई मैजापुर चीनी मिल परिसर में सीडीओ गोण्डा अंकिता जैन द्वारा आम, सागौन,पाकड़,जामुन व अमरूद आदि के पेड़ लगाए गए। मैजापुर चीनी मिल द्वारा 60,000 पौधरोपण का संकल्प लिया गया है। सीडीओ ने इस मौके पर कहा कि हर व्यक्ति को एक पेड़ जरूर लगाना चाहिए तथा उसकी देख-रेख भी करनी चाहिए। इस अवसर पर मुकेश झुनझुनवाला, पवन कुमार चतुर्वेदी (महाप्रबंधक,गन्ना), जिला गन्ना अधिकारी सुनील कुमार सिंह,नरेंद्र उपाध्याय,सौरभ गुप्ता,भानु प्रताप सिंह,नित्या गोस्वामी (डीएसपी), उपजिलाधिकारी कर्नलगंज भारत भार्गव, तहसीलदार कर्नलगंज मनीष कुमार,प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा बाजार संजय कुमार गुप्ता एवं चीनी मिल की ओर से समस्त अधिकारी व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी घायल

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

परिजनों में कोहराम, विधिक कार्रवाई में जुटी पुलिस

जिले के इटियाथोक थाना क्षेत्र में गुरूवार को गोंडा-बलरामपुर हाइवे पर सिसई बहलोलपुर के थोड़ा आगे शिवम गैस एजेंसी के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई और उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल है। युवक की मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है।

मिली जानकारी के मुताबिक इटियाथोक थाना क्षेत्र के जगन्नाथीपुर गांव निवासी अमित उपाध्याय (35) पुत्र विजय उपाध्याय गुरुवार सुबह गोंडा शहर गए थे। उनके साथ में पत्नी प्रिया (32)भी बाइक पर सवार थीं। शाम करीब चार बजे के आस-पास वह दोनों इटियाथोक वापस आ रहे थे। इस दौरान सिसई बहलोलपुर से थोड़ा पहले शिवम गैस एजेंसी के सामने तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में गंभीर रूप से घायल अमित व पत्नी प्रिया को मेडिकल कॉलेज गोंडा ले जाया गया। जहां अमित की मौत हो गई। मौत की सूचना से परिजनों में कोहराम मचा है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय ने बताया कि पिकअप को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है।

जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने ली जेल में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का संयुक्त निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने वहां पर कैदियों से वार्ता की तथा उन्हें जेल में दी जा रही सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कारागार अस्पताल में जाकर वहां पर भर्ती कैदियों से मुलाकात किया, साथ ही सभी भर्ती कैदियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। जनपद न्यायाधीश, जिलाधिकारी तथा एसपी ने स्वयं विभिन्न बैरकों, अस्पताल, भोजनालय, भंडार कक्ष, पुस्तकालय आदि का निरीक्षण किया तथा संबंधित को निर्देश दिए कि जेल में जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। इसके साथ ही ऐसे कैदी जिनके पास वकील नहीं है उनके लिए सरकारी वकील का भी प्रबंध कराया जाय। जेल में निरुद्ध कैदियों का बराबर मेडिकल चेकअप कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीजेएम, जेल अधीक्षक, डिप्टी जेलर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

फूड पॉइजनिंग से आठ लोग हुए बीमार

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जनपद के ग्राम पंचायत तपेसिपाह निवासी एक ग्रामीण के यहां गाय ने बच्चे का जन्म दिया। जिस पर दूध का अरुणि बनाया गया। उसका सेवन करने से सगे भाई और बहन समेत आठ फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जरवल रोड थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तपेसिपाह के मजरा गुलाम पुरवा निवासी ननकऊ पुत्र राम आसरे के यहां गाय ने बुधवार सुबह बछड़े को जन्म दिया। जिस पर पहले दूध का लोगों ने अरुणी (फेंउसा) बना कर रख दिया। इसके बाइ रात 12 से सभी को उल्टी और दस्त शुरू हो गई। इस पर एंबुलेंस को सूचना दी गई मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्तफाबाद में पहुंचाया। फूड पॉइजनिंग के चलते गांव निवासी ननकऊ (50) पुत्र राम आसरे, पोता रंजीत (12) पुत्र राजू, सुहानी (12) पुत्री राकेश कुमार, सत्यम (9) पुत्र राकेश, शुभि (9) पुत्री राजू, संजीत कुमार (7) राजू और संजू देवी (35) पत्नी राजू समेत आठ लोग बीमार हुए हैं। सभी का इलाज चल रहा है।

अटल आवासीय विद्यालय के नये शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

विद्यालय के प्राचार्य ने अवलोकन करते हुए बच्चों की सराहना की

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।

बृहस्पतिवार को सीएम योगी ने प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों के नए शैक्षिक सत्र 2024-2025 के कक्षा 6 एवं 9 के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम अटल आवासीय विद्यालय सिसवा मनकापुर में आयोजित सजीव प्रसारण के माध्यम से देखा गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के लगाए गए स्टालों का आयुक्त, देवीपाटन मंडल गोंडा एवं जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा तथा विद्यालय के प्राचार्य द्वारा अवलोकन करते हुए बच्चों की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि अटल आवासीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किए जा रहे सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यों की गुणवत्ता एवं जानकारी की पहचान जनपद तथा प्रदेश एवं देश तक की जाएगी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक मनकापुर रमापति शास्त्री, आयुक्त, देवीपाटन मंडल शशि भूषण लाल सुशील, जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा तथा सांसद गोंडा / केंद्रीय राज्य मंत्री प्रतिनिधि यूपी सिंह, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा बीना राय एवं विधायक मनकापुर प्रतिनिधि वेद प्रकाश दुबे तथा उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा, सहायक श्रमायुक्त मोहम्मद अब्बास एवं विद्यालय के प्राचार्य व समस्त स्टाफ व छात्र- छात्राओं के अभिभावकगण उपस्थित रहे।

भव्य शोभा यात्रा के साथ गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

कर्नलगंज/ गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़।



गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों से पूरा नगर व ग्रामीण क्षेत्र गुंजायमान हो गया। भव्य विशाल शोभा यात्रा के साथ गणपति की प्रतिमा का विसर्जन कर्नलगंज के सरयू घाट पर किया गया। गुरुवार को दोपहर बाद नगर कर्नलगंज व ग्राम पंचायत पहाड़ापुर में हो रहे गणेश महोत्सव में स्थापित मूर्ति के विसर्जन के लिए बड़े ही धूमधाम से मनौतियों के राजा श्री गणेश जी की भव्य शोभा यात्रा डीजे गाजे बाजे के साथ निकाली गई। श्री गणेश महोत्सव समिति पहाड़ापुर, श्री गणेश महोत्सव समिति गुड़ाही बाजार व श्री गणेश पूजा समिति गांधी नगर ,गणेश पूजा ठठराही बाजार,श्री गणेश पूजा समिति रिशाला सहित सभी जगहों की मूर्तियां दोपहर बाद बड़े ही धूमधाम से निकाली गई। इस अवसर पर गणेश महोत्सव समिति पहाड़ापुर के अध्यक्ष मुकेश कुमार रस्तोगी, ग्राम प्रधान अनिल श्रीवास्तव, गुलजारी बाबा, तीरथराम, राजू तिवारी, पप्पन सोनी, राजू मौर्य, सूरज मौर्य, दद्दन मौर्य, शिवम मौर्य, प्रदीप मौर्य सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

युवक पर धारदार हथियार से हमला, जिला अस्पताल रेफर

बहराइच समृद्धि न्यूज़। जनपद के सरैया गांव निवासी एक युवक पर दबंगों नित्य क्रिया को जाते समय फरसा और लाठी से हमला कर दिया। जिससे युवक का सिर फट गया। युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।मटेरा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरैया निवासी मदन लाल यादव (35) बृहस्पतिवार सुबह नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे। तभी लालपुर निवासी दबंग शमीम अहमद और वसीम अहमद ने युवक पर लाठी डंडे से हमला किया। इसके बाद जान लेने की नियत से फरसा से वार कर दिया। युवक की चीख सुनने पर आसपास के लोग दौड़े तो हमलावर दबंग फरार हो गए। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मिट्टी की क्लाकृति मे पूजा रही अव्वल, हुईं पुरस्कृत

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

विकास क्षेत्र पयागपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय कुशभौना मे बच्चो के द्वारा मिट्टी तथा चार्ट पर क्लाकृति बनाकर क्लाकृति प्रतियोगिता मे प्रदर्शित किया। जिसमे मुख्य अतिथि एआरपी राजेश कुमार मिश्र रहे। मुख्य अतिथि राजेश कुमार मिश्र ने अपने सम्बोधन मे कहा कि बच्चो का मनोबल बढ़ाना चाहिए, जिससे वे हर क्षेत्र मे आगे बढ़कर देश का नाम रोशन करते रहें। बच्चो के द्वारा बनाए गए मिट्टी के घर, विद्यालय, खिलौने, देवी देवताओं की मूर्ति कों देखकर सराहा। तथा गणेश जी की मूर्ति उपस्थित लोगों ने देखकर छात्रा पूजा देवी कों पुरस्कृत किया। साथ ही महेन्द्र कुमार व अन्य छात्रों कों भी पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन व आयोजन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुशीला देवी पाण्डेय तथा अभिकेश त्रिपाठी ने किया।

क्लाकृति प्रतियोगिता कार्यक्रम मे शिक्षक अंबरीश पाण्डेय, मधुलिका श्रीवास्तव, गिरिजेश शुक्ल खण्ड पुरवा,विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष, सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

अरुणिमा,तेजस्वनी की जोड़ी ने बैडमिंटन ट्राफी पर जमाया कब्जा

प्रयागराज में आयोजित प्रदेशीय अंडर 14 बालिका बैटमिंटन प्रतियोगिता में देवीपाटन मण्डल बना विजेता

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

68 वीं प्रदेशीय विद्यालय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन प्रयागराज स्थित अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सम्पन्न हुआ। जिसमे देवीपाटन मण्डल ने शानदार प्रदर्शन करते हुये प्रथम राउंड में कानपुर, क्वार्टर फाइनल में मेरठ और सेमीफाइनल में अयोध्या तथा फाइनल राउंड में सहारनपुर मण्डल को पराजित कर प्रतियोगिता में परचम लहराया। देवीपाटन मण्डल की तरफ से छात्रा अरुणिमा ,तेजस्विनी सिंह,निहारिका चौबे तथा प्राची ने अंडर 14 राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अपने हुनर का लोहा मनवाते हुये विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के सिंगल्स मुकाबले में उच्च प्राथमिक विद्यालय गिंधारिया की छात्रा अरुणिमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुये कानपुर मण्डल को 21-4, डबल्स में अरुणिमा व तेजस्वनी की जोड़ी ने कानपुर की संगीत व नेहा को 21-11 के अंकों से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह बनाई। मंगलवार को आयोजित हुये फाइनल मुकाबले में देवीपाटन की अरुणिमा, तेजस्वनी की जोड़ी ने सहारनपुर मण्डल की टीम को बेस्ट आफ थ्री के मुकाबले में 21-7 व 21-3 के भारी अंतर से पराजित कर लोगों का मन मोह लिया वहीं डबल्स मुकाबले में भी एकतरफा प्रदर्शन का नजारा पेश करते हुये 21-6 व 21-2 के अंकों से परास्त कर विजेता ट्राफी पर कब्जा जमाते हुये राष्ट्रीय स्तर पर केरल में होने वाले प्रतियोगिता में जगह बनाई। बच्चों के उम्दा प्रदर्शन और प्रदेशीय ट्राफी जीतने पर जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहीरवाल, खण्ड शिक्षाधिकारी कमलेश मिश्र,जिला व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पाल सिंह, जिला खेल सचिव अजय सिंह ने टीम कोच कुसुमेन्द्र कुमार सिंह राणा, सब जूनियर टीम मैनेजर वंदना रंजन खेल शिक्षिका तारा महिला , जनरल मैनेजर संजय सिंह, आदि ने बधाई व शुभकामनाएं ज्ञापित किया। इस दौरान क्रीड़ाधिकारी श्रावस्ती शिव कुमार यादव , उपक्रीड़ाधिकारी अशोक सोनकर, अभिषेक धानुक,अनुपमा धानुक ने बच्चों को सम्मानितकरतर हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बदलते मौसम में बढ़े मरीज बुर्जुगो संग बच्चे भी बीमार

ओपीडी में 2400 से ज्यादा पहुंच रहे मरीज

बहराइच ,समृद्धि न्यूज़।

जिले में मौसम में बदलाव के साथ अचानक बुखार और सर्दी के मरीजों की संख्या में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। दिन के समय की उमस और सुबह की नमी ने बड़ों के साथ-साथ बच्चों को भी मौसमी बीमारियों का शिकार बना दिया है। इस स्थिति के चलते मेडिकल कॉलेज में मरीजों की भारी भीड़ देखी जा रही है और वार्डों में भी स्थान की कमी हो गई है। मेडिकल कॉलेज में बहराइच के अलावा पड़ोसी जिला श्रावस्ती, बलरामपुर और नेपाल राष्ट्र से भी मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण रोजाना 2400 से अधिक मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। जिनमें सबसे ज्यादा मामले उल्टी दस्त और बुखार के हैं।

ठंडी चीजों के सेवन से बचें

मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मेडिकल प्रशासन ने अतिरिक्त बेड की व्यवस्था की है ताकि मरीजों को किसी पर प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि बदलते मौसम में लोगों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है उन्होंने सलाह दी की रात में मच्छरदानी का उपयोग करें।

जिले में बदला मौसम का मिजाज, उमस-गर्मी से मिली राहत

फसलों को फायदा होने से किसान दिखे खुश

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

जिले में गुरुवार की दोपहर अचानक मौसम ने करवट बदली तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश से गर्मी के साथ हो रही उमस से परेशान लोगों को राहत मिली है। लोग सड़कों पर बारिश में भीगते नजर आए। शहर के साथ ग्रामीण इलाकों में हुई बारिश से आम लोगों के साथ किसान भी काफी कुछ नजर आ रहे हैं। जिले में बीते कई दिनों से हो रही भीषण गर्मी व उमस से परेशान लोगों को आज राहत मिली। दोपहर 12 बजे अचानक जिले में मौसम ने करवट बदली तेज हवाओं के साथ शहर और जिले के ग्रामीण इलाकों में हो रही बारिश से लोगों को राहत मिली है। वहीं खेतों में लगी फसलों को भी फायदा पहुंचने से किसान भी खुश हैं।

जल निकासी की नहीं है व्यवस्था

वहीं दूसरी तरफ बारिश से नगर पंचायत रिसिया के इलाकों में रहने वाले लोगों को कीचड़ और जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। आपको बता दें कि नगर पंचायत रिसिया में जल निकासी की व्यवस्था न होने से थोड़ी सी बरसात में भी पानी का जल भराव हो जाता है।

वार्डों के पानी निकासी की नहीं है व्यवस्था

नगर पंचायत रिसिया में गायत्री नगर, सरस्वती नगर, मोहम्मद नगर जैसे वार्डों में जल भराव की समस्या बनी रहती है। जिसका मुख्य कारण है जल निकासी की समस्या को बरसात से पहले ना खत्म करना। छोटे-छोटे तालाबों में वार्डों का पानी गिराया जा रहा है। जिसके चलते जल भराव की समस्या पैदा हो रही है।

चार दिवसीय चल रहे प्रशिक्षण का बीएसए ने लिया जायजा

बहराइच,समृद्धि न्यूज़।

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र हुजूरपुर में चल रहे बुनियादी भाषा एवं गणित विषय आधारित चार दिवसीय प्रशिक्षण का जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने निरीक्षण किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे सभी शिक्षको को प्रशिक्षण प्राप्त करके उसे विद्यालय स्तर पर लागू करने, संदर्शिका, कार्यपुस्तिका का प्रयोग, निपुण लक्ष्य ऐप का प्रयोग एवं बच्चों को निपुण बनाने के लिए दक्षताओं को पहचान कर उन पर कार्य करने तथा माह अक्टूबर, दिसंबर और फरवरी तक सभी बच्चों एवं सभी विद्यालय को निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय स्तर पर आ रही समस्याओं के बारे में बात किया और यह विश्वास दिलाया कि हम सभी एक टीम के रूप में निपुण लक्ष्य को प्राप्त करेंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने प्रशिक्षण की गुणवत्ता से संतुष्ट हुए और उन्होंने प्रशंसा की। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर चौरसिया, अध्यक्ष शिक्षक संघ संतोष कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, लिपिक आकाश अवस्थी, एआरपी विजय सरोज, बृजेंद्र सिंह, लक्ष्मीकांत दुबे, अनिल उपाध्याय, भूपेंद्र सिंह सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

भाजपा ही कर सकती है देश का विकासः नीरज सिंह

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

भाजपा का सदस्य बनकर हर किसी को देश व प्रधानमंत्री को मजबूत करना चाहिए

हरचंदपुर विधानसभा के पश्चिम गांव में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान जिला सहकारी बैंक के डायरेक्टर जिला पंचायत सदस्य राघवेंद्र प्रताप सिंह के द्वारा आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में अवध क्षेत्र के सदस्यता प्रमुख मुख्य अतिथि नीरज सिंह ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने से देश में विकास होता है उन्होंने कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने का मंत्र दिया भारतीय जनता पार्टी की ही सरकार देश व प्रदेश को विकास की मुख्य धारा से जोड़ रही है आम आदमी विकास से वंचित नहीं है।

आज देश की जनता भारतीय जनता पार्टी के ऊपर विश्वास कर रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश नीत नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा का सदस्य बनकर हर किसी को देश व प्रधानमंत्री को मजबूत करना चाहिए भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है संगठन के लिए सदस्यता अभियान एक पर्व होता है इस अभियान की सफलता कार्यकर्ताओं के सहयोग और सहभागिता पर निर्भर है उन्होंने कहा जिन लोगों के घर चूल्हा नहीं था उन्हें भाजपा सरकार ने गैस सिलेंडर दिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मॉडल को विदेशों में भी सराहा जाता है भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष सुशील कुमार शर्मा पूर्व विधायक गजाधर सिंह धीरेंद्र सिंह पूर्व एमएलसी राकेश प्रताप सिंह भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी किरण सिंह सरकारी बैंक के अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थित जन समूह से भाजपा का सदस्य अभियान नंबर 8800002024 डायल कर सदस्य बनाया युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कार्यक्रम आयोजक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने युवाओं से ज्यादा से ज्यादा सदस्य भारतीय जनता पार्टी के अभियान में बनाने का मंत्र दिया।

डलमऊ पुलिस की दिखी मानवता

डलमऊ, रायबरेली। पुलिस कर्मियों पर वैसे तो आरोप-प्रत्यारोप हमेशा लगते रहते हैं।पुलिस की छवि को लेकर अक्सर सवाल जवाब होते रहते हैं। अधिकांश लोगों की नजर में पुलिस की छवि नकारात्मक दिखाई पड़ती है।लेकिन वर्दी के पीछे एक अच्छा इंसान भी होता है जो उसकी सोच एवं मानवता को दर्शाता है। खाकी के रूप में इंसानियत व मानवता को दर्शाने वाला एक मामला सामने आया है।गुरुवार को डलमऊ क्षेत्र के मलियापुर गांव के पास मानसिक रूप से विक्षिप्त एक लड़की नग्न अवस्था में घूम रही थी जिस पर वहां पर रहने वाले कई लोगों की नजर पड़ी लेकिन किसी की मानवता व इंसानियत नहीं दिखाई पड़ी। स्थानीय लोग मूकदर्शक बने रहे किसी ने उसके तन को ढकने के लिए कपड़ों की व्यवस्था करने की सहमत नहीं उठाई।

मरम्मत के लिए बंद की गई 210 मेगावाट की यूनिट

35 दिनों तक होगा मरम्मत का काम

ऊंचाहार-रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए गुरुवार को एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की एक यूनिट को बंद कर दिया गया है। इसमें 35 दिनों तक मरम्मत का काम होगा।

गुरुवार की प्रातः एनटीपीसी में 210 मेगावाट क्षमता वाली यूनिट संख्या पांच के बंद कर दिया गया है इसे वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए बंद किया गया है। इस दौरान यूनिट के ब्वायलर और टरबाइन समेत विभिन्न भागों में मरम्मत का काम होगा। ब्वायलर की मरम्मत के लिए बीएचईएल के दक्ष तकनीकी जानकारों को टीम ऊंचाहार परियोजना आ गई है। इसी दौरान ब्वायलर के लाइसेंस का नवीनीकरण भी कराया जायेगा। ज्ञात हो कि ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट प्रत्येक यूनिट क्षमता की कुल पांच इकाइयां स्थापित है। इसके अलावा पांच सौ मेगावाट की यूनिट संख्या छः है। परियोजना की कुल उत्पादन क्षमता 1550 मेगावाट है। यहां पर यह भी उल्लेखनीय है कि 210 मेगावाट क्षमता वाली पांच यूनिटों में पांचवी यूनिट सबसे नई है । इसे देश की यूपीए सरकार के दौरान स्थापित किया गया था। इसी यूनिट को मरम्मत के लिए बंद किया गया है।

नाम है युवा कल्याण लेकिन नहीं हो रहा कल्याण

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

वर्षों पहले क्षेत्र के युवाओं का खेलों के प्रति रुझान बढे और खेलों में रुचि ले इसके लिए शासन द्वारा लाखों की लागत सूरदास कूटी सलेथू महराजगंज बछरावां रोड पर एक मिनी स्टेडियम का निर्माण कार्य बसपा शासनकाल में खेल मंत्री आर के चौधरी द्वारा किया गया था। वही आज या स्टेडियम बदहाली की कगार पर है बड़ी-बड़ी घास यहां तक की पानी पीने के लिएभी कोई व्यवस्था नहीं और जो पंखे लगे हुए हैं वह भी खराब पड़े हुए हैं। ग्रामीणों से जब इसके बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि इस स्टेडियम पर कोई खेल कार्यक्रम कभी नहीं होता कभी-कभी पुलिस के जवान आकर यहां पर परेड करते हैं।

बाकी युवा कल्याण विभाग की उदासीनता के कारण या स्टेडियम बदहाल होता चला जा रहा है ।और केवल सफेद हाथी ही साबित हो रहा है खेलों के प्रति रुचि लेने वाले युवाओं के लिए स्टेडियम में कुछ भी नहीं है क्योंकि देखरेख के अभाव में स्टेडियम की हालत बत से बत्तर होती चली जा रही है ।अब सोचने वाली बात है कि सरकार लाखों रुपए खर्च कर देती है लेकिन विभागों के उदासीनता के कारण यह लाखों रुपए पानी की तरह बह जाते हैं और किसी को कुछ नहीं मिलता। एक तरफ जहां जर्मनी ऑस्ट्रेलिया अमेरिका पदकों का शतक लगते है तो वहां हमारे देश हिंदुस्तान में दहाई का आंकड़ा भी हमारे खिलाड़ी नहीं पार कर पाते इसका मुख्य कारण होता है कि एक तरफ गांव में युवा कल्याण विभाग की तरफ से खेलों को बढ़ावा देने के लिए पैसा भी खर्च किया जाता है लेकिन शायद कोई गांव हो जहां पर कभी युवा ने कोई खेल खेल हो या फिर खेल की कोई सामग्री किसी युवा को मिली हो।

चोरों से निपटने को ग्रामीणों ने खुद संभाली कमान

गुरुबख्शगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में पिछले दो महीने से लगातार हो रही चोरियों से परेशान ग्रामीणों ने अपनी सुरक्षा खुद ही अपने हाथ में ले ली है। बताया जा रहा है कि पुलिस द्वारा रात में निगरानी न रखने के कारण चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे जब चाहें किसी के भी घर में चोरी कर रहे हैं। लगातार चोरियां से परेशान लोगों ने हाथ में डंडा लेकर रात में चौकीदारी करने का जिम्मा खुद उठा लिया है। दो माह में तीन दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं मामला गुरबक्श गंज थाना क्षेत्र के कस्बे और गांव का है। यहां पिछले दो महीने में तीन दर्जन से अधिक चोरी की वारदात हो चुकी हैं। जिसके कारण स्थानीय लोग चिंतित और परेशान हैं। चोरी की घटनाओं के बढ़ते क्रम ने नागरिकों को अपनी जान और माल की सुरक्षा का जुम्मा खुद उठाने पर मजबूर कर दिया है। दो महीने में करोड़ों के नकदी और जेवरात चोरी आपको बता दें कि गुरबख्श गंज थाना क्षेत्र में चोरों ने पिछले दो महीने में 36 घरों में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने पहले गांवों और कस्बों में घरों को निशाना बनाया और रातभर यहां चोरी की वारदात को अंजाम दिया। घरों में सेंध लगाकर और छत के रास्ते चोरी करके चोर अब तक करोड़ों रुपये की नकदी और जेवरात चोरी कर चुके हैं। टोलियां बनाकर कर रहे पहरेदारी इन घटनाओं को लेकर गुरबख्शगंज थाने में मामले भी दर्ज किए गए हैं। लेकिन चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। जिसके चलते स्थानीय लोगों ने अपनी सुरक्षा के लिए खुद ही पहरा देना शुरू कर दिया है। वे 5 से 6 टोलियों में बंटकर रातभर गांव की चारों तरफ की सीमाओं पर पहरा दे रहे हैं और मोबाइल के जरिए एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। साथ ही आने-जाने वाले लोगों की चेकिंग भी की जा रही है।

चोरी की घटनाओं में कोई सुधार नहीं हुआ स्थानीय लोगों की मानें तो थाने की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। उनका कहना है कि दरोगा के पद पर तैनात थाना प्रभारी प्रवीण गौतम का भी दूसरे जिले में तबादला हो चुका है। इसके बावजूद उन्हें गुरबख्शगंज थाने का प्रभारी बनाया गया है। उनकी कार्यशैली और पुलिस की निष्क्रियता के कारण चोरी की घटनाओं में कोई सुधार नहीं हुआ है। ऐसे में स्थानीय लोगों ने रात भर पहरा देकर खुद की सुरक्षा का जिम्मा उठाया है।

चोरों ने दो घरों से बीस लाख के जेवर व नगदी किया पार

ऊंचाहार रायबरेली, समृद्धि न्यूज।



कोतवाली क्षेत्र के भागीपुर गांव में चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। दो घरों में घुसे चोरों ने करीब बीस लाख रुपये के आभूषण और नगदी उठा ले गए है। घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। यह वारदात बुधवार की रात हुई है।

गांव के शिव शरण सिंह के यहां रात में चोर खिड़की की ग्रिल तोड़कर घर के अंदर घुसे और अलमारी को तोड़कर उसमें रखे गहने और नगदी उठा ले गए।चोरों ने पड़ोस के विनोद सिंह के घर को भी निशाना बनाया। उनके घर में दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और नगदी व जेवरात उठा ले गए। घटना की जानकारी गुरुवार की प्रातः तब हुई जब परिजन सोकर उठे। उसके बाद घर का सारा सामान बिखरा हुआ देखकर परिजन दंग रह गए । वारदात से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। बताया जाता है कि दोनो घरों से चोरों ने करीब बीस लाख रुपए से अधिक का माल पार किया है। प्रभारी निरिक्षक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है । मामले की छानबीन की जा रही है। चोरों का पता लगाया जा रहा है। पीड़ित परिवारों से चोरी गए सामान की लिस्ट मांगी गई है।

खबरें एक नजर में

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की फांसी, मौत

ऊंचाहार,रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की फांसी लगने से मौत हो गई, जिसका शव घर से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ से लटकता हुआ पाया गया, सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है और मामले की छानबीन शुरू कर दी है। सरायंभान गाँव निवासी अमरनाथ का बेटा अमर 18 वर्ष माता व पिता के साथ फरीदाबाद में रहता था ।जो परिवार के साथ बुधवार को गाँव आया था ।बताते हैं कि गुरुवार की सुबह वो मां व पिता के साथ कोटे की दुकान में राशन लेने गया था और लौटकर घर वापस आया ।कुछ समय बाद उसका शव घर से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ से लटकते हुए पाया गया, ग्रामीणों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया,और सूचना पुलिस को दी गई,मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद असली कारणों का पता चल पायेगा।

आरेखण प्रतियोगिता मे छात्रा ने लहराया परचम

महराजगंज, रायबरेली। आरेखण प्रतियोगिता मे एसजेएस महराजगंज ने लहराया परचम। मुख्यालय रायबरेली में आरेखण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें एसजेएस पब्लिक स्कूल महराजगंज की कक्षा 6 की छात्रा भावना ने उपन्वरिष्ठ समूह की आरेखण प्रतियोगिता में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। छात्रा भावना की उपलब्धि पर जे सी आइ रायबरेली ने प्रमाण पत्र देकर उत्साहित किया। छात्रा भावना ने इस उपलब्धि का श्रेय अपनी कला अध्यापिका कक्षा अध्यापिका एवं विद्यालय प्रधानाचार्य मृदुला श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन को दिया। विद्यालय प्रबंधक अग्रज सिंह प्रबंधिका डॉक्टर अनुश्री ने हौसला-अफजाई करते हुए छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की।

कला प्रतियोगिता में शिक्षकों ने बढ़ाया ब्लॉक का मान

उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कला, क्राफ्ट, और पपेट्री प्रतियोगिता में विकास खंड गैड़ास बुजुर्ग के पांच प्रतिभागी शिक्षकों में से चार ने प्रथम तीन स्थानों में जगह बनाकर ब्लॉक का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता में विभिन्न श्रेणियों में शानदार प्रदर्शन करने वाले शिक्षकों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में कंपोजिट विद्यालय सेखुईया के शिक्षक रमजान अली ने प्राथमिक स्तर (भाषा) में स्थान प्राप्त किया। इसी तरह, प्राथमिक विद्यालय कछला के शिक्षक सुधांशु रस्तोगी ने प्राथमिक स्तर (गणित) में, उच्च प्राथमिक विद्यालय बढ़हरी के शिक्षक विनोद कुमार ने उच्च प्राथमिक स्तर (गणित) में, और कंपोजिट विद्यालय नारायणपुर के शिक्षक दिनेश प्रताप मिश्र ने उच्च प्राथमिक स्तर (सामाजिक विज्ञान) में प्रथम तीन स्थानों में जगह बनाकर अपने-अपने ब्लॉक का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता के दौरान जिला स्तरीय निर्णायक मंडल ने लार्निंग आउटकम संबद्धता, कक्षा में सामग्री की उपयोगिता, स्वरूप, व्यवहारिकता, न्यूनतम लागत और समयबद्ध निर्माण के आधार पर शिक्षकों को अंक प्रदान किए।

समाजवादी लोहिया वाहिनी की हुई मासिक बैठक

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी लोहियावाहिनी की मासिक बैठक पार्टी के कार्यालय सुपर मार्केट में जिलाध्यक्ष फहीम अहमद के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। बैठक में पीडीए छात्र जागरूकता अभियान के तहत किये जा रहे कार्यो में चर्चा हुई। संगठन की मजबूती पर भी बल दिया गया। बैठक में सदर विधान सभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र देते हुए जिलाध्यक्ष मो. फहीम ने कहा कि आगामी-2027 में होने वाले विधान सभा चुनावों में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए अभी से कमर कस लें। सदर विधान सभा मो. कैफ खान ने नवनियुक्त साथियों को मार्ल्यापण किया एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर कैफ खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार ही प्रदेश में नौजवान, किसानों एवं आमजनमानस के हितों के लिए कार्य करती है और उत्तर प्रदेश का विकास समाजवादी पार्टी की सरकार में ही हो सकता है। नवनियुक्त पदाधिकारियों में मुख्य रूप से शैलेन्द्र यादव महासचिव सदर विधान सभा, अजीत कुमार उपाध्यक्ष, पीयूष यादव, कुलदीप यादव, मनीष कुमार, सत्यम मिश्रा, आकाश कुमार, मयंक सिंह, अतहर खान एवं वसीम को सदर विधान सभा का सचिव मनोनीत किया गया तथा रवि यादव, महेन्द्र प्रताप, अशफाक उल्ला, आर.के. भारती को जिला सचिव एवं मो0 आसिफ, सुनील यादव को जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गयी।

सहकारी बैंक में आयोजित हुआ सदस्यता अभियान

रायबरेली, समृद्धि न्यूज। जिला सहकारी बैंक में जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष विवेक विक्रम सिंह की अध्यक्षता में भाजपा का सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ व उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश कोआपरेटिव बैंक लिमिटेड मनीष सहनीय रहे। मुख्य अतिथि श्री साहनी ने कहा कि सभी लोग पार्टी की सदस्यता लें। जिलाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि जिस तरह बी-पैक्स स्तर पर समितियों की सदस्यता में वृद्धि की गई थी। उसी प्रकार पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाने में वृद्धि की जाएगी। उपाध्यक्ष सुशील शर्मा ने विचार व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष बुद्धीलाल पासी ने भी विचार व्यक्त किए। इस मौके पर अन्य लोग मौजूद रहे।

गरीब व आर्थिक तंगी के चलते युवक ने लगाई फांसी

डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज। गरीबी एवं आर्थिक तंगी से परेशान होकर बीती रात एक युवक ने फांसी लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली घटना से घर वालों एवं पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के पूरे पहाड़ सिंह मजरे कर्कसा के रहने वाले राजबहादुर पुत्र रामदयाल उम्र लगभग 42 वर्ष गरीबी एवं आर्थिक तंगी से परेशान होकर फांसी के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी मृतक के पास कमाई का कोई जरिया न होने के चलते अक्सर परेशान रहता था बेटी व बेटों की शादी एवं बच्चों भविष्य की चिंता उसे सता रही थी परिवार के जीवन यापन की समस्या से परेशान होकर आत्महत्या कर ली मृतक अपने पीछे एक पुत्री और पांच पुत्रों को छोड़ गया घटना से पारिवारिक जनों एवं घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है।

गणेश चतुर्थी के समापन के दिन भंडारे का आयोजन

महुआ बाजार, बलरामपुर समृद्धि न्यूज।

गणेश चतुर्थी से लेकर पंचमी तक ग्राम पंचायत तिलखी बढ़या में पुजन होने के पश्चात पूर्णाहुति हुई और विशाल भंडारे का आयोजन समिति द्वारा किया गया जिनमे पूरे क्षेत्र के लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। सभी लोगो ने गणपति गजानन का चरणोदक लेकर अगले बरस आने का भाव विभोर निवेदन किया। डीजे के धुनों पर श्रद्धालु नाचते गाते हुए रासी नदी पर निकल पड़े। रास्ते में पड़ने वाले हर गांव के भक्त गणों को प्रसाद वितरित करते हुए आगे बढ़ते रहे। महुआ धनी चौराहे तक नाचते गाते हुए पहुंचे, झमाझम बारिश में भीगते भक्तो के उत्साह मे कमी नहीं हुई। राधे श्याम यादव, दुर्गा यादव, शिव सागर यादव, छेदीलाल यादव , दिलीप मिश्रा समेत दर्जनों भक्त उपस्थिति रहे। आरती के पश्चात बाबा गणेश को विसर्जित किया गया।

गणेश उत्सव में भगवान श्री गणेश जी की त्रिनेत्र पट्टी खुलने पर भक्तों में उत्साह

उतरौला,बलरामपुर। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में श्री गणेश उत्सव के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य और आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पांचवें दिन भगवान गणेश की त्रिनेत्र पट्टी खुलने के मौके पर भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। भगवान श्री गणेश जी की त्रिनेत्र पट्टी खुलने से पहले सभी पूजा पंडालों में विधि-विधान से पूजन अर्चन किया गया। जैसे ही त्रिनेत्र पट्टी खोली गई, भक्तों की भारी भीड़ दर्शन के लिए उमड़ पड़ी, और पूजा-अर्चना तथा महाआरती में शामिल हुई। पूरे नगर और आसपास के इलाकों में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों की गूंज सुनाई दी, जिससे उत्साह और भक्ति का माहौल और गहरा हो गया। उतरौला नगर के प्रमुख पूजा स्थलों में मां ज्वाला महारानी मंदिर, बाबा फक्कड़ दास मंदिर और डाक बंगला प्रमुख स्थान रहे।

भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान हर वर्ग को मिल रहा सम्मान

केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचाने की दिशा में पार्टी निरंतर प्रयासरत है

उतरौला बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), जो विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी मानी जाती है, समाज के हर वर्ग को उचित सम्मान और प्रतिनिधित्व देने का दावा करती है। केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचाने की दिशा में पार्टी निरंतर प्रयासरत है।

गुरुवार को भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी राहुल राज रस्तोगी ने उतरौला विधानसभा के बांक भवानीपुर मंडल के महुवा बाजार (टेढ़वा तप्पा बांक) में बूथ संख्या 237 और 238 पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और उन्हें टोल-फ्री नंबर के माध्यम से भाजपा की सदस्यता दिलाई। राहुल राज रस्तोगी ने कहा कि भाजपा की नीतियों और योजनाओं का लाभ समाज के सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित भाव से भाजपा की रीढ़ की हड्डी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उतरौला के विधायक राम प्रताप वर्मा द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार, प्रत्येक बूथ से 200 नए सदस्य बनाए जाने की योजना है। इस अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को भाजपा की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया गया है।

मंडल के सदस्यता प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को अधिक से अधिक लोगों तक पहुँचाने के लिए हर कार्यकर्ता प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी, के के गुप्त, विकास गुप्त, विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, फरीन्द्र गुप्त, रंजीत कुमार, महेश गुप्त, ब्लॉक प्रमुख राकेश तिवारी सहित अन्य प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सदस्यता अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की उपलब्धियों और योजनाओं पर चर्चा की और नए सदस्यों को पार्टी में जोड़ने का कार्य किया।

आंगनबाड़ी केंद्रों में 3-6 वर्ष के बच्चों को दी जाएगी प्रारंभिक शिक्षा

बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

विकास भवन में बुनियाद परियोजना के तहत चयनित आंगनवाड़ी केंद्रों के बच्चों के गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा और आंगनवाड़ी में (प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा) गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। यह एम.ओ.यू. मुख्य विकास अधिकारी संजीव मौर्या और पानी संस्थान, अयोध्या के बीच आपसी सहमति से संपन्न हुआ। बुनियाद परियोजना के अंतर्गत रेहरा बाजार, तुलसीपुर, और गैसड़ी के 436 चिन्हित आंगनवाड़ियों में 3-6 वर्ष के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण प्रारंभिक शिक्षा के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ ही, समुदाय में लिंग आधारित भेदभाव न करने के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी कार्य किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, 60 प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों के साथ बेहतर शिक्षा के लिए भी पहल की जाएगी। इस दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला, जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा, जिला पंचायती राज अधिकारी श्रेया उपाध्याय, परियोजना प्रबंधक शिव कुमार, और क्रेस्ट संस्था के प्रतिनिधि राजेन्द्र मोरे तथा अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

सभी अनुपस्थित कर्मियों का वेतन रोकने के निर्देश

सीएमओ ने किया पीएचसी रेहरा बाजार का निरीक्षण

सादुल्लानगर बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।

गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहरा बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अशोक कुमार चपरासी, शैलेंद्र यादव बीपीएम, लाल बाबू मौर्य बीएएम,नरेंद्रनाथ पाण्डेय,बाल सुधा देवी एएनएम , निशा वर्मा एएनएम अनुपस्थित पाए गए।

स्टाफ नर्स किरण चौहान विगत सात दिनों से अनुपस्थित है। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मियों का अनुपस्थित अवधि का वेतन रोकने का निर्देश मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ उत्कर्ष मिश्रा को दिया। निरीक्षण के समय तक ओपीडी में कुल 180 मरीजों का उपचार किया गया था, 27 मरीजों का पैथोलॉजी जांच किया गया था,चार मरीजों आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज किया गया था। मौके पर जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा सहित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेहरा बाजार के कर्मी मौजूद रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच

वार्षिक निविदा सूचना **दिनांक- 12-09-2024-25**

समस्त पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रनियापुर गोबरही की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-025 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईंट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड़, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोड़ी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 14.9.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-15.9.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

रेखा देवी **महेश प्रताप**

प्रधान **ग्राम पंचायत सचिव**

ब्रह्मचर्य और अध्यात्म

भारतीय सनातन संस्कृति में जीवन को चार भागों में बांटा गया है। अगर मान लिया जाए कि जीवन की औसत अवधि 100 वर्ष की है तो पहले 25 वर्ष ब्रह्मचर्य का पालन करते हुए शिक्षा-दीक्षा होगी, उसके बाद के अगले 25 वर्ष, यानी 50 वर्ष तक की आयु में गृहस्थ आश्रम में रहते हुए दुनियावी जिम्मेदारियां निभाना, बच्चों का पालन-पोषण और उनकी शिक्षा-दीक्षा आदि की जिम्मेदारी संभालना, यह माना जाता है कि 50 वर्ष की आयु तक पहुंचते-पहुंचते बच्चे जवान हो जाते हैं, समझदार हो जाते हैं, खुद मुख्तार हो जाते हैं और मां-बाप पर निर्भरता नहीं रहती, अतः व्यक्ति अध्यात्म की ओर प्रवृत्त हो सकता है। जीवन के इस भाग को वानप्रस्थ आश्रम का नाम दिया गया है और यह संन्यास और गृहस्थ आश्रम के बीच की स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने व्यक्तिगत सुख-साधन का लालच छोड़ कर खुद को समाज की भलाई के लिए प्रवृत्त करता चलता है। इसके बाद के अंतिम 25 वर्ष संसार के काम छोड़ कर व्यक्ति पूरी तरह से अध्यात्म में ही प्रवृत्त हो जाता है। सहज संन्यास मिशन ने आज की स्थितियों को ध्यान में रखते हुए इसे और आसान बना दिया है।

एक सहज संन्यासी कभी भी अपना परिवार नहीं छोड़ता, समाज से दूर नहीं जाता, दुनिया से दूरी नहीं बनाता, बल्कि परिवार में रहते हुए, समाज में रहते हुए, दुनिया में रहते हुए सिर्फ अपनी सोच और जीवन पद्धति में ऐसे बदलाव लाता है कि जीवन सच्चा हो जाए, प्रेममय हो जाए, आध्यात्मिक हो जाए। इसे हम सहज सुलभ मार्ग कहते हैं क्योंकि यह प्राकृतिक जीवन है और बहुत आसान है, सरल है, सहज है। अगर हम अपना सनातन इतिहास देखें तो हम पाते हैं कि हमारे आदर्श रहे ऋषि-मुनि और मनीषीजन भी विवाहित थे, संन्यासी जीवन में भी उनकी धर्मपत्नी उनके साथ थी, उनके बच्चे भी होते थे और वे आदर्श जीवन जीते थे। महर्षि गौतम की कहानी हम सबने सुन रखी है। वे गंगा स्नान के लिए गए तो देवराज इंद्र ने उनकी धर्मपत्नी देवी अहिल्या के साथ धोखा किया। इसका सीधा-सा अर्थ यह है कि महर्षि गौतम और उनकी धर्मपत्नी देवी अहिल्या साथ-साथ रहते थे, बल्कि संन्यासी होते हुए भी उन्हें कामदेव के आह्वान से परहेज नहीं था। यही कारण है कि अपने सनातन इतिहास में हमें बहुत से ऋषियों, उनकी धर्मपत्नी और बच्चों का जिक्र मिलता है। उस जमाने में भी ऋषि-मुनियों द्वारा गुरुकुल में शिक्षा देने की प्रथा थी तो शिक्षा का काम गुरु देखते थे और गुरुकुल की व्यवस्था की जिम्मेदारी गुरुमाता पर होती थी। एक दो उदाहरणों से ही बात समझ में आ जाएगी। महर्षि कश्यप की धर्मपत्नी देवी अदिति, महर्षि वेदव्यास की धर्मपत्नी देवी वाटिका उर्फ पिंजला थीं। आधुनिक युग में एक बड़ा भ्रम यह है कि संन्यास का मतलब है ब्रह्मचारी होना।

'तरंग शक्ति' गरज रहा भारत का आसमान

12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा। जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे।

योगेश कुमार गोयल

भारत की निरंतर बढ़ती रक्षा क्षमताओं को वैश्विक स्तर पर उजागर करने तथा विविध भागीदारी अंतरराष्ट्रीय रक्षा संबंधों की मजबूती में अभ्यास के महत्व को रेखांकित करने के लिए इन दिनों जोधपुर में बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' का आयोजन चल रहा है। यह भारत की रक्षा कूटनीति और सैन्य सहयोग में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। भारतीय वायुसेना की मेजबानी में जोधपुर में शुरू हुए सबसे बड़े बहुपक्षीय वायु अभ्यास 'तरंग शक्ति' का दूसरा चरण 14 सितंबर तक आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत के अलावा सात देशों अमेरिका, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, ग्रीस और यूएई के विमान एक साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास का उद्देश्य विभिन्न देशों की वायु सेनाओं के बीच अंतर-संचालन क्षमता में सुधार, आधुनिक युद्ध में सामूहिक सुरक्षा और परिचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना है। इस 'वॉर एक्सरसाइज' में भारतीय वायुसेना और विदेशी विमान आसमान में अपना कौशल दिखा कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहे हैं। जोधपुर के आसमान में जब भारत की 'सूर्य किरण टीम' ने 9 हॉक्स विमानों के जरिये जोधपुर के आसमान में 'तिरंगा' बनाते हुए विलक्षण करतब दिखाए तो हर कोई दांतों तले उंगली दबाये निहारता रह गया। 'तरंग शक्ति' के दौरान 9 सितंबर को जोधपुर में भारत की तीनों सेनाओं ने उस समय इतिहास रच दिया, जब पहली बार जल, थल और वायु सेना के उप-प्रमुखों ने स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस ने उड़ान भरी। यह पहला अवसर था, जब आर्मी के वाइस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि, एयरफोर्स के वाइस चीफ एयर मार्शल एपी सिंह और नौसेना के वाइस चीफ कृष्णा स्वामीनाथन ने 'तेजस' में उड़ान भरी और भारत के तीनों वाइस चीफ की ये उड़ान भारत के लिए रणनीतिक तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। तरंग शक्ति में भारतीय वायुसेना के राफेल, सुखोई, मिराज, जगुआर और तेजस विमान पूरी दुनिया को अपना जलवा दिखा रहे हैं, वहीं अमेरिका के ए-10 थंडरबोल्ट, ग्रीक के एफ-16 फाइटिंग फाल्कन, ऑस्ट्रेलिया के एफ ए-18 हॉरनेट, जापान के मित्सुबिशी एफ-2 सहित अन्य देशों की एफ-16 विमान के साथ आई टीमें साथ मिलकर एयर-टू-एयर तथा एयर-टू-ग्राउंड ऑपरेशन में अपनी-अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहे हैं।

'तरंग शक्ति' के पहले और दूसरे चरण में कुल 800 सैनिक शामिल हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया की रॉयल ऑस्ट्रेलियन एयरफोर्स ने भारतीय वायुसेना के 'तरंग शक्ति' अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा के लेने के लिए पहली बार अपने लड़ाकू विमानों को भारत भेजा है। 12 सितंबर से तरंग शक्ति में 'डिफेंस एक्सपो' शुरू होगा। जिसमें स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस, लड़ाकू हेलीकॉप्टर प्रचंड और लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर ध्रुव शामिल है, साथ ही अन्य हथियारों का भी प्रदर्शन किया जाएगा। 'तरंग शक्ति' का आयोजन पहले 2023 के अंत में करने की योजना थी लेकिन कुछ कारणों से उसे उस समय टाल दिया गया था और अब आयोजित किए जा रहे इस बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास में स्वदेशी वायु रक्षा क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें विशेष रूप से भारत की रक्षा उत्पादन क्षमताओं को दर्शाया जा रहा है। इस वायु अभ्यास में भारतीय वायुसेना अपने हल्के लड़ाकू विमान, उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर तथा हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर जैसे स्वदेशी प्लेटफार्मों का प्रदर्शन कर रही है। 'तरंग शक्ति' भारत में आयोजित हो रहा अभी तक का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय वायु अभ्यास है, जो अपने यथार्थवादी युद्ध परिदृश्यों और व्यापक अंतरराष्ट्रीय भागीदारी के लिए जाने जाते रहे अमेरिका के नेतृत्व वाले 'रेड फ्लैग' अभ्यास से प्रेरित बताया जाता है।

करीब तीन महीने पहले 4 से 14 जून 2024 तक अलास्का में अयोजित हवाई अभ्यास 'रेड फ्लैग 2024' के दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना ने भी हिस्सा लिया था। सिंगापुर तथा अमेरिकी विमानों के साथ भारतीय राफेल भी उस संयुक्त अभ्यास में शामिल हुआ था।

इन आयोजित मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स एंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज युद्ध अभ्यास शामिल थे। अमेरिका द्वारा 'रेड फ्लैग' अभ्यास वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है और इसके दूसरे संस्करण में भारतीय वायुसेना के अलावा सिंगापुर वायुसेना, ब्रिटेन की रॉयल एयरफोर्स, रॉयल नीदरलैंड्स वायुसेना और जर्मन लूफ्टवाफे ने भी हिस्सा लिया था। भारतीय वायुसेना ने रेड फ्लैग में पहली बार 8 राफेल लड़ाकू विमान तैनात किए थे, जिन्हें ट्रान्साटलांटिक यात्रा के लिए आईएल-78 मध्य-हवा में ईंधन भरने वाले विमानों के साथ-साथ सी-17 ग्लोबमास्टर विमान की भी सहायता मिली थी। भारतीय वायुसेना द्वारा इससे पहले 1 से 10 अप्रैल 2024 तक अपनी ताकत का प्रदर्शन करने के लिए 10 दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास 'गगन शक्ति-2024' भी आयोजित किया जा चुका है, जिसमें देश के सभी वायुसेना स्टेशन बारी-बारी से शामिल हुए थे। उस युद्धाभ्यास में करीब 11 हजार वायु सैनिकों ने हिस्सा लिया था। 'गगन शक्ति-2024' में चीन और पाकिस्तान के साथ दो मोर्चों पर युद्ध के लिए तैयारी का परीक्षण भी किया गया था। उस हवाई सैन्य अभ्यास में तेजस, राफेल, सुखोई-30, जगुआर, मिराज 2000, चिनूक, अपाचे, प्रचंड, ट्रांसपोर्ट विमान ग्लोबमास्टर, सी-130 जे सुपर हरक्यूलस, सी-295 ने अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया था। उस दस दिवसीय हवाई सैन्य अभ्यास में केवल भारतीय वायुसेना के ही सभी वायुसेना स्टेशन शामिल हुए थे जबकि 'तरंग शक्ति' में दुनिया के कुछ प्रमुख देश भारतीय वायुसेना के साथ हिस्सा ले रहे हैं। बहरहाल, 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास की मेजबानी करके भारत का लक्ष्य रक्षा क्षमताओं में आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाना और अंतरराष्ट्रीय रक्षा में अपनी स्थिति को मजबूत करना है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि तरंग शक्ति वायु अभ्यास के साथ भारत की रक्षा कूटनीति में उल्लेखनीय प्रगति होगी। 'तरंग शक्ति' वायु अभ्यास के आयोजन का सबसे बड़ा लाभ यही है कि यह अभ्यास इसमें शामिल रहे देशों की वायु सेनाओं के बीच न केवल व्यावसायिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देगा बल्कि आधुनिक हवाई युद्ध तकनीकों में सीखने और सहयोग के लिए महत्वपूर्ण मंच भी प्रदान करेगा।

विचार

पेरिस पैरालंपिक के संदेश को समझना जरूरी

आर.के. सिन्हा

पेरिस में ओलंपिक खेलों में लचर प्रदर्शन के बाद पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों के प्रदर्शन से सारा देश खुश है। हमारे एथलीटों ने अपने उल्लेखनीय और शानदार अविश्वसनीय प्रदर्शन से देश का मान बढ़ाया है।

इन दिव्यांग खिलाड़ियों ने शारीरिक चुनौतियों का सामना करने के बावजूद अपने उल्लेखनीय खेल से हरेक भारतीय प्रेरित किया है। भारत ने पैरालंपिक में 29 पदकों (सात स्वर्ण, नौ रजत और 13 कांस्य) जीते, जो कि अबतक का एक रिकॉर्ड है। इसमें कोई शक नहीं है कि पदक तालिका में भारत का 18वां स्थान, सरकार द्वारा दिव्यांग खिलाड़ियों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन और सुविधाओं में बढ़ोत्तरी का ही प्रमाण है। इस पैरालंपिक में भारतीय कोचों और सहायक कोच भी पेरिस में खिलाड़ियों को हर तरह के सहयोग के लिए पर्याप्त संख्या में मौजूद थे। पहली बार भारतीय एथलीटों के लिए खेल गांव में एक स्पेशल रिकवरी सेंटर बनाया गया था। इससे खिलाड़ियों को चोटों से उबरने और अपनी फिटनेस को तेजी से सुधारने में मदद मिली, जिससे वे अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रख सके।

भारत ने पेरिस पैरालंपिक में 77 कोच और सहयोगी स्टाफ भेजे, जो टोक्यो पैरालंपिक में भेजे गए 45 कोच और सहयोगी स्टाफ से कहीं ज्यादा थे। इससे खिलाड़ियों को बेहतर मार्गदर्शन और देखभाल मिली, जिसका सीधा असर उनके प्रदर्शन पर पड़ा। पैरालंपिक में देश की भागीदारी ने केवल 16 वर्षों में एक उल्लेखनीय छलांग लगाई है। 2008 में बीजिंग पैरालंपिक में पाँच एथलीटों के मुकाबले अब भारतीय दल 84 हो गया है। बीते रविवार खेलों की समाप्ति से पहले भारतीय पैरालंपियनों ने एक भारतीय रेस्तरां में सुस्वादु भोजन का आनंद भी लिया। हमारे खिलाड़ी जश्न के मूड में थे। ये जश्न मनाने के हकदार भी थे। यदि 2021 के टोक्यो पैरालंपिक में ही भारत ने संकेत दे दिए थे कि अब भारत पैरा स्पोर्ट्स के शिखर पर जाने को बेताब है। तो 2024 के पेरिस पैरालंपिक उस ख्वाब को हमारे दिव्यांग खिलाड़ियों ने काफी हद तक सच भी साबित कर दिया। एक दौर था जब भारत इन खेलों में दो-चार पदक ही ले पाता था। पर अब वह दिन चले गए। भारत अब दो अंकों में पदक हासिल कर रहा है और आसानी से अपने पिछले रिकॉर्ड को तोड़ रहा है। बेशक, पिछले टोक्यो खेलों में भारत के 19 पदक के प्रदर्शन ने देश में पैरालंपिक खेलों को बढ़ावा देने की दिशा में एक लंबी छलांग लगाई थी। इस अर्थ में, पेरिस में यह देखना था कि क्या भारत इन खेलों में तेजी से आगे बढ़ रहा है अथवा नहीं। पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों के मनमाफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मनमाफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम। अफसोस है कि हमारे यहां दिव्यांगों के लिए हाई-राइस बिल्डिंगों और दूसरे घरों में पर्याप्त जरूरी सुविधाएं उपलब्ध करवाने को लेकर सही ढंग नहीं सोचा जा रहा।

पैरालंपिक में हमारे श्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ ही देश और समाज को दिव्यांगों के प्रति अधिक उदार और मानवीय रवैया अपनाना होगा। अभी भी दिव्यांगों के हक में बहुत कुछ किया जाना शेष है। क्या हमारे देश में दिव्यांगों के मनमाफिक घरों या कमर्शियल इमारतों का निर्माण हो रहा है? कतई नहीं। अब लक्जरी होम, सी-फेसिंग फ्लैट, एलिट होम वगैरह के दौर में कितने बिल्डर और आर्किटेक्ट सोचते भी हैं दिव्यांगों के मनमाफिक घर बनाने के संबंध में। वास्तव में, बहुत ही कम।

दिव्यांगों को लेकर रीयल एस्टेट कंपनियों और आर्किटेक्ट बिरादरी को ज्यादा संवेदनशील रुख अपनाना होगा। रीयल एस्टेट क्षेत्र से जुड़े सभी स्टेक होल्डर्स को विकलांगों और बुजुर्गों के लिए सुगम या कहें कि यूजर फ्रेंडली घर बनाने चाहिए। हालांकि भारत में रीयल एस्टेट सेक्टर ने बीते चंद दशकों के दौरान लंबी छलांग लगाई है, पर उन रीयल एस्टेट कंपनियों को उंगुलियों पर गिना जा सकता है जो दिव्यांगों तथा बुजुर्गों की सुविधा का ध्यान रखकर निर्माण कर रही हैं। उदाहरण के लिए आपको इस तरह की आवासीय और कमर्शियल इमारतें कम ही मिलेंगी जिनमें विकलांगों की व्हीलचेयर को लिफ्ट के अंदर लेकर जाया जा सकता है। लिफ्ट में इतना कम स्पेस रहता है कि व्हीलचेयर अंदर लेकर जाना मुमकिन नहीं होता। बाथरूम और किचन में कैबिनेट इतनी ऊंचाई में होते हैं कि दिव्यांग शख्स के लिए उनका इस्तेमाल करना बेहद कठिन होता है। इस तरह के मसलों को देखने की जरूरत है। अमेरिका में उन्हीं रियलटर्स को दिव्यांगों को घर मुहैया करवाने की इजाजत दी जाती है, जो इसके लिए योग्य और प्रशिक्षित हैं लेकिन भारत में ऐसा कोई कानून नहीं है। देश में 16 किस्म की मान्य विकलांगता है। भारत में मानसिक और शारीरिक तौर पर विकलांग लोगों को रोजाना किसी न किसी तरह के भेदभाव का सामना करना पड़ता है। 2011 के आंकड़ों के मुताबिक भारत में करीब दो करोड़ 60 लाख विकलांग हैं। हालांकि गैर-सरकारी संगठनों के मुताबिक इनकी संख्या और बढ़ी है और यह छह और सात करोड़ के बीच हैं। संबंधित सरकारी महकमों को सुनिश्चित करना चाहिए ताकि बिल्डर और आर्किटेक्ट दिव्यांगों के मनमाफिक ही इमारतें खड़ी करें। दिव्यांगों को देश के बाकी नागरिकों की तरह देखा जाना चाहिए।

आंकड़ों के हथियार

भारत का हर आदमी दुनिया का सातवां आदमी है। इजरायल के बाद दुनिया में भारत वह दूसरा देश है जिसने आबादी पर नियंत्रण करने के लिए परिवार नियोजन को सरकारी नीति के रूप में घोषित किया। अपनी इस प्रगतिशीलता की हम प्रशंसा कर सकते हैं, लेकिन तनिक परिणाम भी देख लीजिए, पचहत्तर बरस के इस नियंत्रक प्रयास के बावजूद आज हालत यह है कि हम दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाले देश चीन को पछाडक़र नंबर एक हो गए हैं। दुनिया का हर पांचवां आदमी भारतीय है और सातवां चीनी। खैर अधिक आबादी की भीड़ का लाभ यह होता है कि जब देश की नाकामयाबी की गणना करनी हो तो सीधा आंकड़ा गिनने की बजाय प्रतिशत दर से कर लो। पराजय की तस्वीर इतनी भयावह नहीं लगेगी। अब देखो न दो वर्ष पहले कोरोना महामारी हमें चारों खाने चित्त कर गई थी। इतना बड़ा देश, इतनी आबादी, लेकिन पूरा देश एकदम बंद होकर रह गया था। पाकिस्तान जैसे देशों की हालत हमसे अच्छी में है। हालत की बात करते हो, इतने निराशावादी न बनो। भारत में महामारियों से मरने वालों की दर कभी कम नहीं होती। आंकड़े देखें तो हम हर पतनशील तालिका में आगे हैं। कर लो घी को बर्तन। एक ही तस्वीर को रुख बदल कर देखने का यह प्रयास क्यों करते रहते हो? पंचवर्षीय योजनाओं की असफलता, भ्रष्टाचार में वृद्धि, भुखमरी में तरक्की या आत्महत्याओं में वृद्धि। यहां देख लो, प्रतिशत असफलता अथवा विसंगति कम नजर आती है।

सही आंकड़े तो चौंका देते हैं। इसलिए बेहतर यही है कि अपना निकम्मापन छिपाना हो तो प्रतिशत में छिपाओ और अपनी सफलता का बखान करना हो तो असली आंकड़ों में बखानो। पति देव दारू पीकर सामान्य समय से चार घंटे बाद अर्थात आधी रात दो बजे वापस लौटे तो अपनी श्रीमती जी की अदालत में स्पष्टीकरण देते हुए कितने भोले लगते हैं, 'अजी क्या हुआ मात्र पन्द्रह प्रतिशत ही तो विलम्ब से आया हूं।' वाह प्रतिशत। लेकिन इतना ही नहीं बन्धु, आंकड़ों का प्रतिशत ही वह हथियार है, जिससे आप राजनीति से लेकर समाज तक में अपनी शोभा दुगनी या विरोधी को मलियामेट कर सकते हो। यही हाल आजकल देश में चल रहा है। जनता चिल्ला रही है कि इन कठिन दिनों में आकाश छूती महंगाई ने हमारा हुलिया बिगाड़ कर रख दिया। परचून कीमतें इतनी तेजी से बढ़ीं कि इन्होंने पिछले दशक के रिकार्ड पस्त कर दिए। अब इनकी वृद्धि दर के आंकड़े चौंकाते हैं। पांच प्रतिशत खाद्य सामग्री में और तेरह प्रतिशत तक रोजमर्रा के फल-सब्जियों की कीमत में। लेकिन इसका मुकाबला करने वाला इन्हीं कीमतों में वृद्धि को शून्य प्रतिशत से भी नीचे बता सकता है। अन्तर केवल इतना होगा कि वह थोक कीमतों के परिवर्तन की बात करेगा, जबकि आप परचून कीमतों की बात कर रहे हैं। फिर पानी भरे गिलास को आधा खाली या आधा भरा हुआ बता अलग-अलग राग अलापने वाले कम नहीं। चुनाव करीब आ रहे हैं। अब सत्ता पक्ष बताएगा कि उसने अपने कार्यकाल में कितने प्रतिशत नई नौकरियां पैदा कीं और सत्तापक्षी कहेगा कि उनके इलाके में बेरोजगारी में कितने प्रतिशत वृद्धि हुई। लीजिए साहिब, यह सच तो अन्धों का हाथी हो गया, इन साहिबान के लिए। कानून व्यवस्था का निगाहबान थानेदार बताता है कि उसने पिछले बरस की तुलना में कितने प्रतिशत अपराधी अधिक पकड़े, समाज का ठेकेदार आपको अपराधों की प्रतिशत और वृद्धि बता और भी अधिक डरा देता है। आप डरेंगे तभी तो वह तारणहार बन कर अपनी शोभा का झण्डा बुलंद कर सकेगा। जय आंकड़ा शास्त्र की। लेकिन आंकड़ों की असल संख्या और प्रतिशत वृद्धि की तुलना का भ्रमजाल तोड़िए। सच बताइए कि अपनी फसल का इस साल भी उचित दाम न मिलने के कारण जो किसान मंडी के चौराहे पर फंदा लगा कर मर गया, उसकी दारुण व्यथा कम नहीं थी, चाहे इस साल इन अभागों की संख्या एक प्रतिशत से भी कम नहीं।

राशिफल

मेषः- भावुकता वश संबंधों में भावनात्मक शोषण की आशंका है। पूर्वाग्रह वश अपने निकटस्थ सम्बन्धों के बारे में गलत धारणा पालना ठीक नहीं। सम्बन्धों की मधुरता हेतु आपस में विास कायम करें।

बृषभः- व्यावसायिक संबंध प्रगाड़ होंगे। परिश्रम से आर्थिक लाभ के योग हैं। अत्यधिक भावुकता से भावनात्मक शोषण की भी आशंका है।

मिथुनः- किसी अचल सम्पत्ति क्रय हेतु प्रयत्न तीव्र। अपने भाग्य को कोसना छोड़ अपने समय का सकारात्मक दिशा में लगावें। मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि तो होगी परन्तु इससे अभिमानी न बनें।

कर्कः- समाजिक मान-सम्मान व वर्चस्व में बृद्धि होगी। व्यावसायिक क्षेत्र के प्रतिभा में निखार आयेगा। आपके स्थितियों में आकस्मिक सुधार के आसार बन रहें।

सिंहः- नये कायरे में पूंजी निवेश हेतु धनाभाव अवरोधक होगा। आपमें दूसरों को आकर्षित करने की अभूतपूर्व क्षमता है इसका भरपूर लाभ मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी।

कन्याः- रोजगार के क्षेत्र में किये गये कर्म का फल सफलता का आगाज कर रहा है। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रमानुकूल सफलता प्राप्त होगी। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिन्तित होगा।

तुलाः- प्रणय सम्बन्ध में केन्द्रित मन प्रियतम से मिलने के लिऐ ब्याकुल होगा। किसी खास मुद्दे को लेकर परिजनों के मतभेद का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिकः- अच्छे अवसरों का लाभ उठानें में सक्षम बनें। जीवन में नीरसता को कम करने के लिए मन को सकारात्मक दिशा देवें। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता से मन उत्साहित होगा।

धनुः- भावुकतावश किसी सम्बन्धी की बातें मन को कष्ट पहुचा सकती हैं। अपने अन्दर नए उर्जा की अनुभूति करेंगे। लेकिन बिगड़े हुए सम्बन्धों को सुधारने की चेष्ठा करें।

मकरः- उच्छृंखल व मजाकिया स्वभाव आस-पास के वातावरण में महत्ता तो बढ़ाएगा। रोजगार में अपनी स्थिति को लेकर मन में हीनता का वाश होगा। महत्वपूर्ण पारिवारिक दायित्वों के पूर्ति के आसार बनेंगे।

कुंभः- परिवार में किसी की अस्वस्थता से मन चिन्तित होगा। परिवारिक जिम्मेदारियां मन को बोझिल करेंगी। कोई अवरोधित काम के प्रति मन विशेष रूप से चिन्तित होगा।

मीनः- सरल व मिलनसार स्वभाव से संबंधों में लोकप्रिय होंगे। भौतिक सुख-साधनों की लालसा में व्यय के योग हैं। जीविका क्षेत्र में परिश्रम सार्थक होगा। भावना प्रधान मन जल्द ही दूसरों से प्रभावित हो जाता है।

रिफंड की बाट जोहते पीएसीएल निवेशक

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का संचालन कंपनी एक्ट 1956 के तहत होता है और आरबीआई के साथ साथ इनका पंजीकरण कंपनी अधिनियम की धारा 609 के तहत नियुक्त कंपनी रजिस्ट्रार जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य और संघ राज्य क्षेत्र आते हैं के पास करवाया जाता है। वहीं बैंकों का संचालन बैंकिंग अधिनियम 1949 के तहत होता है। बैंकों में आम जनता के साथ मौद्रिक लेन.देन का दायरा व्यापक होता है जबकि एनबीएफसी छोटे बचतकर्ताओं से डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसी तरह एनबीएफसी न तो अचल संपत्तियों के निर्माण में निवेश कर सकती हैं और न ही यह प्राथमिक रूप से कृषि या औद्योगिक गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं। बैंक कृषि एवं उद्योग दोनों क्षेत्रों की वित्त संबंधी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए अधिकृत हैं। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को सामूहिक निवेश योजनाओं एमएलएम पोंजी स्कीमों लकड़ी भेड़ बकरियों पशुपालन कृषि कार्यों इत्यादि से धन स्वीकार करने की अनुमति नहीं है और यह प्राइस चिट एंड मनी सरकुलेशन एक्ट 1978 के अंतर्गत एक संज्ञेय अपराध है।

पिछले दिनों चिटफंड कंपनी पीएसीएल यानी पर्ल्स ग्रुप के चैयरमेन निर्मल सिंह भंगू की मौत की खबर आई थी। जानकारी के मुताबिकए दिल्ली जेल में तबीयत बिगडने के बाद भंगू को दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी मौत हो गई। पर्ल्स ग्रुप के मालिक निर्मल सिंह भंगू को पीजीएफ पीएसीएल लिमिटेड द्वारा संचालित चिटफंड घोटाले में 8 जनवरी 2016 को सीबीआई ने गिरफ्तार किया था और वह तभी से जेल में था। हिमाचल राष्ट्रीय अखबारों और राष्ट्रीय मीडिया में भंगू की मौत की खबर को ज्यादा तवज्जो नहीं मिली।

राष्ट्रीय मीडिया वैसे भी अपनी गैर जरूरी बहसों के लिए बदनाम है। क्या ही अच्छा होता जो वह पीएसीएल और सहारा समूह से पीड़ित निवेशकों की व्यथा को उजागर करता। हिमाचल के निवेशकों ने भी पर्ल्स ग्रुप में करोड़ों रुपया लगाया हुआ था और अभी भी हजारों लोगों का रुपया अटका पड़ा है। केंद्रीय जांच ब्यूरो ;सीबीआई ने 45000 करोड़ रुपए के सामूहिक निवेश घोटाले में पीएसीएल ;पूर्व में पर्ल्स एग्रोटेक कॉर्प के चार अधिकारियों को गिरफ्तार किया था जिनमें अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक ;एमडी निर्मल सिंह भंगू एमडी और प्रमोटर निदेशक सुखदेव सिंह और दो कार्यकारी निदेशक गुरमीत सिंह और सुब्रत भट्टाचार्य शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने निवेशकों का पैसा रिफंड करवाने के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश आरएम लोढ़ा के नेतृत्व में एक समिति बनाई हुई है। समिति ने समूह की सारी संपत्ति जब्त कर ली और मार्च 2016 में संपत्ति की नीलामी शुरू की। सेबी ने अभी तक 19000 रुपए तक के दावे वाले 2.08 मिलियन से ज्यादा निवेशकों को 1021.81 करोड़ रुपए का भुगतान का दावा किया है। भारत में चिटफंड पोंजी स्कीमों एकत्रित निवेश योजनाओं एमएलएम यानी बहुस्तरीय विपणन मनी सरकुलेशन और पिरामिड आकार वाली गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों द्वारा निवेशकों से रुपयों की उगाही और ठगे जाने का एक लंबा इतिहास रहा है। इसी वजह से पीएसीएल लिमिटेड ;पर्ल रुप पश्चिम बंगाल की शारदा ग्रुप और सहारा ग्रुप जैसी कंपनियों के निवेशकों और एजेंटों में व्यापक असंतोष है। 13 फरवरी 1996 से पर्ल एग्रोटेक कंपनी लिमिटेड द्वारा पंजाब से अपना कारोबार बढ़ाना शुरू किया गया और 2010-11 की अवधि तक पूरे भारतवर्ष में पीएसीएल ग्रुप के कुल 283 कार्यालयों द्वारा व्यापक स्तर पर भूखंड आबंटित करने के नाम पर एकत्रित निवेश योजनाओं द्वारा करोड़ों रुपयों को इकट्ठा किया गया। सीबीआई को 22 अगस्त 2014 को पता चला कि पीएसीएल लिमिटेड की सभी व्यावसायिक गतिविधियां एकत्रित निवेश योजनाएं हैं और कम्पनी के प्रोमोटरों पर मुकद्दमा दर्ज किया गया। भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय ने सुब्रत भट्टाचार्य बनाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ;सेबी सिविल अपील संख्या .13301/2015 के मामले में तथा अन्य संबंधित मामलों में 2 फरवरी 2016 को एक आदेश पारित किया था। उक्त आदेश के माध्यम से भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ;सेबी को अन्य बातों के साथ-साथ यह निर्देश दिया गया था कि वे माननीय न्यायमूर्ति श्री आरएम लोढा ;भारत के पूर्व मुख्य न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करे ताकि पीएसीएल लिमिटेड द्वारा खरीदी गई जमीन की बिक्री को डिस्पोज ऑफकिया जा सके और बिक्री से मिलने वाले पैसों से निवेशकों को भुगतान किया जा सके जिन्होंने पीएसीएल लिमिटेड में पैसा लगाया था। पाठकों को ज्ञात होना चाहिए कि बैंक और एनबीएफसी के बीच में अंतर होता है। गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का संचालन कंपनी एक्ट 1956 के तहत होता है और आरबीआई के साथ साथ इनका पंजीकरण कंपनी अधिनियम की धारा 609 के तहत नियुक्त कंपनी रजिस्ट्रारए जिसके अंतर्गत विभिन्न राज्य और संघ राज्य क्षेत्र आते हैं के पास करवाया जाता है। वहीं बैंकों का संचालन बैंकिंग अधिनियम 1949 के तहत होता है।

बैंकों में आम जनता के साथ मौद्रिक लेनदेन का दायरा व्यापक होता है जबकि एनबीएफसी छोटे बचतकर्ताओं से डिमांड डिपॉजिट स्वीकार नहीं कर सकते हैं। इसी तरह एनबीएफसी न तो अचल संपत्तियों के निर्माण में निवेश कर सकती हैं और न ही यह प्राथमिक रूप से कृषि या औद्योगिक गतिविधियों में शामिल हो सकती हैं।

बैंक कृषि एवं उद्योग दोनों क्षेत्रों की वित्त संबंधी जरूरतों की पूर्ति करने के लिए अधिकृत हैं। गैर बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों को सामूहिक निवेश योजनाओं एमएलएम पोंजी स्कीमों लकड़ी भेड़ बकरियों पशुपालन कृषि कार्यों इत्यादि से धन स्वीकार करने की अनुमति नहीं है और यह प्राइस चिट एंड मनी सरकुलेशन एक्ट 1978 के अंतर्गत एक संज्ञेय अपराध है। इस अधिनियम के प्रावधानों के उल्लंघन पर निगरानी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई राज्य सरकारों द्वारा की जा सकती है। मनी सरकुलेशन मल्टी लेवल मार्केटिंग पोंजी स्कीम ऐसी योजनाएं हैं जो सदस्यों को नामांकित होने पर आसान या त्वरित धन वापसी का वादा करती हैं।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

नये एसपी के लिए गुटखा व्यापार रोकना बड़ी चुनौती

थानों में तैनात कारखास की संलिप्तता से खुलेआम जहर बेच रहे गुटखा माफिया तथा कथित सेठ,साहू और यादव

पनवाड़ी/जैतपुर/महोबा समृद्धि न्यूज।

जनपद के कुलपहाड़ सर्किल क्षेत्र में धड़ल्ले से संचालित हो रहा प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा के काले कारोबार पर लगाम लगाना नवागंतुक एसपी के लिए बड़ी चुनौती साबित होगा। बताते चलें कि कुलपहाड़ सर्किल क्षेत्र में गुटखा माफिया सिंडिकेट बनाकर न्यायालय के आदेश की अवहेलना करते हुए खुलेआम प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित जहरीले गुटखा का कारोबार कर लोगों को मौत के मुहाने तक भेजने का काम कर रहे हैं।

पनवाड़ी थाना के सामने खुलेआम जहरीला गुटखा बेचा जा रहा है और पुलिस मौन होकर तमाशा देख रही है,लेकिन गुटखा माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर पा रही, क्षेत्र में सफेदपोश और स्थानीय तथाकथित भाईसाहब के संरक्षण में गुटखा माफिया तथाकथित सेठ,साहू और यादव सिंडिकेट बनाकर खुलेआम जहरीले गुटखा किंग,पुकार और पुजारी का कारोबार कर लोगों को मौत के मुहाने तक भेजने का काम कर रहे हैं, लेकिन थाना में तैनात जिम्मेदारों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही जिसके चलते गुटखा माफिया थाने के सामने ही खुलेआम प्रतिबंधित जहरीले गुटखा की सप्लाई कर पुलिसिया कार्रवाई और योगी सरकार के अपराध के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं। पनवाड़ी में लंबे समय से संचालित हो रहे गुटखा के अवैध व्यापार में लगाम लगाने के लिए तत्कालीन नगारा घाट पुलिस चौकी इंचार्ज रवि कुमार सिंह द्वारा छापेमारी कर भारी मात्रा में एक लोडर वाहन में भारी मात्रा में प्रतिबंधित तंबाकू मिश्रित गुटखा की खेप सहित दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया था गुटखा की तस्करी में लिप्त दो तस्करों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया था, बावजूद इसके गुटखा माफियाओं द्वारा धड़ल्ले से इस अवैध कारोबार को अंजाम दिया जा रहा है। बताते चलें कि मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के हरपालपुर,नौगांव एवं छतरपुर से गुटखा माफियाओं द्वारा लोडर वाहनों में किराना के सामान के बहाने प्रतिबंधित गुटखा की तस्करी की जा रही है। बाबजूद इसके कुलपहाड़ सर्किल की पुलिस जहरीले गुटखा के काले कारोबार पर अंकुश लगाने में पूरी तरीके से नाकाम साबित हो रही है। सूत्र बताते हैं कि थानों में तैनात कारखासों से सांठ-गांठ कर गुटखा माफिया इस अवैध कारोबार को अंजाम देते नजर आते हैं।

नवागंतुक एसपी किस प्रकार इस जहरीले गुटखा के अवैध कारोबार पर लगाम लगाएंगे यह तो आने वाला वक्त बताएगा।

एसपी के स्थानान्तरण पर दी गई भावुक विदाई

महोबा। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता का जनपद से पुलिस उपायुक्त, पुलिस कमिश्नरेट जनपद लखनऊ स्थानान्तरण होने पर गुरुवार को नवागंतुक एसपी पलाश बंसल की उपस्थिति में पुलिस अधीक्षक कैम्प कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक के रुप में उनके कार्यकाल के दौरान उनके नेतृत्व में जनपद में सुदृढ़ कानून व्यवस्था के तहत किए गए विभिन्न सराहनीय, प्रशंसनीय कार्यों, अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही, पूर्व मंत्री के घर करोड़ो की चोरी का अनावरण, थाना पनवाड़ी में सर्राफा हत्याकाण्ड सहित दर्जनों ब्लाइण्ड मर्डर मिस्ट्रियों के सफल अनावरण को याद किया गया। जनपद में बेहतर पुलिसिंग को लेकर विगत स्वतंत्रता दिवस पर पुलिस महानिदेशक द्वारा शौर्य के लिए रजत पदक से सम्मानित किया गया था। उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए पुष्प माला पहनाकर, प्रतीक चिह्न एवं मोमेन्टो एवं उपहार भेंट कर मंगलमय उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भावुक विदाई दी गई।

नये एसपी ने पुलिस कार्यालय की शाखाओं का किया निरीक्षण

महोबा समृद्धि न्यूज। नवागंतुक पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा बुधवार की रात्रि को अपना पदभार ग्रहण कर लिया गया है। उन्होंने गुरुवार को पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, मॉनिटरिंग सेल, एल.आई.यू. शाखा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित शाखा की विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव, लम्बित प्रकरण सहित शाखा में साफ-सफाई का स्तर उच्च बनाये रखने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, शाखाओं में नियुक्त कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, वाचक पुलिस अधीक्षक सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ एवं प्रभारी मीडिया सेल अरविन्द सिंह गौर सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी एवं सम्बन्धित कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनसुनवाई पोर्टल के शिकायतों की डीएम ने की समीक्षा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जन शिकायतों की समीक्षा बैठक की गई।

बैठक में सभी कार्यालध्यक्षो से उनके लॉगिन पर प्राप्त लंबित शिकायतों के गुणवत्तापरक, ससमय निस्तारण व प्राप्त होने वाले असंतुष्ट फीडबैक संदर्भों के निस्तारण की समीक्षा की गई।

जिसमे अधिशाषी अभियंता विद्युत,जल निगम नगरीय, डूडा, राजस्व में कुलपहाड़, महोबा तहसील व विकासखंड स्तर पर ए.डी.ओ पंचायत कबरई, जैतपुर, चरखारी, बीडीओ कबरई, चरखारी के अगस्त माह में सबसे ज्यादा फीडबैक संदर्भ प्राप्त हुए। जिनकी निस्तारण की गुणवत्ता की समीक्षा करने पर खराब निस्तारण पर अधिशाषी अभियंता विद्युत अधिशाषी अभियंता जल निगम नगरीय का स्पष्टीकरण करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम द्वारा आईजीआरएस के निस्तारण की आख्या की प्रक्रिया व ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा आईजीआरएस का प्रशिक्षण दिया गया। जिसमे शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त संदर्भों को निस्तारित करने की पूरी प्रक्रिया से अधिकारियों अवगत कराया गया। बैठक में एसडीएम, तहसीलदार तथा अन्य जनपद, तहसील विकासखंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

खेत पर गये किसान की सांप के काटने से मौत

राठ, हमीरपुर। खेत में फसल की रखवाली कर रहे किसान को जहरीलेसांप ने काट लिया। स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां चिकित्सक ने मृतघोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चिकासी थाने के अमरपुरा गांव निवासी मिलन ने बताया कि उनके पिता 33वर्षीय वीरनारायण पुत्र शिव प्रसाद पाल के नाम 8 बीघाजमीन है। जिस पर खेती कर अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया किगुरुवार सुबह खेत पर फसल की जंगली जानवरों से रखवाली कर रहे थे। तभी उन्हें सर्पने काट लिया। चीख पुकार सुनकर खेत में मौजूद स्वजन आनन फानन में इलाज के लिएपनवाड़ी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत परमां घस्सी पत्नी रेखा का रो रोकर बुरा हाल है।

मूसलाधार बारिश से फसलें हुई नष्ट, कृषक हुए मायूस

पनवाड़ी,महोबा, समृद्धि न्यूज।

जनपद सहित विकास खण्ड पनवाड़ी मे दो दिवस से लगातार हो रही मूसलाधार वारिस से खेतो पर मूग उर्द तिली की फसले तैयार खडी थी कृषक उपरोक्त फसलो को एक हफ्ते से काटने की तैयारी मे बैठे हुए है। ऐसे में निरंतर हो रही वरिष से उनकी फसलों में भारी छति हुई है जिससे कृषक मयूश नजर आ रहे है।

अभी हाल में विगत दो दिवशो से घनघोर वादलो से मूसलाधार वारिस ने किसानो की लागत एव मेहनत पर पानी फेर दिया है खेतो पर खडी फसलो में पानी भरने से वह सडने लगी है इसी कारण से कृषक मायूस एव हताशा की मुद्रा वैठ गया। वताते चले कि इस वर्ष क्षेत्र मे वर्षा कम हुयी थी और समय पर जव वर्षा होने की जरूरत थी तब वर्षा नही हुयी थी छूट मुट वर्षा होने से खेतो मे बुवाई की हुई फसल सूखने से बचती रही और फसल अच्छी दिखने लगी थी जिससे किसान खरीव की अच्छी उपज की आस लगाये बैठे थे। किसानो ने बताया कि हाल के दो दिनो से मूसलाधार वारिस न होती तो सभी कृषक एक सप्ताह मे मूग उरद की फसलो को खेत से उखाडना आरम्भ कर देते परन्तु ईश्वरी कहर से कृषको को जहाँ एक ओर आर्थिक क्षति उठाना पड रही है वही अगली फसल रबी की बुबाई के लिए बीज खाद कहाँ से लेगे इसकी चिन्ता सताने लगी है। पनवाड़ी विकास खण्ड के ग्राम महुआ इटौरा, भरवारा, बुढ़ेडा, मसुदपुरा, नेकपुरा व कबरई विकास खंड के करहरा कला, कालीपहाड़ी गंज उटिया मिरतला, सिजहरी के किसान बताते है कि अगली वर्ष टाइम से वारिष न होने और बाद में निरंतर वरिष होने के चलते खरीब की फसल की 80 प्रतिशत फसलो कि बुवाई नही हो सकी थी।

तो वही रवि की फसल में कही ओलावृष्टि और पाले की मार से फसले चोपट हो गयी थी जिस कारण किसानों द्वारा लगाई गई लागत को निकाला जाना भारी पड़ा था जनपद के कुछ चुनन्दा किसान ही थे जिनकी फसले कुछ अच्छी हुई थी।अब इस वर्ष फिर खरीब की फसल में फसल कटान के वक्त एक हप्ते से निरंतर बारिश होने से भारी छति हुई है।

खबरें एक नजर में

ट्रेन से कटकर महिला ने दी जान, पुलिस जांच में जुटी

घाटमपुर, समृद्धि न्यूज। बांदा कानपुर रेलवे लाइन पर बुधवार शाम एक महिला ट्रेन से कटकर जान दे दी महिला की पहचान फतेहपुर जनपद के गांव बड़ी सराय थाना चांदपुर निवासी छोटे प्रजापति की पत्नी कमला देवी 52 वर्ष के रूप में हुई है थाना प्रभारी सजेती के अनुसार महिला मंदबुद्धि की थी कथा बीते कल शाम 4:00 बजे के करीब घर से निकली थी आज सवेरे बरीपाल स्टेशन के रेलवे फाटक नंबर 49 शव पड़ा मिला, परिजनो की मौजूदगी में। शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

कुएं में उतराता मिला लापता किशोर का शव

महोबा। चार दिन से लापता किशोर का शव कुएं में उतराता मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। घटना से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है श्रीनगर कोतवाली क्षेत्र के बिलखी निवासी चरण सिंह अहिरवार पुत्र गोविंदी उम्र 16 वर्ष दिल्ली में परिवार के साथ रहता था। 6 सितंबर को किसी कार्य से गांव आया था। 8 सितंबर को घर वालों से खेत जाने की बात कहकर निकला और शाम तक घर नहीं आया। परिजनों ने तलाश शुरू की लेकिन कोई जानकारी नही मिली। खेत के रास्ते में बने कुएं में शव उतारता दिखाई दिया जिसकी सूचना चरवाहों ने पुलिस को दी पुलिस ने शव को कुएं से निकालकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है द्य कोतवाली प्रभारी शिवपाल सिंह ने बताया कि कुएं मे शव पाया गया है द्य पुलिस द्वारा जांच कर अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

रिपोर्ट दर्ज होने के एक सप्ताह बाद भी पुलिस ने दोषियों को नहीं किया गिरफ्तार

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज। गृह सचिव के आदेश सेधोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के एक सप्ताह बाद भी राठ पुलिस ने अभियुक्तोंको गिरफ्तार नही किया है,जिससे पीड़ित ने दोबारा उच्चाधिकारियो से न्याय की गुहारलगायी है। जानकारी के मुताबिक राठनिवासी जगत सिंह राजपूत के साथ लाखो रुपए की धोखाधड़ी होने के बाद गृह सचिवके आदेश से राठ पुलिस ने राठ कस्वा निवासी आठ लोगो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कीथी जिसमे अफरोज मास्टर, बृजलाल, रफीक,मुस्ताक,शाहरुख आदि लोग शामिल थे। पीडित ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज होने के बादपुलिस हाथमें हाथ धरे बैठी है,यही नही अभियुक्त खुलेआम थाने के आसपास हीघूमते रहते है। गिरफ्तारी न होने सेअभियुक्तों के हौसले बुलंद है। यही नही वे अन्य कई लोगो को ठगी का शिकार बनाते घूम रहे है। अपना दल(एस) केजिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत ने पुलिस उच्चाधिकारियों को बताया कि संपत्ति खरीद फरोख्त में कस्बा राठ में कईनटवरलाल गिरोह बनाकर बिना रजिस्ट्रेशन और बिना आवासीय भूमि दर्ज कराए कृषिभूमि में स्टाम्प डयूटी की चोरी कर फर्जी रजिस्ट्रियां कराते रहते है जिससे भोलेभाले ग्राहक फसने के बाद अपने प्लाट नियमानुसार पाने के लिए परेशान रहते हैजिलाध्यक्ष कहा कि कस्बा राठ में इन सदस्योंद्वारा बनाई गई फर्म रजिस्टर्ड नहीं है और फर्जी तरीके से की गई रजिस्ट्री में भी लाखो रुपए के राजस्व की चोरी की गई है। उन्होंने फिर से गृह सचिव को को पत्र भेजकर मुकदमा में पंजीकृत प्रोपर्टी ठगीगिरोह के सभी सदस्यों की जल्द गिरफ्तारी वगैंगस्टर की कार्यवाही करने की मांग की है।

ससुरालीजनों ने दहेज हत्या की रिपोर्ट करायी दर्ज

मौदहा, हमीरपुर। गृह कलह के चलते मंगलवारको महिला ने घर में रखी डाई पी लेने से हुई मौत के बाद परिजनों नेससुरालजनों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पुलिस के मुताबिक नगरनिवासी संध्या (30) पत्नी सुशील ने मंगलवार को गृहकलह के चलते घरमें रखी डाई पी ली थी जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी जिसे परिजनों ने नगर केसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था जहां हालात नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार कर डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिएरेफर कर दिया वहीं हमीरपुर जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया था थानामौदहा पुलिस के द्वारा मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामाभरकर पोस्टनमार्टम हेतु भेजा गया था। इस प्रकरण में मृतिका के पिता ने तहरीर देकरमौदहा पुलिस से पुत्री के साथ दहेज उत्पीड़न कर उसकी हत्या का आरोप लगाया था जिसपर थाना मौदहा पुलिस के द्वारा ससुरालीजनों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं मेंअभियोग पंजीकृत किया है।

हत्या के वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों के पास से अवैध शस्त्र व कारतूस हुए बरामद

महोबा, समृद्धि न्यूज।

पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं अवैध शस्त्र के रोकथाम एवं बरामदगी हेतु चलाये जा रहे।

अभियान में गुरुवार को अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उप निरीक्षक सनय कुमार मय हमराही उप निरीक्षक पवन गौड, मय हमराह वीरेश्वर दत्त मिश्रा, जयदीप पटेल द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत धारा 3(5)/103(1), 352 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह उर्फ हेमु पुत्र महेन्द्र सिंह बुन्देला उम्र 45 वर्ष निवासी छैल बिहारी राज मंदिर कस्बा चरखारी के कब्जे से 1 तमंचा 315 बोर व 1 खोखा कारतूस 315 बोर, बाबी राजा परमार उर्फ भूपेन्द्र सिंह पुत्र राधेश्याम उम्र 25 वर्ष निवासी मो0 खंदिया कस्बा चरखारी के कब्जे से 1 जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुए मदारन देवी के रास्ते पर बने पुलिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

आटा मिल में 72 हजार 800 रुपये का माल किया सीज

महोबा, समृद्धि न्यूज।

सहायक आयुक्त खाद्य जय प्रकाश तिवारी के नेतृत्व मे खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल कुमार मिश्र एवं आरएल कुशवाहा की टीम ने झलकारी बाई नगर कबरई मे प्रचलित आटा मिल पर छापामार कार्यवाही की गयी। बहुत दिनो से सूचना मिल रही थी कि यह आटा मिल बिना लाइसेंस की चल रही है।

तथा इसके द्वारा किए गये उत्पाद विभिन्न नामो से बाजार मे बिक रहें है उक्त आटा मिल से 2 नमूना संग्रहण किया गया तथा 5 किग्रा0 आटा के पैकेट मे लगभग 70 बोरी जिसका मूल्य 9 हजार 800 रूपया एवं 25 किग्रा0 आटा के पैकेट लगभग 90 बोरी जिसका मूल्य 63 हजार रूपया कुल लगभग 72 हजार 800 का माल सीज किया गया एवं फैक्ट्री का परिचालन तब तक के लिए स्थगित कर दिया जब तक वैध लाइसेंस न ले ले। इसके अलावा उसे सुधार सूचना भी जारी किया गया।

भाकियू का धरना भूख हड़ताल में हुआ तब्दील

महोबा, समृद्धि न्यूज।

भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा 9 सितम्बर से लगातार किसान हित में जनहित में किसानों से सम्बंधित मुद्दों को लेकर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने धरना दिया जा रहा है। अनवरत चल रहे आंदोलन में गुरुवार को श्रीनगर गांव के सैकड़ों किसानों ने सहभागिता सुनिश्चित करते हुए आंदोलन को सफल बनाने हेतु आंदोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही। श्रीनगर गांव के प्रधान आशीष राजपूत, आशीष मिश्रा, महेश बर्मा, अखिलेश बर्मा, कुलपहाड़ के राजनारायाण सिंह खंगार, जुगल किशोर गर्ग, कुलदीप गर्ग, रजनीश दुवेदी लुहेडी, हरीओम दुवेदी सहित पदाधिकारी राजेन्द्र सिंह परिहार बुंदेलखंड सचिव, शंतराम त्रिपाठी जिला महासचिव, राकेश यादव तहसील अध्यक्ष महोबा, शिवशंकर शुक्ला, सुरेश दुवेदी, जयसिंह सिंह अहिरवार, ब्रजेंद यादव,आदि लोगों ने हमारा उत्साह बर्धन किया और कन्धे से कन्धा मिलाकर सहयोग समर्थन देने की बात कही 9 सितंबर से चल रहे अनशन को अपनी सभी माँगो के बारे में प्रशासन को सूचित करने के उपरांत जिलाध्यक्ष भारतीय हलधर किसान यूनियन जनक सिंह परिहार द्वारा गुरुवार से भूख-हड़ताल शुरू कर दी गयी है जिसमें उसके साथ संस्था के तहसील अध्यक्ष युवा महोबा शिशुपाल सिंह परिहार, तहसील अध्यक्ष कुलपहाड़ वीर बहादुर सिंह सेंगर व अन्य पदाधिकारी भी लगातार बारिश में दिन रात डटे हुये हैं जिनके साथ सैकड़ो किसानों का सहयोग है।

एसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज,पीड़िता लगा रही थी चक्कर

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

क्षेत्र की एक महिला ने नगर के एक युवक पर फॉर्मभरने के बहाने घर में बुला तमंचे की नोक पर बलात्कार करने की शिकायत की थीजिसमें कोतवाली पुलिस द्वारा हीला हवाली होते देख पीड़िता ने कप्तान की चौखट परपहुंच अपनी सुनाई तब जाकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करघटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा कीएक गाँव की महिला ने कोतवाली मौदहा में सात सितंबर को तहरीर दी थी की नगर केमुकीम पुत्र हबीब ने अपनी पत्नी के लोन का फॉर्म भरने के बहाने उसे अपने घर बुलायाजहां पर आरोपी ने तमंचे की नोक पर उसके साथ बलात्कार किया और इस घटना कोकिसी पर बताने पर पीड़िता के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान सेमारने की धमकी दी हालांकि तहरीर मिलने के बाद कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल कीबात कह पीडिता को कोतवाली से टरका दिया।

इस मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा न्यायमिलता न देख पीड़ित महिला ने पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा की चौखट पर पहुंच अपनीदास्तां सुनाते हुए आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग की जिस पर पुलिस अधीक्षक केआदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरूकर दी है।

हज़रत मुख्तार निजामी का सालाना उर्स आज से

मौदहा, हमीरपुर। प्रसिद्ध सूफी संत हजरतमुख्तार अहमद का निजामी का तीन दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आज से शुरू हो गया।कस्बेके मोहल्ला हुसैनगंज स्थित हज़रत मुख्तार अहमद निजामी का चार दिवसीय सालाना उर्स मुबारक आज शुक्रवारसे शुरू हो गया है। उर्स में बृहस्पतिवार की रात आस्ताने में मिलादुन्नबी का आयोजनकिया गया शुक्रवार को सुबह कुरानख्वानी के साथ दिन में चादरपोशी और लंगर कासिलसिला शुरू होगा जो देर शाम तक चलेगा और दिन के तीसरे पहर बाबा के पैतृकमकान से चादर निकाली जाएगी जो मोहाल भ्रमण के बाद आस्ताने में पेश की गई औररात में शानदार कव्वालियों का आयोजन हुआ। इसी तरह शनिवार को सुबह कुरानख्वानीके बाद दिन मे लंगर और रात में महफिल शिमां का आयोजन किया जाएगा।

बरसात से गिर रहे घर, दो गांवो का रास्ता बंद

कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।

जिले में दो दिन सेलगातार हो रही बरसात से कच्चे घरों का गिरना शुरु हो गया है,उधर खरीफ की फसलको नुकसान भी बताया जाता है। बरसात सेखरौंज गांव में एक बाड़े की कच्ची दीवाल गिर गई जिसमें तीन बकरियों की दबकरमौत हो गई।

वही नाले में बना रपटा के चलते दो गांवों का आने जाने का रास्ताबंद हो गया है।बीते तीन दिनों से क्षेत्र में रुक रुकर मध्यम गति से बारिश हो रहीहै। बुजुर्गों के अनुसार ये बारिश कच्चे मकानों के लिए आफत का काम करती है। उसीबारिश के कारण गुरुवार सुबह तड़के खरौंज गांव के नीरज कुमार पुत्र रामकिसनअहिरवार के बाड़े की कच्ची दीवार गिर गई जिसमें अंदर बंधी तीन बकरियों की दबकरमौत हो गई। नीरज ने बताया कि दीवार गिरने के तुरंत बाद जल्दी जल्दी मालवा हटाकरबकरियों को बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। उसने बताया कितीनों बकरियों की कीमत करीब 20 हजार रुपये थी।विकास खंड क्षेत्र केपारा गांव से कंडौर गांव जाने वाले रास्ते में नाले में बने रपटा में जल भरावहोने से दोनो गांव का आवागमन अवरुद्ध हो गया है। क्षेत्र में दो दिन से हो रहीबारिश से तथा बेतवा नदी का जल स्तर बढ़ जाने से पारा गांव से कंडौर जाने वालेरपटा में पानी भर जाने से दोनो गांव का आवागमन बंद हो गया है। गांव निवासीमोहन सिंह भदौरिया अंशु सत्य आदि ने बताया कि दो दिन बरसात होने सेतथा गांव के नीचे से बह रही बेतवा नदी का जल स्तर बढ़ जाने से देर शाम नालेमें बने रपटा के ऊपर से पानी बह रहा है।तथा लगातार पानी बढ़ रहा है। दोनो गांव के लोगो का आवागमन बंद हो गयाहै। पारा गांव में इंटर कॉलेज, बैंक आदि संचालित है।जिसमे लोगो का तथा छात्रछात्राओं का कंडौर से पारा आवागमन रहता है।

क्या चुनौती भरे अपराधों का गढ़ बने जिले को संभाल पायेंगे नये एसपी

सीयूजी नंबर ना उठाने वालों पर होगी कार्रवाई, जिले में बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने की रहेगी प्राथमिकता: एसपी

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली के पुलिस अधीक्षक रहे अभिषेक अग्रवाल का यूपी के आगरा में तबादला होने के बाद जनपद के नए पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह बनाए गए हैं।

यशवीर सिंह मूलतः उत्तराखंड के देवभूमि हरिद्वार जिले के रायसी गांव के रहने वाले हैं। जो 2013 बैच के आईपीएस अफसर है। जून 2022 में उन्होंने सोनभद्र जनपद का पहला चार्ज संभाला था।

तब से क्राइम कंट्रोल में की गई बड़ी कार्यवाई को लेकर यशवीर सिंह का नाम हमेशा चर्चाओं में रहा, सोनभद्र पुलिस अधीक्षक को तैनाती के दौरान डीजीपी प्रशंसा चिन्ह गोल्ड से भी सम्मानित किया गया है। यशवीर सिंह सबसे तेज तर्रार और युवा पुलिस अधीक्षक के रूप में माने जाते हैं। जानकारी अनुसार बता दे की सोनभद्र में पशु तस्करों और मादक पदार्थ तस्करों पर प्रभावित कार्यवाई की है। इसके परिणाम स्वरूप उन्हें डीजीपी प्रशंसा चिन्ह गोल्ड मिला था।

बिगड़ी कानून व्यवस्था संभालना होगी चुनौती

रायबरेली जनपद में नवांगतुक पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह की दूसरी तैनाती है। जो काफी चुनौती भरी हो सकती है। क्योंकि यहां की बिगड़ी कानून व्यवस्था और सत्ता पक्ष का दबाव परेशानी का सबब बन सकता है। यह वही रायबरेली है,जहां के सांसद राहुल गांधी हैं,और एक प्रदेश सरकार के मंत्री भी हैं। यह रायबरेली वैसे तो कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। लेकिन यहां राजनीति पनारो में बहती है। क्योंकि यही से आसपास के जनपदों के लोग राजनीति सीखकर विभिन्न पदों पर पदासीन है। इसी रायबरेली ने उत्तर प्रदेश को एक डीजीपी भी दिया था। रायबरेली में बदहाल पुलिसिंग को कैसे संभाल पाते हैं। यह नवांगतुक पुलिस अधीक्षक के लिए बड़ी चुनौती साबित होगी।

बीते कई महीनों में अपराध का गढ़ बन गया है रायबरेली

क्योंकि बीते कई महीनो से रायबरेली में लगातार अपराधिक घटनाएं घट रही हैं। चोरी, लूट, डकैती, दुष्कर्म की वारदातें आम हो गई हैं। जो समस्या है, अभी वर्तमान में भी चल रही है। कई ऐसे हत्याकांड है। लूट कांड है। जिस पर थाना अध्यक्षों ने पुलिस विभाग की किरकिरी करा कर रख दी है। इन्हें घटनाओं की पुलिस टीम में लगातार जांच कर रही है। लेकिन अभी तक किसी भी निर्णय पर नहीं पहुंची है। यही कई सारी चुनौतियां पुलिस अधीक्षक के लिए परेशानी का सभा भी बन सकती है। क्योंकि एक तरफ लखनऊ मुख्यालय से सटे होने के चलते सत्ता पक्ष का भी काफी दबाव रहता है। वहीं दूसरी तरफ नेता प्रतिपक्ष व जिले के सांसद राहुल गांधी जब इस रायबरेली की प्रतिनिधित्व कर रहे हो और उसे दौरान पुलिसिंग। काफी कठिनाइयो भारी हो जाती है। अब देखना यह है कि नवांगतुक पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह रायबरेली में भी क्राइम कंट्रोल कर पाने में कामयाब होते हैं या नहीं, या

डीएम ने की स्वच्छता ही सेवा अभियान के संबंध में बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

आगामी 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा अभियान

बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी 14 सितम्बर से 01 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता ही सेवा÷ (स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता) अभियान के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष हम स्वच्छ भारत मिशन की 10वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस उपलब्धि के दृष्टिगत स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता की थीम पर दिनांक 02 अक्टूबर को स्वच्छ भारत दिवस का समारोह मनाया जाएगा। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी ब्लैक स्पॉट (परम्परागत और चुनौतीपूर्ण कचरा स्थलों) को पहले ही चिन्हित करने के निर्देश दिए। इस अभियान के अंतर्गत चिन्हित किये गये सभी ब्लैक स्पॉट को सामूहिक श्रमदान के माध्यम से साफ किया जायेगा। इस अभियान के अंतर्गत नागरिकों, समुदायों एवं संगठनों की सहभागिता सुनिश्चित करने हेतु जन जागरूकता, स्वच्छता शपथ, स्वच्छता से सम्बन्धित प्रतियोगितायें, वाकथॉन, मैराथन, वृक्षारोपण इत्यादि विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। अभियान के दौरान स्वच्छ स्ट्रीट फूड चैलेंज, कचरे से कला, पुनः चक्रित उत्पादों की बिक्री एवं सांस्कृतिक उत्सव भी सम्मिलित होंगे। अभियान के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावशाली व्यक्तियों एवं ब्रांड अम्बेसडर घोषित कर उनकी भागीदारी सुनिश्चित करायी जानी है। स्वभाव, संस्कार, जिम्मेदारी एवं भागीदारी के संदेश के साथ यह कार्य हर घर को अभियान से जोड़कर, प्रतियोगितायें आयोजित कर, रैलियां निकाली जाएंगी। सभी ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम चलाया जायगा। जिलाधिकारी ने ईओ नगर निकाय और खण्ड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि पखवाड़े के दौरान स्वच्छता संवाद, स्वच्छता रैलियां, मानव श्रृंखला, स्वच्छता चौपाल, विशेष वार्ड की बैठकें और ग्राम सभा की बैठकें आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

स्कूली बच्चों के साथ शैक्षिक संस्थानों / स्कूलों/आंबनबाड़ी केन्द्रों में कविता, निबन्ध, चित्रकला और पोस्टर, नारे, लेखन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगितायें आयोजित कराएंगे। विशेष ग्राम सभा की सामुदायिक बैठकों में स्थानीय साफ-सफाई एवं स्वच्छता के विषय एवं उनके समाधान पर केन्द्रित चर्चा की जाएगी। प्रत्येक ग्रामीण क्षेत्रों का स्वच्छता की गतिविधियों के माध्यम से सौन्दर्गीकरण, वृक्षारोपण, कचरे से कला आदि के माध्यम से सार्थक बदलाव किया जायेगा। बैठक के दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, जिला विकास अधिकारी भूषण कुमार, डीपीआरओ नितेश भोंडले, उप कृषि निदेशक श्रवण कुमार सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अधिषासी अधिकारी नगर निकाय उपस्थित रहें।

संचारी रोगों के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा चलाया गया वृहद सफाई अभियान

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

संचारी रोग/डेंगू के प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण हेतु गुरुवार को मंगल पाण्डेय वार्ड के राजागली क्षेत्र,पाटेश्वरी नगर वार्ड के शक्ति विहार कालोनी, अवैद्यनाथ वार्ड के रानोपाली क्षेत्र तथा हनुमान कुण्ड वार्ड के कजियाना मोहल्ले में वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया गया।नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा वार्ड अवैद्यनाथ के रानोपाली क्षेत्र में अभियान का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित क्षेत्र में अवस्थित झाड़ियों व घास आदि की कटाई,नालियों की सफाई तथा ग्राण्ड से कूड़े की उठान, जी.वी.पी की सफाई एवं सफाई उपरान्त मैलाथियान के छिड़काव के निर्देश दिये गये।इसके अलावा कुछ भाग पर नाली न होने से जल निकासी प्रभावित होने के कारण तत्काल नाली निर्माण कराये जाने व क्रासिंग निर्माण के निर्देश दिये गये।सार्वजनिक कूएं को सम्बन्धित भवन स्वामी को ढकने हेतु निर्देशित किया गया। नगर आयुक्त श्री शर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा संचारी रोग/डेंगू के प्रभावी नियंत्रण हेतु नियमित रूप से रोस्टर के अनुसार वार्डों में अभियान चलाया जा रहा है।वार्डों तथा ऐसे क्षेत्रों में विशेष ध्यान आकृष्ट किया जा रहा है,जिन क्षेत्रों में गतवर्ष में हॉटस्पॉट पाये गये है। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारी एवं सफाई निरीक्षकों को पूर्ण संवेदनशीलता के साथ अभियान को चलाये जाने के निर्देश दिये गये है।इसके साथ साथ सम्पूर्ण वार्ड को अभियान के दौरान संतृप्त किये जाने के निर्देश दिये गये है।वार्डों में पंफ्लेट आदि वितरित करते हुए विशेष जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार सिंह,सहायक नगर आयुक्त अशोक कुमार गुप्ता, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार झा,कमल कुमार, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक देवी प्रसाद शुक्ला,विजयेन्द्र वर्मा, राकेश कुमार वर्मा, तथा श्रीमती गीता मौर्या आदि उपस्थित रहे।

छेड़खानी से मना करने पर दबंगों ने परिजनों को मारपीट कर किया घायल

पीड़ित मां की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है

सहजनवा गोरखपुर। समृद्धि न्यूज

सहजनवा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुचुई रेलवे ओवरब्रिज के नीचे की रहने वाली एक महिला ने सहजनवा पुलिस को तहरीर देखकर बताया कि प्रार्थीनी की 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ गांव के ही लड़कों द्वारा छेड़खानी की गई।जब हमने मना किया तो इन लोगो ने मेरे और मेरे पूरे परिवार के साथ जमकर मारपीट किया।तहरीर के माध्यम से उन्होंने बताया कि सजय सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह की चाउमिन के दुकान पर काम करने वाला राजू जो बस्ती जनपद का रहने वाला है।मेरी लड़की को आते जाते समय काफी परेशान व छेड़खानी करता था।मेरी लड़की ने घर आकर पूरी बात मुझको बताई तो मैं सजय सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह के वहा जाकर इसकी शिकायत किया।लेकिन इसके बाद भी राजू नहीं माना और अक्सर मेरी लड़की को परेशान करता रहता है।10 सितम्बर की सुबह राजू मेरी लड़की के साथ पुनः छेड़खानी किया।तो फिर मैंने उसे समझाया तो राजू मुझे गाली गुस्ता और मारने पीटने की धमकी देने लगा।और दोपहर करीब 2ः00 बजे अपने करीब 6 सहयोगी जिनका नाम पता मुझे मालूम नहीं है। जिसमे महिलाये व पुरुष जो स्कूटी नं क्र 51 क्रक्क 4382 व अन्य गाड़ी से आये थे।उक्त राजू व सजय सिंह पुत्र कपिलदेव सिंह के अलावा उनके सहयोगी द्वारा मिलकर मेरे दरवाजे पर आकर भददी भददी गलिया देने लगें और विरोध करने पर मुझे व मेरी दोनो लड़कियों को लात मुक्को डण्डे लोहे करछुल/पौने से मारने पीटने लगें।जब मैं व मेरी लड़किया अपनी जान बचा कर भागे तो यह लोग हमलोगों को दौड़ा दौड़ा कर मारे पीटे हैं जिससे मुझे व मेरी लड़कियों को काफी चोटें आयी है।मेरे पति जो घटना के समय घर पर नहीं थे सूचना मिलने पर घर आये तो उन्हे भी मारने पीटने लगे जिससे मेरे पति को भी चोटें आयी है और उक्त राजू मेरे पति के वाये हाथ मे दाँत से काट लिया है और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। हालांकि पुलिस ने पीड़ित मां की तहरीर पर सुसंगत धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।

यमुना का जलस्तर चौथी बार लगातार बढ़ने से प्रशासन हुआ एलर्ट

कालपी (जालौन)। समृद्धि न्यूज

यमुना नदी के जलस्तर में दो दिनों में 2 मीटर की वृद्धि हुई है। बाढ़ से सड़क का रपटा डूब जाने के कारण मगरौल-पड़री मार्ग में आवागमन लगातार तीसरे भी ठप्प रहा। संभावित बाढ़ की संभावनाओं को मद्देनजर रखते हुए उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने यमुना नदी के तटवर्ती स्थानों का निरीक्षण कर नागरिकों को सतर्कता बनाये रखने का सुझाव दिया है। केन्द्रीय जल आयोग केंद्र कालपी के प्रभारी रूपेश कुमार ने बताया कि 10 सितम्बर को यमुना नदी का कालपी में जल स्तर 101.66 मी दर्ज किया गया था। 11 सितंबर को जलस्तर 103.400 मीटर पर पहुंच गया था। जबकि जलस्तर बढ़ जाने से यमुना नदी कालपी में जलस्तर 103.10 मीटर मीटर पर पहुंच गया है। खतरे का लाल निशान 108 मीटर पर अंकित है इस दृष्टिकोण से साढ़े पौने 5 मीटर खतरे के निशान से नीचे यमुना नदी कालपी में वह रही है। यमुना नदी के जलस्तर में 2-3 सेमी प्रति घंटा की रफ्तार से बढ़ोत्तरी हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के मुताबिक राजस्थान तथा मध्य प्रदेश में बरसात होने के बाद यमुना नदी के उफ्नाने का दौर शुरू है। इसी के साथ एक बार फिर से बाढ़ की संभावना बढ़ रही हैं। उप जिलाधिकारी के मुताबिक बाढ़ राहत चौकिया को भी सक्रिय कर दिया गया है। आपदा प्रबंधन से जुड़े कर्मचारी भी बढ़ते जलस्तर पर नजर रखे हुए हैं।

खबरें एक नजर में

इलाज के लिए गिरवी रखा मकान चाचा छोड़ने को नहीं तैयार

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। इलाज कराने के लिए गिरवी रखे मकान को अब चाचा छोड़ने को तैयार नहीं चाचा रु. 15000 के बदले अब रु. 200000 मांग रहे हैं। पीड़ित पिता को न्याय दिलाने के लिए बेटी ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। मामला कोतवाली हैदरगढ़ क्षेत्र के रामपुर मजरे बारा गांव का है।गांव निवासी लल्लू वर्मा की पुत्री आरती वर्मा ने पुलिस को दी गयी तहरीर में बताया कि हमारी माता को सात वर्ष पूर्व कैंसर हो गया था। आर्थिक स्थिति बहुत दयनीय हो गई थी। इलाज के लिए सरकार की तरफ से मिली कालोनी भी गिरवी रखना पड गया था। रामपुर गांव निवासी रिस्ते में चाचा राकेश कुमार वर्मा को पिता ने मकान गिरवी रखकर इलाज के लिए 15 हजार रुपए ले लिए थे और इस शर्त पर कि जिस दिन ?15000 वापस करेंगे आवास खाली करना पड़ेगा आवास सौंप दिया था। लेकिन लल्लू मकान गिरवी रखने के बावजूद अपनी पत्नी को नहीं बचा सके। मकान गिरवी हो जाने के बाद लल्लू रायबरेली में जाकर निवास करने लगे।सात वर्ष बाद पुत्री आरती वर्मा पिता का गिरवी घर छुड़वाने के लिए चाचा राकेश वर्मा से मिली। आरती वर्मा ने बताया कि चाचा अब हमारा मकान छोड़ने को तैयार नहीं है। पन्द्रह हजार के बदले दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। जिसके बाद आरती वर्मा कोतवाली पुलिस से मिलकर न्याय किए जाने की गुहार लगाई है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

चकबंदी मामलों के निस्तारण के लिए लगाया गया ग्राम न्यायालय

हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। चकबंदी आयुक्त व जिलाधिकारी बाराबंकी के आदेश पर आज लाही गांव स्थित पंचायत भवन में ग्राम न्यायालय का विशेष शिविर चकबंदी विभाग की ओर से लगाया गया। जिसमें चकबंदी सीओ राजेश कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ पहुंचकर 103 मामलों का मौके पर नियमानुसार निस्तारण किया। शिविर न्यायालय में जमीन का मूल्यांकन,बटवारा व वसीयत ,बैनामा आदि के मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चकबंदी अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीणों को गांव में ही सस्ता न्याय दिलाने के उद्देश्य से इस विशेष चकबंदी न्यायालय का आयोजन किया गया है । बताया कि इस दौरान जमीन संबंधित 103 मुकदमों की सुनवाई की गई, और नियमानुसार निस्तारण किया गया ।इस मौके पर चकबंदी लेखपाल अंकित सिंह, आशीष कुमार मिश्र, जगजीवन, रामलाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

घर के बंटवारे को लेकर हुई मारपीट

जैदपुर बाराबंकी। घर के बटवारे को लेकर एक ही परिवार के लोगो मे हुए विवाद मे जमकर मारपीट हुई।पीड़ित ने थाना जैदपुर मे शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना क्षेत्र के शिवकुमार पुत्र पुनवासी अबहीपुर तेजवापुर ने जैदपुर थाने में शिकायत करते हुए बताया कि दिनांक 10-9-2024 को रात 9 बजे बटवारे को लेकर प्रार्थी के छोटे भाई गजराज पुत्र पुनवासी उसकी पत्नी व माता गांव के चंद्रिका ने पीड़ित को गंदी गंदी गाली देते हुए लात घूसों व डंडे लाठियो से मारा पीटा जिससे वो काफी चोटिल हो गया।उक्त मामले मे जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

बिजली चोरी करने पर एफआईआर दर्ज

इटावा। बिजली चोरी पर लगाम लगाने और लाइन लॉस कम करने के साथ बकायेदारों से वसूली के लिय लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल मनोज गौड़ एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड प्रथम के निर्देशन उपखंड अधिकारी गगन अग्निहोत्री और जे ई जितेंद्र कुमार ने नेतृत्व में चलाए गए चेकिंग अभियान में चौहान कॉलोनी, अशोक नगर में मॉर्निंग रेड की गई। पांच उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसर पर मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी करते पाया गया। सभी उपभोक्ताओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल मनोज गौड़ ने उपभोक्ताओं से विशेष अपील की है कि जनपद में लगातार तेज बारिश हो रही है ऐसे में आप सभी लोगों से अनुरोध है कि बिजली के खम्भों को न छुए तथा विद्युत लाइन के नीचे खड़ा होने से बचने की कोशिश करें, यदि किसी परिस्थिति में आपके क्षेत्र में लाइट नहीं आती है तो धैर्य का परिचय दें, हमारे कर्मचारी विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए लगातार पर प्रयासरत रहेंगे।

पुलिस ने वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

इटावा। अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्यवाही करते हुए इटावा पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर कब्जे से आलाकत्ल स्टील का चाकू बरामद किया। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना भरथना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए वांछित आरोपी सतेन्द्र सक्सेना पुत्र प्रेम किशोर सक्सेना निवासी पुरानी बरधाई थाना भरथना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्टील का चाकू बरामद किया। इस सफलता में देवेन्द्र सिंह प्रभारी थाना भरथना, वरिष्ठ उप निरीक्षक जय सिंह, उपनिरीक्षक अरिमर्दन सिंह, का. शाहरुख खाँ का सराहनीय योगदान रहा।

जुलूस अजाखाने के साथ हुई मजलिस

जैदपुर बाराबंकी। हसरते इमाम हसन अस्करी 11 वें इमाम की यौमे शहादत पर कदीमी जुलूस फरासत जैदपरी काले फाटक से व दूसरा जुलूस अजाखाने मुसय्यब मेहंदी से बरामद होकर कस्बे के विभिन्न मार्गों से गुजर कर पूरब तरफ करबला पहुंचा जिसमें मजलिस को अता मेहंदी साहब ने खिताब फ़रमाया। बताते चलें कि गुरुवार को हजरत इमाम अस्करी 11 वें इमाम की शहादत पर हुसैनियां मीर सैय्यद फरासत हुसैन रिजवी काला फाटक व अजाखाने मुसय्यब मेहंदी से बरामद होकर पूरब तरफ करबला पहुंचा। मजलिस को मौलाना अता मेहंदी ने खिताब फ़रमाया। जुलूस में ऊंट घोड़े अलम जुलजना ताबूत इमामे अस्करी के साथ असद रजा के अंजुमन हुसैनियां द्वारा नौहा ख्वानी सीना जनी व जंजीरी मातम भी किया गया। जबकि नज़्रे मौला एखलाक मेहंदी के आवास पर अंत में किया गया। इस मौके पर स्थानीय पुलिस के जवानों के अलावा डाक्टर मुजफ्फर ,रजा आमिर ,मुताकिद मेहंदी मौलाना जहीन रिजवी, मौलाना फरोख रिजवी, डाक्टर अली मुस्तफा इरशाद मिंया अमीर हैदर रिजवी,जवाद रिजवी,आसार मेहंदी, जैनू राना , मुनव्वर सलमान अली समीर मक्की मेहदी,सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

राशन कार्ड की केवाईसी के लिए भटक रहे ग्रामीण

जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

जैदपुर मे आधार कार्ड सेंटर न होने के कारण राशन कार्ड,केवाईसी के लिए जनता दर दर की ठोकरें खाने पर मजबूर है।लगभग सत्तर हज़ार आबादी वाले कस्बे में सिर्फ़ डाक खाने मे आधार कार्ड मशीन है। जिसमे सिर्फ़ प्रतिदिन 10 से 15 आधार कार्ड अपडेट और नए आधार बनाने का काम होता है।जो कि इतने बड़े कस्बे के लिए आप पर्याप्त है।केंद्र मे सिर्फ़ कस्बे के ही लोग नही आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी निर्भर हैं। इसके अलावा जैदपुर बाराबंकी व जैदपुर अंदर की रोड बहुत ही दयनीय स्थिति मे है।इस संबंध मे क्षेत्रीय विधायक गौरव कुमार रावत के आवास पहुंचकर कस्बे के लोगो ने करके एक मांग पत्र सौंपा।इसमें विधायक को अवगत कराया गया कि जैदपुर कस्बे के अंदर के भी कुछ मार्ग चलने के लायक़ नही है।थोड़ी सी बारिश से हर तरफ़ गढ्ढो मे गंदा पानी भर जाता है जिससे आम जन मानस के लिए चलना दूभर हो जाता है।और यही गढ्ढे हादसे का कारण बन जाते है।विधायक जी को पत्र के माध्यम से यह भी अवगत कराया कि आधार कार्ड कैम्प लगवाया जाए जिससे राशन कार्ड में हो रहे छोटे बच्चो और बुजुर्गों को दिक्कत से निजात मिल सके।जिसपर उन्होने आधार कार्ड के संबंध में मौक़े पर ही आला अधिकारियो से वार्ता कर जल्द ही ब्लॉक स्तर और नगर पंचायत कार्यालो मे आधार कैम्प लगाने को कहा।इस संबंध मे विधायक गौरव रावत ने बताया कि मेरी आलाधिकारियो से बात हुई है।जल्द ही समस्याओ का समाधान कराया जाएगा।इस अवसर पर पत्रकार नजमुल हसन,डाक्टर मोहम्मद सुफियान शाह, मास्टर आफताब आलम,सुफियान वकील,फुरकान प्रधान पारा उपस्थित रहे।

अंतरर्राष्ट्रीय तस्कर व गैंगेस्टर का वांछित का कुर्क हुई 21 करोड़ 90 लाख की सम्पत्ति

जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज

थाना जैदपुर पर पंजीकृत यू.पी गैंगस्टर एक्ट के अभियुक्त गिरोह सरगना मुनव्वर पुत्र यासीन निवासी राजा कटरा जैदपुर बाराबंकी अपने गिरोह के सक्रिय सदस्य जासिम पुत्र जलीस निवासी मोहल्ला हटिया कस्बा सिद्धौर थाना असंद्रा के साथ मिलकर विगत 20, 22 वर्षो से आर्थिक व भौतिक एवं दुनिया भी लाभ हेतु अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थो की तस्करी में लिप्त है। गिरोह द्वारा अवैध तरीके से की जा रही मादक पदार्थ की तस्करी जैसे अपराधिक कृत्यों से आम जनमानस के जीवन में संकटापन्न स्थिति उत्पन्न किए जाने के साथ ही युवा वर्ग को नशे की लत में डालकर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है ।

जिससे आम जनमानस अपने बच्चों को आज सुरक्षित महसूस कर रहा है। इस संगठित गिरोह के द्वारा कारित किया जा रहे. अपराधक कृतियों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु अभियुक्त मुनव्वर उपरोक्त द्वारा अपनी पत्नी मजहरी बानो व अपने मित्र मोहम्मद सईद अहमद की पत्नी नसीम बानो निवासिनी मोहल्ला आजाद नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी के नाम पर अर्जित की गई चल अचल संपत्ति की कीमत लगभग 12 करोड़ 16000 रुपए को थाना जैदपुर, सफदरगंज पुलिस द्वारा चिन्हित कर जिला मजिस्ट्रेट बाराबंकी को आख्या प्रेषित की गई जिसके आधार पर धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंद अधिनियम एवं समाज विरोधी क्रियाकलापों निवारण अधिनियम 1986 के अंतर्गत कुर्की का आदेश पारित किया गया था जिसके अनुपालन में थाना जैदपुर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा अंतर्गत धारा 14 (1)उत्तर प्रदेश गिरोह बंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के तहत गिरोह, सरगना मुनव्वर उपरोक्त की जनपद बाराबंकी में स्थित चल अचल संपत्ति को राज्य पक्ष में कुर्क किया गया।

ज्ञात होगी की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना मुनव्वर उपरोक्त की चल ,अचल संपत्ति कीमत लगभग 21 करोड़ 90 लाख रुपए को धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के तहत पूर्व में ही कुर्क किया जा चुका है।

धोखाधड़ी कर बुलेरो हड़पने पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कालपी (जालौन)। साढ़े ग्यारह लाख रुपए की धोखाधड़ी करके नई बुलेरो कार हड़पने के मामले में विक्रेता कंपनी के टीम लीडर के द्वारा न्यायालय के आदेश पर कालपी कोतवाली में नामजद आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उक्त प्रकरण की विवेचना करने में कोतवाली पुलिस जुट गई है। वादी सुमित राठौर पुत्र सुरेश राठौड़ निवासी पटेल नगर उरई टीम लीडर ध्रुव तारा ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड उरई मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी सुमित सिंह पुत्र कल्याण सिंह निवासी ग्राम कथरी सट्टी जनपद कानपुर देहात ने 21-6-24 को प्रार्थी की एजेंसी से बुलेरो गाड़ी लेने हेतु फेन से संपर्क किया, जिस पर सौदा होने के बाद सुमित सिंह ने 10 हजार रुपये तत्काल अग्रिम फेन के माध्यम से अदा किये और गाड़ी टेस्ट ड्राइव के लिए कदौरा मंगवाई और टेस्ट ड्राइव के लिए गाड़ी कदौरा ले गया।

श्रद्धा **गौर निताई परिवार के राधा अष्टमी महामहोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब**

झमाझम बारिश के बीच पंचामृत व औषधियों से हुआ राधा श्याम सुंदर का महाभिषेक

इटावा। समृद्धि न्यूज

श्री श्री गौर निताई परिवार के तत्वाधान में शहर के नुमाइश पंडाल में भव्य श्री राधा अष्टमी महामहोत्सव श्रद्धाभाव के साथ भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। झमाझम बारिश के बीच श्री राधा श्यामसुंदर के महाअभिषेक में शामिल होने के लिए देर रात तक आस्था का सैलाब उमड़ा रहा। यहां पर वैदिक मंत्रोचार के बीच 108 मटके जल के अलावा पंचामृत व औषधीय द्रव्यों से श्री राधा श्यामसुंदर का महाभिषेक किया गया। अभिषेक के समय श्रद्धालु राधा नाम संकीर्तन करते रहे।

राधा श्याम सुंदर के महा अभिषेक के लिए देर रात तक श्रद्धालुओं की लंबी लाइन लगी रही। गौर निताई परिवार के युवा भक्तों के द्वारा राधारानी के प्राकट्य की नाट्य लीला का मंचन श्रद्धालुओ के बीच आकर्षण का केन्द्र रहा और भक्तो के द्वारा जमकर विभिन्न सामानो की खूब लुटाई भी की गयी।श्री राधा अष्टमी पर नुमाइश पंडाल में श्री धाम बरसाना सा नजारा दिखाई दिया।

बुधवार की सुबह से ही झमाझम बारिश हो रही थी जो देर रात तक नही थमी लेकिन इसके बाद भी भक्तो का उत्साह कम नही हुआ और हजारों की संख्या में श्रद्धालु महा अभिषेक में शामिल होने के लिए पहुंचे और रात दो बजे तक डटे रहे राधा अष्टमी महामहोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत शाम 5.00 बजे श्री राधा नाम संकीर्तन के साथ हुई और उसके बाद एक से बढ़कर एक ज्ञानवर्धक धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। सनातन धर्म प्रचारक व गौर निताई परिवार के मुखिया पंडित मनुपुत्र दास ने श्रद्धालुओं को श्री राधा प्राकट्य कथा का श्रवण पान कराया। श्री राधा प्राकट्य कथा के बाद श्री राधा श्याम सुंदर के महाभिषेक की तैयारियां शुरू हुई। पंडित मनुपुत्र दास ने विधि विधान से पूजन अर्चन करने के बाद महाभिषेक शुरू किया और इसके बाद जिले के अलावा बाहर से आये भक्तों ने बारी-बारी लाइन लगाकर अभिषेक किया।जिले के कई जनप्रतिनिधि न्यायिक व प्रशासनिक अधिकारीयों के अलावा डाक्टर व समाजसेवी भी महा महोत्सव में शामिल हुए । गौर निताई परिवार के सदस्यों ने वाद्य यंत्रों के बीच एक से बढ़कर एक बधाई गीत व भजन प्रस्तुत किये जिन पर महिलाएं, युवतियां, बच्चे, युवक जमकर झूमे। कार्यक्रम में विशेष आकर्षण राधा रानी के प्राकट्य लीला का नाट्य मंचन रहा। पूरे पंडाल को जहां रंग-बिरंगे गुब्बारे से सजाया गया था वही राधा श्याम सुंदर के दरबार में भव्य फूल बंगला सजाकर छप्पन भोग भी अर्पित किया गया। राधा रानी के जन्मोत्सव को लेकर श्रद्धालुओं में इस तरह का उत्साह था कि दोपहर 3ः00 बजे से ही पंडाल में पहुंचना शुरू हो गया था। पंडाल व आसपास के क्षेत्र में बरसाना धाम जैसा नजारा दिखाई दिया और रात 02ः00 तक चले महा महोत्सव के कार्यक्रम में श्रद्धालु उत्साह के साथ डटे रहे। पंडित मनु पुत्र दास के राधा रानी के जन्मोत्सव की खुशी में लडडू फल फूल मेवा टाफी व अन्य सामानों की जमकर लुटाई की और बधाई भी बांटी, लुटाई लूटने को हर भक्त आतुर दिखाई दिया। आरती के बाद कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और सभी को महा प्रसाद भी वितरित किया गया।

डकैती करने वाले दो बदमाशों को पुलिस ने दबोचा, माल बरामद

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

थाना ठठिया व जनपदीय पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम फतुआपुर व ग्राम बस्ता में डकैती की घटना को अंजाम देने बाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया व लूटा हुआ माल बरामद किया। थाना ठठिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम फतुआपुर व ग्राम बस्ता में पांच अज्ञात बदमाशों द्वारा डैकैती की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसमें वादी संतोष कुमार पुत्र राकेश कुमार राजपूत निवासी ग्राम फतुआपुर की तहरीरी सूचना पर थाना ठठिया पर पांच अज्ञात बदमाश के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। घटना के अनावरण के लिए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने एसओजी समेत कई टीम बनाई थी। घटना के अनावरण हेतु आसपास के करीब 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरा को चेक किया गया था एक्सप्रेसवे और जी टी रोड से गुजरने वाले लगभग 1000 से अधिक वाहनों के डाटा को देखा गया था। ग्राम बस्ता व फतुआपुर के आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों से पूछताछ की गई। थाना ठठिया पुलिस की दो टीमों द्वारा ठठिया मकनपुर रोड भदौसी बार्डर पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहनों की चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध द्व10 कार को रोक कर तलाशी ली। तो गाड़ी में तमंचे व डंडे मिले। कार सवार दो व्यक्तियों से पूछताछ कि तो आकाश बाल्मीकि पुत्र प्रदीप कुमार निवासी ग्राम रामेन्द्र विहार कालोनी/ अब्बास नगर थाना बक्सी का तालाब जनपद लखनऊ, पृथ्वी उर्फ बल्ला पुत्र रामचन्द्र निवासी ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात हरदोई बताया जिनके कब्जे से 01 अदद हार सोने का, 01 जोड़ी झाला सोने का, 01 जोड़ी पायल चांदी की व 01 अदद नाक की कील सोने की एवं 02 अदद मोबाईल व 20,140/- रुपये नगद तथा घटना में प्रयुक्त द्व10 कार व 01 अदद पेचकस व 01 अदद प्लास व 03 अदद लकड़ी के डंडा एवं 01 अदद लोहे की रॉड व 01 अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया। इनके द्वारा थाना ठठिया अंतर्गत डकैती किया जाना बताया गया व अपने अन्य गैंग सदस्यों के संबंध में जानकारी दी गई। इस गैंग ने पूर्व में हरदोई, कन्नौज एवं आसपास के अन्य जनपदों में भी डकैती, लूट व चोरी की घटनाएं की है। इस गैंग के सदस्य मूल रूप से हरदोई के रहने वाले हैं जो वर्तमान में सीतापुर में रह रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि लूटपाट के लिये अपने साथियों के साथ हुन्डई कार व कार डस्टर एवं बिना नम्बर मोटर साईकिल होन्डा एक्सट्रीम सीतापुर से आये थे। दोनों कारों व मोटर साईकिल को गांव के बाहर खड़ी करके ग्राम फतुआपुर व ग्राम बस्ता में खेतों में बने दो घरों में जेवरात व पैसा लूट लिये थे तथा ग्राम फतुआपुर घर से उनके दो मोबाईल फोन भी छीन लिये थे और उन्हे मारा पीटा था। हम लोग जो घर गांव के बाहर एकान्त में बने होते है उनको निशाना बनाते है और उनमें लूटपाट करते है। विवेक उर्फ पिन्कू उम्र 26 वर्ष पुत्र अमर सिंह उर्फ अमरू निवासी ओमपुरी नानागंज झाला थाना कोतवाली देहात हरदोई इनके गैंग का लीडर है।

बंदियों द्वारा बनाएं गए थैले को जिलाधिकारी ने किया लांच

- आज से स्टाल पर मिलेगा 15 और 20 रुपये में थैला

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज

बैग की लांचिंग करते डीएम व साथ में मौजूद जेल अधीक्षक

पर्यावरण बचाव को लेकर हर संभव प्रयास किए जा रहे है। ताकि हम सब हवा में खुलकर सांस ले सके। ÷पालीथीन हटाओं, पर्यावरण बचाओं'' के उद्देश्य से बंदियो द्वारा बनाएं गए थैले को जिलाधिकारी द्वारा लांच किया गया। अनौगी स्थित जिला कारागार में ''वन जेल वन प्रोडक्ट'' योजना के अन्तर्गत ''पालीथीन हटाओं, पर्यावरण बचाओं'' के उद्देश्य से जिलाधिकारी शुभांत शुक्ल ने निरूद्ध बंदियों द्वारा बनाये जा रहे कपड़े के दो प्रकार के थैले (कैरी बैग) की लांचिग की। बताया गया कि साधारण थैले का मूल्य पंद्रह रुपये तथा चेन वाला व अधिक सामान रखने वाला थैले का मूल्य बीस रुपए है। बंदियों को भी प्रति थैला दो, तीन रुपए की दर से मजदूरी दी जायेगी। जेल अधीक्षक ने बताया कि आज से इनकी बिक्री कारागार के बाहर एक स्टाल के माध्यम से की जायेगी। तदोपरान्त शहर में विभिन्न स्थानों पर भी स्टाल लगाकर इनकी बिक्री की जायेगी। लॉचिंग के दौरान जिलाधिकारी के साथ जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ व प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार रहे।

खबरें चलते-चलते

अज्ञात वाहन की टक्कर से सड़क पार कर रहे युवक की मौत

तिर्वा। इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कनौली गांव के निकट बुधवार की देर रात सड़क पार कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे से गुस्साए परिजनों व ग्रामीणों ने तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना पर तिर्वा व इंदरगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के समझाने पर करीब एक घण्टे बाद परिजनों ने जाम खोल दिया। गुरूवार को पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कनौली गांव निवासी नीरज (30) पुत्र पवन कुमार रात 10 बजे के करीब सड़क पार कर रहा था। उसी समय पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही तिर्वा-इंदरगढ़ मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम लगने की जानकारी मिलते ही इंदरगढ़ व तिर्वा कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने जाम खुलवाने का प्रयास किया, तो ग्रामीण दुर्घटना की जिम्मेदार वाहन को पकड़े जाने की मांग करने लगे। इसपर कोतवाली पुलिस ने उनको भरोसा दिलाया कि जल्द ही वाहन चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। इसपर ग्रामीण मान गए। बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

बुलोरो की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

तिर्वा। पाल चैराहे के निकट गुरूवार की दोपहर बुलोरो की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घाल हो गया। उपचार के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची कन्नौज कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। ठठिया थाना क्षेत्र के खिम्मापुर्वा गांव निवासी शिव प्रजापति (35) पुत्र प्रेमशंकर कन्नौज के एक प्राइवेट नर्सिंग होम में पैथोलॉजी लैब में काम करता था। वह पूरे जिले में घूम-घूमकर ब्लैड सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए ले जाता था। गुरूवार की दोपहर वह तिर्वा क्षेत्र से सैंपल लेकर अपनी बाइक से कन्नौज जा रहा था। पाल चैराहे के निकट एक तेज रफ्तार बुलोरो कार ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एम्बुलेंस को बुलाकर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती करा दिया। यहां कुछ देर उपचार के बाद उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन भी मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रेमिका से मिलने आए युवक को चोर समझकर ग्रामीणों ने पीटा

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के बछज्जापुर गांव में अपनी प्रेमिका से मिलने आए एक युवक को ग्रामीणों ने बुधवार की देर शाम उसे चोर समझकर जमकर पिटाई की। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कानपुर जनपद के बिल्हौर निवासी एक युवक को फेसबुक पर बछज्जापुर गांव की एक युवती से प्रेम हो गया। उसे मिलने के लिए बुधवार की देर शाम वह गांव पहुंचा। यहां मक्का के खेत में छिपकर वह समय का इंतजार कर रहा था। उसी दौरान कुछ ग्रामीणों ने उसको खेत में संदिग्ध हालत में बैठा देखा, तो उसे चोर समझकर पकड़ लिया। खेत से बाहर निकालकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। इसी दौरान कोतवाली पुलिस ने कुछ लोगों को सूचना दे दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस युवक को कोतवाली ले आई। यहां पुलिस की पूछताछ के दौरान युवक ने बताया कि यहां वह अपनी फेसबुक फ्रेंड से मिलने के लिए आया था। पर ग्रामीणों ने उसे चोर समझकर पीटा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मकान गिरने से दबकर वृद्ध महिला की मौत

तिर्वा। कोतवाली क्षेत्र के अलीनगर गांव में एक कच्चा मकान गिरने से उसमें लेटी एक 80 वर्षीय महिला दब गईं। मकान गिरने से आस-पास के परिवार के लोग दौड़ पड़े किसी तरह मलबे को हटाकर महिला को बाहर निकाला, लेकिन उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बुधवार की रात को कोतवाली क्षेत्र के अलीनगर गांव में श्रीपाल की 80 वर्षीय पत्नी राजरानी कच्चे मकान में सो रहीं थीं। लगातार पानी गिरने से देर रात उसकी कच्चे मकान की छत टूट कर नीचे गिर गई जिससे उसमें लेटीं वृधा दब गईं। छत के गिरने से आस-पास के रहने वाले लोग दौड़ पड़े। किसी तरह मलबे को ग्रामीणों ने हटाया मलबे में दबी महिला को बाहर निकाला लेकिन छत गिरने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिला की मौत को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। छत गिरने की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु कन्नोज भेज दिया। महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके तीन लड़के अलग-अलग मकानों में रहते हैं। केवल महिला ही कच्चे मकान में लेटी थी।

72 घंटे से जारी बारिश से नगर की गलियां ही नहीं सरकारी कार्यालय हुये जलमग्न

जालौन (उरई)। मंगलवार से शुरू हुई बारिश गुरुवार को भी जारी रही। तीन दिन से लगातार बारिश होने के कारण नगर व ग्रामीण क्षेत्र पानी पानी हो गया है। नगर की गलियों के साथ सरकारी कार्यालयों में भी जलभराव हो गया है। जलभराव के चलते आम जनता के साथ सरकारी कर्मचारी व अधिकारी परेशान हैं। घनघोर बारिश के माह भाद्रपद में तीन दिनों से लगातार बारिश चल रही है। मंगलवार की दोपहर बारिश होने के बाद मौसम खुल गया था। इसके बाद रात से फिर बारिश शुरू हो गई। यह बारिश बुधवार को पूरे दिन व रात में रूक रूक होती रही। यह सिलसिला गुरुवार भी जारी रहा। लगातार हो रही बारिश के नगर में चारों ओर पानी ही पानी नजर आ रहा है। मोहल्ला दलालनपुरा, चिमनदुबे, कछोरन, तोपखाना, हरीपुरा, काशीनाथ, जोशियाना समेत कई मोहल्लों में पानी भर गया। इसके साथ सरकारी कार्यालयों क्षेत्र पंचायत कार्यालय व आवासीय परिसर, पशु चिकित्सालय, बाल विकास पुष्टाहार परियोजना कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, पुलिस उपाधीक्षक कार्यालय, कृषि उत्पादन मंडी समिति समेत कई सरकारी कार्यालय जल मग्न हो गए। सबसे ज्यादा खराब स्थिति 62 ग्राम पंचायतों के विकास करने के जिम्मेदार कार्यालय क्षेत्र पंचायत कार्यालय की है। कार्यालय परिसर में तालाब होने के बाद भी पानी निकासी के अभाव में कार्यालय जल मग्न है। जनता कार्यालय नहीं जा पा रही है। कर्मचारी व अधिकारी भी परेशान हैं। पानी को निकालने के लिए सबमर्सिबल पंप चलाना पड़ा है।

विद्युत बिल सुधार में आवश्यक कदम उठाएं: जिलाधिकारी

- जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यों के संबंध में की बैठक

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़

बैठक में निर्देश देते जिलाधिकारी समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में 50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निर्माण कार्यों एवं विकास कार्यो के संबंध में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लि0 निर्माण इकाई को निर्देश दिए कि राजकीय पॉलिटेक्निक तिर्वा में आवासीय भवनों का निर्माण, बाल संग्रहालय की स्थापना, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में जो कार्य शेष बचा है। उसे समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को तीव्र गति पूर्ण कर जनता को समर्पित किया जाये। उन्होनें सिचाई विभाग को निर्देश दिये कि डार्क जोन विकास क्षेत्र तालग्राम एंव जलालाबाद में सिचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु कार्य में तेजी लाकर पूर्ण किया जाये। समधन पुनर्गठन पेयजल योजना को प्राथमिकता में लेकर कार्य पूर्ण किया जाए, जिससे पेयजल की कठिनाइयों का सामना लोगो को न करना पड़े। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उमर्दा, समधन, विशुनगण एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी, घुरपुर, निजामपुर के निर्माण आदि कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए कि सभी कार्य समय सीमा के अंदर पूर्ण किए जाएं और गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिये कि विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष विद्युत आपूर्ति कितनी हो रही है और कितनी विद्युत की चोरी हो रही है। इस पर प्लान तैयार कर कार्यवाही की जायेगी। उन्होने कहा कि विद्युत बिल सुधार में आवश्यक कदम उठाये जाएं। कहा कि दिव्यांग पेंशन योजना के 41 लंबित प्रकरणों को समय से निस्तारित किया जाये। अण्डा उत्पादन में बढोत्तरी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री सहभागिता योजनान्तर्गत निराश्रित/बेसहारा गोवंश को इच्छुक कृषकों/पशुपालकों को सुपुर्द कर लाभान्वित किया जाये। मुख्यमंत्री शादी अनुदान योजना एवं कन्या सुमन्गला योजना के लंबित आवेदनो का यथाशीघ्र निस्तारण किया जाये।

खंड विकास अधिकारी ने बैठक कर सचिवों को दिए निर्देश

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

खंड विकास कार्यालय में ग्राम विकास अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक में खंड विकास अधिकारी ने दिए निर्देश खंड विकास कार्यालय के सभागार में खंड विकास अधिकारी पंचायत मित्रों की संयुक्त बैठक में खंड विकास अधिकारी दीपंकर आर्य ने खंड विकास अधिकारियों को शासन की योजनाओं को धरातल पर कारगर करने के लिए सख्त निर्देश दिए प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए डोर टू डोर सत्यापारकर जरूरतमंदों को आवास उपलब्ध कराया जाए।

सर्राफा व कपड़े दुकान से हुई थी लाखों रुपये की चोरी की घटना से दहशत मे दुकानदार

- सीओ व कोतवाली प्रभारी ने घटनास्थल पर पहुंचकर की जांच

समधन, समृद्धि न्यूज़

चोरों ने सर्राफा व कपड़े दुकान पर बीते मंगलवार रात को शटर में लगे ताले को तोड़कर लाखों रुपये का जेबरात कीमती साड़ियां व नगदी चुरा ले जाने की घटना को लेकर सदर सीओ ने कोतवाल के साथ पहुंचकर छानबीन कर जल्द पर्दाफाश करने का पीड़ित दुकानदार को भरोसा दिया है। समधन के मोहल्ला अल्लामा इकबाल नगर निवासी नासिर हुसैन पुत्र नईम हुसैन की मैन सड़क किनारे हाजी हसरुददीन मार्केट में सर्राफा व कपड़े की दुकान पर बीते मंगलवार रात को अज्ञात चोरों ने मार्केट के अन्दर घुसकर शटर के ताले तोड़कर सर्राफा दुकान से करीब 9 किग्रा पुरानी चांदी पुराना सोना करीब 30 ग्राम कपड़े दुकान में करीब 320 कीमती साड़ियां सहित नगदी करीब 12000 रुपया पार कर लें गये थे। पीड़ित सर्राफा दुकानदार ने एक लिखित शिकायती पत्र गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी को देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सुराग लगाकर कठोर कार्रवाई करने की मांग थी। सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार व गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांचकर जल्द घटना का पर्दाफाश करने का पीड़ित सर्राफा दुकानदार को भरोसा दिया है। उधर सर्राफा सहित कपड़े दुकान में हुई चोरी की घटना को लेकर नगर के दुकानदारों में चोरों को लेकर दहशत का माहौल छाया हुआ है।

साप के काटने से युवक की मौत

छिबरामऊ कन्नौज। विशुनगंढ थाने के ग्राम कुंवरपुर वनवारी निवासी 35वर्षीय साजिद उर्फ शानू पुत्र शमशुददीन जोकि कारपेंटर का कार्य करता था। दिनांक 10 की रात को सोते समय सांप ने काट लिया। आनन-फानन मे परिजन दिलू नगला स्थित सौ शैय्य अस्पताल मे भर्ती कराया वहा पर उपचार के बाद डॉक्टरो ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रैफर कर दिया।लेकिन परिजन उसे कानपुर के हैलट मेडिकल कॉलेज मे भर्ती कराया गया ।वहा पर बुधवार की रात मे मौत हो गई। जैसे ही इसकी खबर परिजनो को दी गई वैसे हो कोहराम मंच गया।विधिक हो कि पत्नी सोवी परवीन है दो लडके व एक लडकी है और साजिद तीन भाईयो मे सबसे बड़ा है इसकी सूचना जैसे ही समाजसेवी व एडवोकेट अजय यादव को मिली वैसे उसके घर पहुंचकर परिजनो को शांनतुना दी। मौके पर राजस्व निरीक्षक व लेखपाल ने जाकर जांच की।

प्रदेश सरकार की योजना पर कर्मचारी लग रहे हैं पलीता

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विगत वर्षो पूर्व परिवाहन निगम बस स्टॉप का सुंदरीकरण कार्य आम जनता की सुविधा के लिए कराया गया था लेकिन अधिकारी व कर्मचारियों की उग्र मर्जी के चलते बस स्टॉप बना वर्कशॉप। विगत वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश परिवहन निगम बस स्टॉप का सुंदरीकरण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के अंतर्गत कराया गया था जिससे आम जनता को लाभ मिल सके लेकिन अधिकारी व कर्मचारियों की मनमर्जी के चलते बस स्टॉप बना वर्कशॉप लगभग 28 गाड़ियों में से एक दर्जन गाड़ी बस स्टॉप में 24 घंटे की मेहमान है पूर्व में हरिद्वार मथुरा आगरा लखनऊ की गाड़ियां संचालित की जाती थी जिससे आम जनता को सुविधा मिल रही थी लेकिन अधिकारियों की मनमर्जी के चलते समस्त रोडो की बसों का संचालन बंद कर केवल दिल्ली के लिए शुरू किया गया कर्मचारियों की मनमर्जी के कारण बस स्टॉप पर आने वाली सवारी से कर्मचारियों द्वारा बताया जाता है कि यहां से बसों का संचालन नहीं किया जाता है पूर्वी बाईपास पर पहुंचे वहां से गाड़ी आपको मिलेगी प्रदेश सरकार की योजना पर कर्मचारी लग रहे हैं पलीता।

एक्सप्रेस-वे पर कार की टक्कर से ऑटो सवार पिता-पुत्री की मौत

तिर्वा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम कट के निकट एक तेज रफ्तार कार ने आगे जा रहे एक टैम्पो में गुरूवार की शाम टक्कर मार दी। जिससे आटो में सवार पिता-पुत्री की मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। दो अन्य गंभीर रूप से घायल हुए है। जिनका मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के पडुवापुर गांव निवासी विजय कुमार (55) पुत्र कामता प्रसाद अपनी पत्नी ईश्वरवती (50) व पुत्री सुभी (18) एवं चालक सोहेल निवासी सौसरापुर के साथ टैम्पो पर सवार होकर जा रहे थे। गुरूवार की शाम 06 बजे के करीब पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनके टैम्पो में टक्कर मार दी। हादसे में चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस के जरिए मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। यहां कुछ देर उपचार के बाद विजय कुमार व उनकी पुत्री सुभी ने दम तोड़ दिया। इसके अलावा उनकी पत्नी ईश्वरवती व टैम्पो चालक सोहेल का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है।

जुलूस के सफल एवं शान्तिपूर्ण आयोजन के लिए पहले उलेमाकिराम ने राय रखी

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

मदरसा दारूल गौरिया, मु सैय्यदबाड़ा, छिबरामऊ कन्नौज में शहर की सभी मस्जिदों के इमामो, उलेमाकिराम, हाफिज व जुलूस कमेटियों के साथ जुलूसे मोहम्मदी निकाले जाने के लिए मुस्लिम समाज की बैठक हुई जिसकी सदारत काजी-ए-शहर हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने की।

जुलूसे मोहम्मदी के ताल्लुक से हुई बैठक में जुलूस के सफल एवं शान्तिपूर्ण आयोजन के लिए पहले उलेमाकिराम ने राय रखी। जामा मस्जिद के पेश इमाम मौलाना सैय्यद फुरकान मिस्वाही ने कहा जुलूस की प्रथम पंक्ति में तलबा किराम उसके बाद उलेमा और उसके पीछे अवाम के लोग रहेंगे। मौलाना जियाउल हक ने कहा की दूरूद व सलाम पढ़ते हुए जुलूस में शामिल हों फिजूल का शोरगुल न करें बल्कि जुलूस का तकदुस बरकरार रखें। मोहम्मद कामरान ने कहा कि जुलूस में हमारे नबी की शान में और विलादत की खुशी के ही नारे लगने चाहिए। कारी शमसुल कमर ने कहा कि कुछ लोग जुलूस को पीछे छोड़कर झण्डे के आगे निकल जाते है जिससे कि व्यवधान उत्पन्न होता है लिहाजा जुलूस के साथ चलें। जुलूस की सदारत कर रहें काजी-ए-शहर हजरत मौलाना मुस्तकीम अहमद कादरी ने कहा की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूसे मोहम्मदी परम्परागत तरीके से मदरसा दारुल गौसिया,मुहल्ला सैय्यदबाडा से दिनांक 16 सितम्बर 2024. बरोज सोमवार को सुबह 08 बजे शुरू होगा जो *जुलूसे मोहम्मदी के संस्थापक मरहूम हाजी अमानुल्लाह खां के घर पर सलाम पढकर* म. ऊँचा के बाद बिरतिया, लाहोरी टोला, कानूनगोयान, जेरकिला होता हुआ अस्पताल रोड पर पहुँचेगा जहाँ पर सभी लोग इकठ्ठा होकर मुख्य मार्ग से होते हुए अपने गतंव्य स्थान तक पहुँचेंगे। बैठक के दौरान सभी इमामों व उलेमाकिराम ने यह भी तय किया की *ईद-ए-मिलाद (जुलूसे मोहम्मदी) के दिन नगर की सभी मस्जिदों में जोहर की नमाज की जमाअत दोपहर 02ः00 बजे होगी। *इस दौरान जुलूसे मुहम्मदी के संस्थापक मरहूम हाजी अमानुल्लाह खान %चउआ% की मगफिरत की दुआ की गई।* मीडिया प्रभारी जैनुल खान ने बताया कि बैठक में यह भी तय हुआ है कि शर्बत,पानी ,शीरीनी वगैरह के स्टाल सड़क से हटकर फुटपाथ पर लगाया जाए जिससे कि आम आवागमन बाधित न हो और जुलूस निकलने में भी आसानी हो।मौलाना ज़िया उल हक,मुफ्ती इंतजार,हाफिज अहसन,मौलाना राशिद,हाफिज सादाब, हाफिज रेहान, मौलाना गौस मोहम्मद, मौलाना अजमल, मौलाना शाहिद, मौलाना राशिद, मौलाना फैजान मिस्वाही, हाफिज इनामुद्दीन, समाज सेवी रेहान खान, रानू कुरैशी(पूर्व सभासद), सलीम मंसूरी, वकील खां (सभासद), राजू (सभासद), पप्पू खां (पारस टेन्ट),चांद बाबू, महमूद मंसूरी, अनवार मुतवल्ली,राजू डिश,जाहिद चिश्ती, इम्मी, सानू अन्सारी (प्रिंटिंग प्रेस), दिलनवाज, लल्लाबाबू,अब्दुल मुईद खान, मोहम्मद इकराम, फरजान मंसूरी, इजहार अहमद, नसीम टेंट वाले,सगीर,मुहम्मद शाकिर,समेत मुस्लिम समाज के गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

तूफानी वारिश से कई पेड़ उखकर विद्युत लाइन पर गिरे

- 250 ग्रामों की विद्युत व्यवस्था बाधित, कर्मचारी ठीक करने में जुटे

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

तूफानी बारिश से कई पेड़ उखड़कर विद्युत लाइन पर गिर गये। जिससे करीब 250 ग्रामों की विद्युत व्यवस्था बाधित हो गयी। जेई ने बताया कि विद्युत कर्मचारी विद्युत व्यवस्था बहाल करने में लगे हुए हैं।

कस्बा नवाबगंज स्थित फर्रुखाबाद रोड पर बने 33 केवीए विद्युत उपकेंद्र से चालू होने वाली सप्लाई दो दिन से लगातार खराब चल रही है। बीते दिन बिजली कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद रात में एक-दो घंटा रुक-रुककर बिजली आई। वहीं फिर रात 3.00 से विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। जिससे कि लोगों को विद्युत उपकरण सहित मोबाइल चार्जिंग के लिए भी इधर-उधर ताकना पड़ रहा है और जिन घरों में इनवर्टर लगे हुए हैं वहां मोबाइल चार्जिंग वालों की लाइन लगी हुई है। विद्युत व्यवस्था खराब होने से क्षेत्र की सारी व्यवस्थाएं बाधित सी नजर आ रही हैं। किसी तरह थोड़े बहुत मोबाइल चार्जिंग करके लोग बात तो कर रहे हैं, लेकिन अन्य सारे कार्य रुके हुए हैं। जब इस बाबत जूनियर इंजीनियर जावेद अहमद से जानकारी की गई तो उन्होंने बताया की मौसम की खराबी के कारण तेज हवाओं से टूटे पेड़ों से विद्युत लाइन चौपट हो गई है। जिनको विद्युत कर्मचारी कड़ी मशक्कत कर खोजबीन कर रहे हैं और बताया कि 33 केवीए की में लाइन भी कहीं से खराब हो गई है। जिसकी भी खराबी की खोजबीन की जा रही है। जल्द ही जानकारी कर विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से चालू कराए जाने की बात जूनियर इंजीनियर ने बताई।

विद्युत लाइन पर गिरे पेड़ को काटता कर्मचारी

बिजली व्यवस्था बहाल करने में जुटे कर्मचारी समृद्धि न्यूज

शिक्षक की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

विद्यालय में हुई चोरी के मामले में शिक्षक की तहरीर पर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चांदपुर में बने पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बीते दिन चोरी की सूचना ग्राम प्रधान तथा प्रधानाध्यापक के द्वारा दी गई थी। जिस पर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की तथा सूचना उच्च अधिकारियों को दी सूचना पाकर पहुंचे क्षेत्र अधिकारी मोहम्मदाबाद अरुण कुमार तथा थाना अध्यक्ष बलराज भाटी ने भारी पुलिस बल के साथ मौके पर घंटा से मामले की जांच पड़ताल की और प्रधानाध्यापक की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के विरोध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी थाना पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर पूर्व माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेश चंद्र ने दी थी जिसे तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कराया गया



चोरी किया गया सीपीयू व अन्य उपकरण समृद्धि न्यूज

तेज हवा व बरसात में खेत में गिरी धान की फसल

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

तेज हवाओं के साथ हुई बरसात से धान तथा बाजरे की फसल को काफी नुकसान हो रहा है। जिससे किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा रही हैं।

नवाबगंज थाना क्षेत्र के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही दो दिन से तेज हवाओं के साथ भारी बरसात से धान तथा बाजरे की फसल में काफी नुकसान हो रहा है। जहां अन्नदाताओं ने मोटी रकम लगाकर फसलों को तैयार किया है, वहीं अब मौसम की खराबी तथा तेज हवाओं के कारण जिन धान के खेतों में बाली तथा दाना आ रहा है वह धान जमीन पर गिर गया है। जैसा कि हर अन्नदाता को मालूम है कि गिरी हुई फसल तैयार होने से पहले गिर जाती है, तो उसमें अनाज की अनहोनी हो जाती है। कम अनाज पैदा होने से किसने की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। मोटी लागत से तैयार हुई धान की फसल यदि खराब हो जाती है तो अन्नदाता को दो तरह का नुकसान होता है एक तो रसूखदारों का पैसा भरना पड़ता है और धराशाई हो जाए, तो फिर फसल की अनहोनी से अन्नदाता की परेशानी बढ़ती है, क्योंकि रसूखदारों तथा धन्नासेठों से उधार लेकर फसल की लागत लगाकर तैयार किया जाता है और यदि फसल दूसरे लिया हुआ पैसा उनका फसलों की लागत में खराब हो जाता है इससे किसानों के चिंताएं बढ़ती जा रही हैं यदि कहीं मौसम में सुधार न हुआ तो धान की फसलों में काफी नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है। क्षेत्र के गांव नगला जोधा, दबा हुआ नगला, दुर्गा, सोना जानकीपुर, हुसैनपुर रायपुर, बरतल, नगला हीरा सिंह, हमीरपुर, चांदपुर बैग सहित क्षेत्र में भारी मात्रा में धान की फसल उगाई जाती है और हर आदमी अपनी फसल पर डिपेंड होता है की फसल तैयार हो जाएगी तो कोई कार्य कर लिया जाएगा, लेकिन जब फसल खराब होती है तो अन्नदाता को भारी मुसीबत दिखाई पड़ती है।

खेत में गिरी धान ती फसल समृद्धि न्यूज

पानी भरा होने का बहाना बनाकर एएनएम ने प्रसूताओं को सीएचसी से लौटाया

कंपिल, समृद्धि न्यूज

सीएचसी परिसर में पानी भरा होने का बहाना बनाकर प्रसूताओं को एएनएम रिंकी ने वापस भेज दिया। जिससे प्रसूताओं को परेशानी उठानी पड़ी। स्वजन बरसात में प्रसूताओं को निजी अस्पताल में ले गए।

जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला पट्टी मदारी निवासी प्रियंका पांडेय को गुरुवार को प्रसव पीड़ा हुयी। स्वजन प्रसूता को बाइक से सीएचसी कंपिल पहुंचे। सीएचसी पर तैनात एएनएम रिंकी ने प्रसूता के पति सचिन को अस्पताल में पानी भरे होने की बात कहकर प्रसव के लिए कायमगंज जाने को कहा। प्रसूता की हालत बिगड़ती देख स्वजन उन्हें प्रसव के लिए निजी अस्पताल ले गए। गाँव इकलहरा निवासी एक अन्य महिला को भी एएनएम ने सीएचसी पर सुविधा न होने की बात कह कायमगंज भेज दिया। जिससे प्रसूताओं को परेशानी उठानी पड़ी। एएनएम रिंकी ने बताया की वह स्वयं ही लौट गयी होंगी। मैंने किसी प्रसूता को वापस नहीं किया है। चिकित्साधिकारी शोभित शाक्य ने बताया की अस्पताल के बाहर पानी भरा है। यदि प्रसूता सीएचसी तक पहुंचती है तो उसके इलाज के लिए स्टॉफ की उचित व्यवस्था है। फिर भी अगर वापस किया है तो जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

खबरें चलते-चलते

लगातार हो रही बारिश से आधा दर्जन कच्चे मकान गिरे

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। विकास खंड की ग्राम पंचायत रोशनाबाद में दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से आधा दर्जन से अधिक कच्चे मकान गिरने से मकान मालिकों के सामने समस्या उत्पन्न हो गई है। जानकारी के अनुसार रोशनाबाद निवासी विवेश चंद्र बाथम पुत्र फकीरे लाल का कच्चा मकान गिराने से रहन सहन की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं इसी गांव के रहने वाले रामाधार, धीरेंद्र का कच्चा मकान गिरने से समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं इसी गांव में रहने वाले शिवशंकर पुत्र रामसिंह का कच्चा मकान गिराने से जीवनयापन करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं इसी गांव में निवास करने वाले सुधीर सक्सेना पुत्र रघुनंदन के कच्चे मकान की दीवार गिरने से समस्या उत्पन्न हो गई है। इसी गांव में रहने वाले रमेश चंद्र का कच्चा मकान गिरने से जीवनयापन करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसी गांव के लोगों के रहने वाले हसन कुमार श्रीवास्तव की झोपड़ी गिरने से जीवनयापन करने की समस्या उत्पन्न हो गई है। वहीं समाचार लिखे जाने तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा था।

तीन दर्जन से अधिक घरों में घुसा बरसात का पानी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज। भारी बरसात के चलते घरों में पानी घुस गया। जिससे ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पानी से होकर आवागमन कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि नाले की साफ-सफाई न होने के कारण बरसात का पानी घरों में घुस रहा है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। जानकारी के अनुसार रोशनाबाद में मंदिर के पास से गांव के अंदर जाने वाली गली में 3 फिट के ऊपर पानी भरा हुआ है। जलभराव के कारण आने जाने वाले ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की नालियों का पानी तालाब में जाता है और फिर तालाब से होकर नाले में चला जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले की साफ-सफाई विगत कई वर्षों से नहीं हुई है। जिससे तालाब का पानी नाले में पास नहीं हो पा रहा है और पानी घरों में घुस रहा है। लगभग तीन दर्जन से अधिक घर जलभराव की समस्या से जूझ रहे हैं तथा आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोशनाबाद निवासी बृजेश कुमार के घर में पानी घुस गया है। वहीं इसी गांव के रहने वाले धीरेंद्र कुमार की झोपड़ी में पानी भर गया है। जिससे ग्रामीण व जानवरों को काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

परिजनों से विवाद होने पर युवक ट्रेन से कटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। परिजनों से विवाद होने पर युवक ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार मोनू उम्र 25 वर्ष पुत्र पूरन लाल निवासी पकरा थाना कोतवाली फतेहगढ़ की बहन प्रियंका की शादी गुरुवार को दिन में हुई थी। बहन की विदाई होने के बाद मोनू की परिजनों से कुछ अनवन हो गयी। जिससे वह घर से चला आया और ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही शादी की खुशिया पल भर में काफूर हो गयीं। परिजन रोने बिलखने लगें। बताते चलें कि मृतक के परिजन राजस्थान में ईंट पथाई का काम करते हैं। शादी करने के लिए सभी लोग आये हुए थे। मृतक के तीन भाई बहन हैं।

टैक्सी की टक्कर से रिटायर्ड सैनिक की हालत गंभीर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के अंतर्गत शेखपुरू स्तमपुर गुमटी के पास रिटायर्ड सैनिक को अज्ञात टैक्सी चालक ने टक्कर मार दी। जिससे सैनिक गम्भीर रुप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव गदनपुर देवराजपुर निवासी अजय रिटायर्ड सैनिक है और गदरपुर देवराजपुर में ही पंपसेट तथा समरसेबिल की दुकान चलाता है। सुबह वह अपने आवास भोलेपुर से दुकान पर आता है और शाम को वापस घर जाता है। बीती रात लगभग 8 बजे घर वापस जाते समय शेखपुर गुमटी के निकट पीछे से आ रही टैक्सी ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे सैनिक गम्भीर रुप से घायल हो गया। टैक्सी चालक अंधेरे का फायदा उठाकर टैक्सी लेकर भाग गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस अजय को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंची। जहां से परिजन अजय को रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर ले गए। परिजनों ने बताया कि अजय की हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं थाना पुलिस टैक्सी की तलाश में छानबीन कर रही है।

सीएचसी में भर्ती घायल सैनिक

चीते की आशंका पर ग्रामीणों ने जागकर काटी रात

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

बीती रात्रि भैंस के बच्चे की जंगली जानवर (चीते) के हमले से मौत हो गई थी। जिसकी जानकारी वन विभाग को मिली। वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। वहीं चीते की आशंका के भय के कारण गांव के ग्रामीणों ने पूरी रात जागकर काटी।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव असगरपुर में रितेश कुमार पाल के मकान के पास बंधे जानवरों में से भैंस के डेढ़ साल के बच्चे को जंगली जानवर खींच ले गया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी। सूचना पर वन विभाग के कर्मचारी व अधिकारी मौके पर पहुंचे। वन विभाग के रेंजर राजेश कुमार ने वन दरोगा समीर सिंह सेंगर को घटनास्थल पर पिंजरा लगाने व वन विभाग की टीम द्वारा निगरानी के भी निर्देश दिए गये थे। शाम के समय वन दरोगा पिंजरे को लेकर मौके पर पहुंचे और पिंजरा खेतों में जाकर लगाया तथा तीन-तीन लोगों की समिति भी सुरक्षा के लिए बनाई गई, लेकिन पिंजरा टूटा होने के कारण नहीं लग पाया तथा पिंजरे को वापस लेकर बुधवार को ही चले गए। जिसके चलते ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया। चीता होने की आशंका पर गांव के ग्रामीणों ने रात जागकर काटी। पूर्व प्रधान शोभित गंगवार ने बताया की 1 साल से जंगली जानवर के हमले से कई जानवरों की मौत हो चुकी है। वहीं ग्रामीण अजय पाल ने भी बताया कि खेतों में कई बार जंगली जानवरों के पद चिन्ह भी मिले हैं। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त है। वहीं असगरपुर के ग्राम प्रधान अंशुल गंगवार ने बताया कि वन दरोगा द्वारा पिंजरा लगाया गया था और थोड़ी देर बाद पिंजरे को वापस भेज दिया गया है। वन विभाग के दरोगा समीर सिंह सेगर ने बताया कि वह पिंजरे को लेकर मौके पर गए थे, लेकिन पिंजरा कुछ टूटा था। इसलिए वापस सही कराने के लिए भेज दिया है। आज सही करवाकर शाम तक लगवा देंगे और छह लोगों की टीम बनाई गई है। तीन लोग दिन में रहेंगे और तीन लोग रात में निगरानी करेंगे।

खेतों में देखा गया चीता समृद्धि न्यूज

स्वच्छता पखवाड़ा तैयारियों की डीएम ने की समीक्षा, दिये निर्देश

बैठक लेते डीएम व मौजूद एडीएम आदि समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा (एसएचएस) 2024 के अंतर्गत 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि समस्त सफाई मित्रों को सरकार की विभिन्न लाभप्रद योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाये एवं उनके स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर लगाये जायें। निकायों द्वारा सभी घाटों, शौचालय, हैरिटेज एवं धार्मिक स्थलों पर साफ सफाई की व्यवस्था की जाये। ग्राम, ब्लॉकवार व निकाय वार कार्ययोजना बनाकर 14 सितंबर तक सम्मिट करें। सभी स्कूल, कॉलेज, ग्राम व बार्ड में स्वच्छता पखवाड़े का प्रचार प्रसार किया जाये व बैनर पोस्टर लगाये जायें। ब्लॉक स्पॉट चिंहित कर उनकी सफाई सुनिश्चित कराई जाये। इस अभियान के अंतर्गत लगातार 155 घंटों का सफाई अभियान चलाया जायेगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, अपर जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्रामीणों के लिए आफत बनी बरसात, दो दर्जन से अधिक कच्चे मकान गिरे

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

बीते दिन से लगातार हो रही वारिश से कच्चे मकानों के गिरने का सिलसिला शुरु हो गया है। क्षेत्र में करीब दो दर्जन से अधिक कच्चे मकान गिर गये। जिससे ग्रामीण खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार कल से हो रही बरसात में रिकार्ड तोड़ पानी गिरने के कारण रजीपुर में विद्या पत्नी मोहित का कच्चा मकान आज सुबह ही गिर पड़ा। खास बात तो यह रही कि उसमें कुछ भी खास सामान नहीं रखा था। जिसके चलते कोई नुकसान नहीं हुआ। वहीं श्रृंगी रामपुर में तीन लोगों के मकान गिर गए। जिसमें रामपाल, राजीव, रामजी शाक्य के कच्चे मकान गिर गए। जिसमें थोड़ा बहुत सामान रखा था, जैसे खटिया, भूसा आदि दब गया। यहां भी कोई जानमाल की हानि नहीं हुई। इसी क्रम में निनोरा श्रंखलापुर में भी सुनीता पत्नी स्वर्गीय विवरण जाटव शम्मी पत्नी शाकिर, सुहाना पत्नी अंसार, रीना पत्नी इसरार, हरिराम प्रजापति, अबिला पत्नी सगीर सहित लगभग सात लोगों के कच्चे मकान गिर गए। वहीं ग्राम पंचायत भटपुरा क्षेत्र के आजाद नगर में कल शाम को फरजाना बेगम का मकान गिर गया। अच्छी बात यह रही की छुटपुट नुकसान के अलावा जानमाल का कोई नुकसान नहीं हुआ। इसके बाद सभी ग्राम प्रधानों ने अपने-अपने क्षेत्र में निकलकर लोगों की सहायता की तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत लाभ दिलाए जाने की बात कही। वहीं घटना से संबंधित लेखपाल, कानून आदि अधिकारियों को घटना से अवगत कराया गया। पीड़ित परिवारों ने प्रशासन से जल्द ही आवास उपलब्ध कराए जाने की गुहार लगाई है।

कमालगंज क्षेत्र में गिरे कच्चे मकान समृद्धि न्यूज

बारिश के चलते व्यापार चौपट, बाजार में पसरा सन्नाटा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

गुरुवार को पूरे दिन हुई बारिश के कारण व्यापार चौपट रहा। आवागमन बंद होने के कारण ग्राहक बाजार में नहीं दिखे। बारिश के कारण व्यापारियों के कारोबार पर असर पड़ा है। पूरे दिन हुई बारिश के चलते बाजार में सन्नाटा रहा। नेहरु रोड, रेलवे रोड, लोहाई रोड पर दिन में कर्फ्यू जैसा सन्नाटा दिखा। एक दो भी व्यक्ति जाते नहीं दिखे। कुछ दुकानदारों ने बारिश के कारण दुकानें तक नहीं खोली। कुछ दुकानदारों ने दुकाने खोली पर देर शाम तक कोई ग्राहक नहीं आया। ऐसे में कई दुकानदार अपनी दुकान बंद करके घर चले गये। राजमर्रा की जरुरत की चीजे भी बिकी। ऐसे में सब्जी व्यापार, कपड़ा व्यापार, किराना व्यापार एवं खाद्यान्न वस्तुएं आदि न बिकने के कारण व्यापार ठप्प रहा। खाद्यान्न वस्तुओं का मुख्य बाजार लिंजीगंज में भी संडे जैसा माहौल दिखा। बाहर के दुकानदार सामान लेने नहीं आये। ऐसे में स्थानीय लोग भी जरुरत की चीजे लेने बाजार नहीं निकले। खुले में जिनके मकान बन रहे थे। वह भी काम ठप्प रहा। राजमिस्त्री व मजदूर के कामों पर भी असर दिखायी पड़ा। मध्यम वर्ग के लोग रोज कमाते खाते है। बारिश के कारण उनका भी बजट बिगड़ा और कार्य बाधित रहा। ऐसे में मौसम विभाग के अलर्ट के अनुसार दो तीन दिन बारिश रहने की संभावना जतायी जा रही है। जिलाधिकारी के आदेश पर दोपहर में बारिश के चलते स्कूल कालेज बंद कर दिये गये और बच्चों की छुट्टी कर दी गई। ठीक ठाक कारोबार मेडिकल स्टोर एवं अस्पताल संचालकों का रहा। ऐसे में बीमार लोगों को दवा की जरुरत थी तो उनके व्यापार बहुत बड़ा असर नहीं दिखा। मध्यम वर्ग के व्यापारियों पर बारिश का असर दिखा। जिस कारण बाजार गुरुवार को सन्नाटा रहा।

मुख्य मार्ग रेलवे रोड पर सन्नाटा — समृद्धि न्यूज

एनसीसी भर्ती में 87 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

छात्राओं की माप लेते अधिकारी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

दुर्गा नारायण महाविद्यालय में एनसीसी की भर्ती सम्पन्न हुई। जिसमें एनसीसी भर्ती में बीए, बीकाम प्रथम सेमेस्टर के 87 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 12 यूपी बटालियन के कमांडिंग आफिसर कर्नल एसएस मलिक ने एनसीसी कैडेट्सों को सम्बोधित किया और एनसीसी के नियमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कर्तव्यों से बोध कराया। महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग ने सभी छात्र-छात्राओं को सम्बोधित किया। इस मौके पर डा0 हरिशिवनाथ गुप्ता, एनसीसी प्रभारी डा0 सतेन्द्र कुमार मिश्रा, सूबेदार मेजर हरकेश सिंह, हवलदार जयराम व विद्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे।

खबरें एक नजर में

लगातार बारिश से कच्चा मकान भरभराकर गिरा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। लगातार भारी बारिश के कारण कच्चा मकान भरभराकर गिर गया। कमालगंज विकास खंड के अंतर्गत रुनी चुरसाई निवासी हरजीत सिंह पुत्र मदनलाल का कच्चा मकान लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गिर गया है। मकान में भूसा भरा होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई। पिछले दिनों से लगातार हो रही भीषण बारिश के कारण जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया। जिसके कारण आम लोगों की दुश्वारियां बढ़ती जा रही हैं और विद्युत आपूर्ति ठप्प हो जाने से भारी संकट से जूझ रहे हैं। गांवों में मोबाइल चार्जिंग न हो पाने के कारण सैकड़ों मोबाइल स्वीच ऑफ हो चुके हैं। कच्चे मकान स्वामियों ने रात जाग काटी। आगे भी एक दो दिन तक यही हाल बना रहेगा। पूरे दिन बारिश होने के कारण विद्युत व्यवस्था भी ठप्प रही। लोग मोबाइल भी चार्ज नहीं कर सकें। जिस कारण जरुरी काम भी रुक गये है। ग्रामीण क्षेत्रों के कई मकान बारिश के चलते गिरे है। साथ ही मक्का व धान की फसलों का नुकसान भी हुआ है। धान की बालिया टूटकर गिरने लगी है। वहीं मक्का की फसल बारिश के कारण खराब होने की स्थिति बन गयी है।

बारिश से ग्राम रुनी में गिरा मकान

भारी बारिश के चलते 13 सितम्बर तक बंद रहेंगे सभी स्कूल-कालेज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। तेज बारिश के चलते जनपद फर्रुखाबाद सहित छह जिले रेड अलर्ट घोषित किये गये है। गुरुवार को रेड अलर्ट के चलते जनपद में पूरे दिन बारिश हुई। व्यापार के अलावा अन्य व्यवसायों पर भी इसका असर देखने को मिला। जिलाधिकारी के निर्देश के चलते मूसलाधार बारिश के कारण 13 सितम्बर तक सभी स्कूल कालेज बंद करने का जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षाधिकारी ने निर्देश जारी किये है। जगह-जगह जल भराव के कारण स्कूली बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे है। ऐसे में कोई अनहोनी घटना न घटे प्रशासन ने रेड अलर्ट के चलते 12 व 13 सितम्बर को सभी स्कूल कालेज बंद रखने के आदेश जारी किये है।

झगड़ा करने पर पुलिस ने दो के विरुद्ध की कार्रवाई

जालौन (उई)। अलग अलग मामलों में पुत्रवधू और मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा कर रहे दो लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला हरीपुरा निवासी सुनील कुमार मोहल्ले के लोगों के साथ झगड़ा व गाली, गलौज कर रहा था। मोहल्ले के लोगों ने समझाने की कोशिश की तो मारपीट करने लगा। जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। उधर, फर्दनवीस निवासी अंजू ने पुलिस को बताया कि उनके ससुर राजू आए दिन घर में झगड़ा करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन कुछ सुनने को तैयार नहीं हैं। जिसके चलते घर का माहौल खराब हो रहा है। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गुरूवार की सुबह भी उन्होंने झगड़ा व गाली, गलौज की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

बाइक लेकर आये बकरी चुराकर भाग रहे दो लोगों को पकड़ा

जालौन (उई)। रात में बकरी लादकर ले जा रहे दो लोगों की आहट सुनकर गृहस्वामी ने देख लिया। जिन्हें गृहस्वामी व मोहल्ले के लोगों ने पकड़कर कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी पुरूषोत्तम ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात घर के सभी सदस्य बारिश होने के चलते रात करीब नौ बजे खाना खा पीकर सो गए। घर के अंदर बकरी भी बंधी थी। रात में करीब 10 बजे उनकी बकरी की आवाज सुनकर नींद खुल गई। जब उसने बाहर निकलकर देखा तो दो लोग बकरी को बाइक पर लाद रहे थे। उन्होंने देखकर जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी आ गए। सभी ने मिलकर दोनों को पकड़ लिया और डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को कोतवाली ले आई। जहां उनसे पूछतांछ चल रही है।

बारिश के चलते रोडवेज बसों का आवागमन रहा ठप्प, लाखों के राजस्व की हानि

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

गुरुवार को झमाझम बारिश पूरे दिन हुई। व्यापार से लेकर आवागमन ठप्प रहा। लाखों रुपये का नुकसान रोडवेज विभाग को हुआ। पूरे दिन सवारियों के इंतजार में बसें खड़ी रही। बारिश के कारण आवागमन बंद रहा। देर शाम तक पानी बंद होने के बाद नाम मात्र को कुछ सवारियां रोडवेज बस स्टैण्ड पर दिखायी पड़ी। ऐसे में रोडवेज विभाग को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। बारिश होने की एक दो दिन होने की और संभावना जतायी गई है। आने-जाने वाली सवारियों ने अपने सभी कार्य स्थगित कर घरों में रहना पसंद किया। क्योंकि बारिश की खलल के कारण सामान लेकर घर से निकलना मुश्किल हो रहा था। बारिश के कारण सामान तो भीगता साथ में मोबाइल आदि भी खराब होने की संभावना थी। जिस कारण लोगों ने आवागमन में भाग नहीं लिया। ऐसे में रोडवेज के अलावा प्राइवेट वाहन भी बंद रहे। नगर में टेम्पो व ई-रिक्शा भी नाम मात्र को दिखे। रोडवेज विभाग को बारिश के कारण लाखों रुपये का नुकसान हुआ। जब सवारियां ही नहीं निकली तो काफी देर से बसें चली। कुछ बसों को सवारियां न होने के कारण निरस्त किया गया। मौसम विभाग ने जारी अलर्ट करते हुए बताया कि आगे भी बारिश होने की संभावना है।

रोडवेज बस स्टैण्ड पर खाली खड़ी बसें — समृद्धि न्यूज

शिक्षक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की जांच करने का निर्णय सरकार वापस लें: प्रवेश रत्न शाक्य

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक मण्डल अध्यक्ष महिपाल सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य ने कहा कि प्रदेश शासन विभाग माध्यमिक शिक्षा को संचालित करने में बाधा उत्पन्न कर रहा है। वर्ष 1981 से 2020 तक नियुक्त शिक्षकों व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की सतर्कता अधिष्ठान से जांच करने का निर्णय हैरान कर देने वाला है, जो नियुक्तियों के नाम पर पूरे प्रदेश में भय का वातावरण उत्पन्न करना ठीक नहीं है। सरकार अपने आदेश को तुरन्त वापस ले। अन्यथा प्रादेशीय नेतृत्व के आवाह्न पर पूरे प्रदेश में पठन-पाठन बंद कर आंदोलन किया जायेगा। जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय स्तर से कोई भी पत्रावली प्रबंधक व प्रधानाचार्य न दे। इस मौके पर जिला मंत्री अर्जुन प्रताप सिंह, शैलेन्द्र कुशवाहा, वृंदावन, शैलेन्द्र सिंह, सुब्रत शाक्य, विपिन कुमार आदि लोग मौजूद रहे। मौसम खराब होने के कारण काफी पदाधिकारी बैठक में भाग न ले सकें। धन्यवाद मण्डलीय अध्यक्ष महिपाल सिंह ने ज्ञापित किया।

प्रवेश रत्न शाक्य

जलवायु परिवर्तन कार्यक्रम के तहत पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न

कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज के बच्चे — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बेवर रोड बघार स्थित एक कालेज में प्रथम वर्ष के छात्र एवं छात्राओं द्वारा जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम एनपीसीसी एचएच के तहत पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई। जिसमें 22 बच्चों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। पांच प्रथम बच्चों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया और इसी के साथ-साथ 200 बच्चों को फाइलेरिया की दवा भी खिलाएगी। इस अवसर पर मीना कुमारी, डिप्टी सीएमओ डॉ0 आरसी माथुर, एपीडिमोनोलॉजिस्ट डॉ0 रणधीर कुमार सिंह एवं मानसिक एवं दीप्ति यादव उपस्थित रही।

नियत प्राधिकारी ने होटल स्वामी सहित 27 को दिया ध्वस्तीकरण का नोटिस

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

नियत प्राधिकारी ने तत्कालीन नगर मजिस्ट्रेट दीपाली भार्गव के खिलाफ अनिमितताओं व विकास शुल्क वूसली की शिकायत करने वाले होटल स्वामी सहित 27 लोगों को अंतिम ध्वस्तीकरण का नोटिस जारी किया है। गढ़ी नवाब न्यामत खां निवासी आनंद प्रकाश उर्फ मुन्ना गुप्ता का उनकी मां तारारानी के नाम से होटल है। रेलवे रोड पर चले अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान तत्काली नगर मजिस्ट्रेट ने दीपाली भार्गव ने होटल के आगे का भाग तुड़वा दिया था। जिसके बाद आनंद गुप्ता ने तत्काली नगर मजिस्ट्रेट के खिलाफ शासन से अनिमितताओं व विकास शुल्क वूसली की शिकायत की थी। शासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। वर्तमान में दीपाली भार्गव अलीगढ़ विकास प्राधिकरण में सचिव के पद तैनात है।

वर्तमान नगर मजिस्ट्रेट व नियत प्राधिकारी संजय बंसल ने तारारानी गुप्ता के होटल सहित नवदिया निवासी हेतराम, आईटीआई चौराहा निवासी श्यामलाल व कल्लू, लालदरवाजा नरकसा रोड निवासी सोमनाथ गुप्ता, बूरावाली गली निवासी गोपीनाथ गुप्ता, मोहल्ला हरभगत निवासी क्षमा गुप्ता, जयनारायन वर्मा रोड निवासी सूर्यप्रकाशे त्रिपाठी, जयप्रकाश त्रिपाठी, घमंडी कूंचा निवासी गोपाल नारायन, रम्पुरा निवासी आनंद प्रकाश, अवधेश कुमार द्विवेदी व रामस्वरुप, धन्सुआ निवासी अमीर चन्द्र कटियार, अनिल कुमार, खानपुर निवासी बृजेश कुमार, ग्रानगंज निवासी सुरेश चन्द्र गुप्ता, मसेनी निवासी प्रदीप कुमार, नारायनपुर निवासी अनिकेत व अंकेश कटियार, नया कोठापार्चा निवासी अनुराग मिश्रा, पिपरगांव निवासी प्रवीण दुबे, गढ़ी कोहना निवासी शरीफ अंसारी, अमेठी कोहना निवासी मोहित मिश्रा, भोपत पट्टी निवासी सीमा पत्नी देशराज, नितगंजा निवासी रामप्रकाश, हाथीखाना निवासी अखिलेश गुप्ता, राजेश कुमार, पंकज कुमार, सोनू, कंपिल के चौधरियान निवासी नवीन चन्द्र शुक्ला के खिलाफ नोटिस भेजा है। उन्होंने बताया कि पूर्व में सभी को नोटिस जारी हो चुके थे, लेकिन किसी ने नोटिस का कोई जबाव नहीं दिया था। अब सभी को नोटिस जारी कर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया है। समय रहते नोटिस का जबाव नहीं दिया गया तो नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी। बताते चले कि नगर में इससे काफी समय पूर्व कई इमारतों का ध्वतीकरण कराया जा चुका है।

जैसे चौक स्थित टाइम सेंटर, रोडवेज बस स्टैण्ड के बाहर स्थित कई दुकानों को ध्वस्त जिला प्रशासन करा चुका है। कई भू-माफियाओं की सम्पत्ति कुर्क की है। वहीं ठंडी सड़क स्थित आलीशान होटल भी ध्वस्त किया जा चुका है। अब वह भूमि खाली पड़ी है। जिस पर नगर पालिका के वाहन खड़े होते है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 879 जोड़ों का लक्ष्य

- डीएम ने व्यापक प्रचार-प्रसार कराने व हर गांव तथा वार्ड में हैंडबिल वितरण कराने के दिये निर्देश

बैठक लेते डीएम मौजूद अधिकारीगण — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद को 879 जोड़ों का सामूहिक विवाह का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। डीएम ने निर्देशित किया कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये, हर गांव व वार्ड में हैंडबिल वितरण किया जाये। ब्लॉक व जिले पर योजना की होर्डिंग लगाई जाये। समाज कल्याण अधिकारी अपनी टीम के साथ योजना का प्रचार-प्रसार व आवेदनों का सत्यापन कराये, किसी भी अपात्र को योजना में शामिल न किया जाये। प्रस्तावित सामूहिक विवाह में अधिक से अधिक जोड़ों का रजिस्ट्रेशन कराये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, जिला विकास अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का डीएम ने भ्रमण कर ग्रामीणों से ली जानकारी

उई (जालौन)। गुरुवार को विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने जनपद की कोंच तहसील क्षेत्र के सलैया बुजुर्ग बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी द्वारा तहसील कोंच के संभावित बाढ़ प्रभावित ग्राम सलैया बुजुर्ग का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से स्थिति की जानकारी ली। तो वहीं सदर उप जिलाधिकारी ने बेतवा नदी किनारे बसे सिकरी व्यास नाव से पहुंची जहां पर उन्होंने ग्रामीणों से बाढ़ की स्थिति में बारे में जानकारी लेकर स्वयं भी नदी में बढ़ रहे पानी से ग्रामीणों को दूर रखने की सीख भी दी। जिलाधिकारी ने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए पर्याप्त संख्या में नावों की व्यवस्था व एसडीआरएफ टीम तैनात कर दी गई है, जिससे आवश्यकता पड़ने पर बाढ़ प्रभावितों को सुगमता से सुरक्षित स्थल पर बनाई गई राहत शिविर उच्च प्राथमिक विद्यालय में विस्थापित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसके लिए स्वास्थ्य शिविर लगाया जाए, राहत शिविर पर आवश्यकता अनुसार चिकित्सा टीम तैनात कर दी जाए तथा यहां प्रयाप्त मात्रा में सभी आवश्यक दवाइयां उपलब्ध रहें, आवश्यकतानुसार लोगों को सुविधा उपलब्ध कराई जाए। ग्रामीणों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न सेवाओं का सुगमता से पहुंचाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

एक सैकड़ा से ज्यादा रामवीर चौहान ने बनाये सदस्य

सदस्यता फार्म भरते भाजपा नेता रामवीर चौहान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

भारतीय जनता पार्टी के फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने सदस्यता अभियान को गति देते हुए सैकड़ा से ज्यादा सदस्य बनाये। भोलेपुर में दुकानदारों व राहगीरों को ऑन लाइन सदस्य बनाया। साथ ही भाजपा के कार्यों की जानकारी दी। बारिश के चलते लोग दिखायी नहीं दिये। उसके बावजूद भी सदस्यता अभियान को गति प्रदान करते हुए रामवीर चौहान ने अपने मण्डल में सदस्यता अभियान जारी रखा। फतेहगढ़ मण्डल की टीम ने अलग-अलग सदस्य बनाये। रामवीर चौहान ने बताया कि लक्ष्य के अनुसार सदस्य बनाये जा रहे है। समय रहते उन्हे पूरा कर लेगें। गुरुवार को एक सैकड़ा से ज्यादा नये सदस्य बनाये। इस मौके पर उनकी टीम के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धूमधाम से मनी भगवान श्री गणेश की छठी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

गौरी के लल्ला को खडुआ, पहुंचिया, कंधनी, वस्त्रों से सजाकर छठी धूमधाम से मनाई गयी। खतराना के महाराज श्री गणेश का 12वां छठी महोत्सव मीना अवस्थी एवं सुनील अवस्थी ने सनातन परम्परा एवं लोकरीति रिवाज के साथ बड़ी धूमधाम से मनाया। प्रभु को छप्पन भोग पकवान अर्पित किये। मीना अवस्थी ने श्रीगणेश को खडुआ, पहुंचिया, कंधनी एवं सुन्दर वस्त्र पहनाकर दिव्य श्रृंगार किया। महोत्सव में महिलाओं ने ढोलक बजार श्रीगणेश के मनमोहक लोकगीत प्रस्तुत किये। कार्यक्रम संयोजिका मीना अवस्थी, धीरा देवी अवस्थी एवं मोहल्ले की अन्य मातृशक्ति ने अपने-अपने लोकगीत प्रस्तुत किये। वहीं मीना अवस्थी ने मातृशक्ति को छठी का उपहार व महाप्रसादी देकर उनका आदर-सत्कार किया एवं श्रीगणेश के अलग-अलग श्रृंगार में न्यौछाबर लोकरीति-रिवाज के साथ मनायी गयी। मातृशक्ति द्वारा लोकगीतों को ढोल की थाप पर...पायल भी लूंगी, बिछआ भी लूंगी..। मेरे लल्ला को लगिगई नजरिया गौरा काजल लगाओ...आदि गीत गाये और भाव नृत्य के साथ भक्तगण भाव विभोर हो गये। श्री गणेश महोत्सव में महाप्रसाद में कड़ी, चावल, दही बड़ा, रोटी, गुलगुला, फल, बतासे का प्रसाद भक्तों ने ग्रहण कर अपने जीवन को कृतार्थ किया। इस अवसर पर मीना अवस्थी, धीरादेवी अवस्थी, सुमन देवी, रूचि तिवारी, रानी मिश्रा, किरन आदि महिलायें उपस्थित रहीं।

गणेश छठी मनाते भक्तगण — समृद्धि न्यूज

कार्यालय ग्राम पंचायत प्रहलादपुर संतोष वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक:01/ ग्रा0पं0/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 12/09/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत प्रहलादपुर संतोष द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 13/09/2024 से 19/09/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 19/09/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

क्र.स	कार्य का नाम	सामग्री लागत (लाख रु0 में)	जमानत धनराशि	टेण्डर मूल्य
1-	तुलाराम के घर से हरीराम के घर तक नाली निर्माण कार्य	1.68 लाख	2 प्रतिशत	500
2-	अवधेश के घर से मंदिर तक नाली निर्माण कार्य	1.60 लाख	2 प्रतिशत	500
3-	तुलाराम के घर से हरीराम के घर तक सीसी निर्माण कार्य	3.58 लाख	2 प्रतिशत	500
4-	अहिवरन के घर से मुकेश के घर तक नाली निर्माण कार्य	1.38 लाख	2 प्रतिशत	500

नियम व शर्तें- निविदा दाता का जीएसटी व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है। धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एनएसओसी व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान (मनोरमा राजपूत) **ग्रा0पं0 प्रहलादपुर संतोष, शमशाबाद** **सचिव (दिलीप कुमार)**

कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का ज्ञान नहीं : धनखड़

मैं इस बात से दुखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है : उप राष्ट्रपति

नई दिल्ली, एजेंसी।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने गुरुवार को कहा कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है और संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति का देश के दुश्मनों में शामिल होना निंदनीय, घिनौना और असहनीय है।

श्री धनखड़ ने आज यहां संसद भवन परिसर में राज्यसभा सचिवालय में इंटर्नशिप कर रहे छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि देश के बाहर हर एक भारतीय को राष्ट्र का राजदूत बनना होगा। उन्होंने कहा कि यह कितना दुखद है कि संवैधानिक पद पर बैठा एक व्यक्ति ठीक इसका उलटा कर रहा है। इससे अधिक निंदनीय, घिनौना और असहनीय कुछ नहीं हो सकता कि आप देश के शत्रुओं के साथ शामिल हो जाएं।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि ऐसे व्यक्ति स्वतंत्रता का मूल्य नहीं समझते। वे यह नहीं समझते कि इस देश की सभ्यता 5000 वर्ष पुरानी है। उन्होंने कहा कि मुझे दुख और पीड़ा है कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को राष्ट्रीय हित का कोई ज्ञान नहीं है।

उन्होंने कहा कि एक सच्चा भारतीय कभी भी दुश्मनों का साथ नहीं देगा।

उप राष्ट्रपति ने कहा कि मैं इस बात से दुखी और परेशान हूं कि महत्वपूर्ण पद पर बैठे कुछ लोगों को भारत के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्हें न तो हमारे संविधान का कोई ज्ञान है और न ही उन्हें राष्ट्रीय हित की कोई जानकारी है।

उन्होंने कहा कि आज जो कुछ भी हो रहा है उसे देखकर दिल दहल रहा है। इस आज़ादी को पाने में, इस आज़ादी की रक्षा करने में और इस देश की रक्षा करने में सर्वोच्च बलिदान दिया है। इसे हमेशा याद रखा जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने कहा कि हमारे भाई-बहन देश की रक्षा में पूरी तरह तत्पर हैं। माताओं ने अपने बेटे खोये हैं, पत्नियों ने अपने पति खोये हैं। हम अपने राष्ट्रवाद का उपहास नहीं उड़ा सकते। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान पवित्र है। इसे संविधान के संस्थापकों, संविधान सभा के सदस्यों द्वारा 18 सत्रों में, बिना किसी व्यवधान, बिना उपद्रव, बिना नारेबाजी और बिना कोई पोस्टर लहराए, तीन साल की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया था। यह संवाद, चर्चा, सकारात्मक बहस और विचार-विमर्श के प्रभावी तंत्र से ही संभव हो सका था।उनके समक्ष कई मुद्दे विभाजनकारी थे और सहमति बनाना आसान नहीं था। श्री धनखड़ ने कहा कि और अब, कुछ लोग हमारे देश को विभाजित करना चाहते हैं। यह अज्ञानता की चरम सीमा है।

ओडिशा कैबिनेट ने अग्निवीरों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण को दी मंजूरी

भुवनेश्वर/नई दिल्ली, एजेंसी। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के नेतृत्व वाली कैबिनेट ने गुरुवार को राज्य की वर्दी सेवाओं में पूर्व अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण को मंजूरी दे दी। पूर्व अग्निवीरों के लिए पुलिस, वन रक्षक, अग्निशमन सेवा और आबकारी ल्क विभाग में रिक्तियों का 10 प्रतिशत आवंटित आरक्षण देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके साथ-साथ दो अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की गई है। कैबिनेट की बैठक के बाद लोक सेवा भवन में राज्य के मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने इन निर्णयों के बारे में जानकारी दी। मुख्य सचिव ने बताया कि प्रस्तावित नियम का उद्देश्य राज्य के सभी समूह सी और डी पदों को कवर करते हुए समान सेवाओं में पूर्व-अग्निवीरों को नौकरी के अवसर प्रदान करना है। यह 10 प्रतिशत आरक्षण पूर्व सैनिकों के लिए मौजूदा आरक्षण लाभों के अतिरिक्त प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर चार साल तक सेना में सेवा करते हैं। उनके पास सभी आवश्यक प्रशिक्षण होता है। चार साल पूरे होने के बाद कुछ पात्र लोगों को ही एक्सटेंशन दिया जाता है। लेकिन, अब ओडिशा इन अग्निवीरों को समान सेवाओं में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा।

आरजी कर अस्पताल में बम की दहशत, डॉक्टरों के धरना स्थल के पास मिला संदिग्ध बैग

कोलकाता, एजेंसी।

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में गुरुवार सुबह एक संदिग्ध बैग मिलने से दहशत फैल गई। यह बैग अस्पताल परिसर में धरना दे रहे जूनियर डॉक्टरों के मंच के पास पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए बम स्क्वॉड को तत्काल सूचना दी गई।

गुरुवार सुबह जब आरजी कर अस्पताल में जूनियर डॉक्टर रोज़ की तरह धरना स्थल पर बैठे थे, तभी अचानक उन्होंने मंच के पास एक बड़ा बैग पड़ा देखा। बार-बार पूछने के बावजूद उस बैग के मालिक का पता नहीं चल पाया। इसके बाद यह अफवाह फैल गई कि बैग में बम हो सकता है, जिससे वहां मौजूद लोग डर के मारे धरना स्थल से हट गए। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत बम स्क्वॉड को बुलाया गया।

उल्लेखनीय है कि आरजी कर अस्पताल पिछले एक महीने से ज्यादा समय से एक महिला डॉक्टर के बलात्कार और हत्या के मामले के कारण चर्चा में है। नौ अगस्त को अस्पताल के सेमिनार हॉल में उस महिला डॉक्टर का रक्तरंजित शव पाया गया था। इस जघन्य अपराध के आरोप में उसी रात एक सिविक वॉलंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया था। बाद में यह मामला कोलकाता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंप दिया गया। इस घटना के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए पूरे राज्य में लोग सड़कों पर उतरे हैं।

आरजी कर कांड : तृणमूल विधायक सुदिप्त रॉय के घर सीबीआई की छापेमारी

आरजी कर अस्पताल कांड में अब तृणमूल कांग्रेस विधायक सुदिप्त रॉय की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गुरुवार दोपहर एक बजे के आसपास केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के अधिकारियों ने सुदिप्त रॉय के सिंथी मोड़ के पास बीटी रोड स्थित घर पर छापा मारा। इस छापेमारी के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान भी मौजूद थे। साथ ही, सुदिप्त रॉय के स्वामित्व वाले निजी अस्पताल में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। सुदिप्त रॉय श्रीरामपुर से तृणमूल कांग्रेस के विधायक हैं और आरजी कर अस्पताल के रोगी कल्याण समिति के चेयरमैन भी हैं। इसके अलावा वे पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य भर्ती बोर्ड के सदस्य और पश्चिम बंगाल मेडिकल काउंसिल के पूर्व अध्यक्ष भी रह चुके हैं। सीबीआई का यह छापेमारी अभियान आरजी कर अस्पताल में हुई महिला डॉक्टर की बलात्कार और हत्या के मामले की जांच को आगे बढ़ाने के लिए किया जा रहा है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार इस मामले में सुदिप्त रॉय का बयान भी दर्ज किया जाएगा।

भाजपा ने राहुल पर साधा निशाना, कहा-अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर किया देशद्रोह

सीजेआई के आवास पर प्रधानमंत्री के गणेश पूजा करने पर विपक्ष के नेता राजनीति कर रहे हैं : संबित पात्रा

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के सिख समुदाय पर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) लगातार हमलावर है। भाजपा ने कहा कि राहुल ने अमेरिका में देश के खिलाफ बोल कर देशद्रोह किया है।

गुरुवार को भाजपा मुख्यालय मे आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद संबित पात्रा ने कहा कि राहुल गांधी का विपक्ष का नेता होने का अहंकार सिर्फ संसद में ही नहीं दिखता, उनकी मूर्खता भी संसद में दिखी। अमेरिका में उन्होंने देश का अपमान किया है। जो निंदनीय है। जिस तरह से उन्होंने अमेरिका में भारत का चित्रण किया है उससे करोड़ों भारतीय आहत हैं। राहुल गांधी ने अमेरिका में देशद्रोह किया है।

उन्होंने विदेशी धरती पर जातियों और धर्मों को बांटने की कोशिश की। उन्होंने विदेशी देश में सिखों पर कठोर बयान दिया। यह देशद्रोह है और जब देशद्रोह हो तो मूर्खता जैसे शब्द का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। क्योंकि यह सोची समझी रणनीति के तहत बोला गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ के आवास पर गणेश पूजा के लिए जाने पर विपक्षी नेताओं की आलोचना पर संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष के नेता गणेश पूजा पर राजनीति कर रहे हैं। क्या लोकतंत्र के विभिन्न स्तंभों को एक साथ नहीं आना चाहिए?

आपको प्रधानमंत्री के सीजेआई से मिलने पर आपत्ति है, लेकिन जब राहुल गांधी देश को बांटने वाले इल्हान उमर से मिलते हैं, जॉर्ज सोरोस से मिलते हैं तो कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उन्हें गणेश पूजा से समस्या है। उन्होंने पूछा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की इफ्तार पार्टियों में कई न्यायधीश शामिल नहीं हुए थे? कांग्रेस सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति कर रही है। हिमाचल में संजौली मस्जिद विवाद पर संबित पात्रा ने कहा कि वह मस्जिद अनधिकृत है। कांग्रेस के नेता ने भी इसके खिलाफ आवाज उठाई है।

मोदी सरकार के 95 दिन के कार्यकाल का अंजाम भुगत रहा है देश : खड़गे

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल के पिछले 95 दिन में जो कुछ करगुजरियां रही हैं देश उनका खूब अंजाम भुगत रहा है। श्री खड़गे ने ट्वीट कर प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी जी आपने चुनाव के पहले ही 100 दिनों के एजेंडा का ढिंढ़ोरा ज़ोर-शोर से पीटा था। अब 95 दिन हो गए हैं और आपकी मिली-जुली सरकार डगमगा रही है। उन्होंने सरकार की 95 दिन के कामकाज का जिक्र करते हुए कहा कि थोड़ा रिकैप हो जाए - ग़रीब व मध्यम वर्ग की कमर तोड़ने के लिए आपकी सरकार जनविरोधी बजट लाई। जम्मू-कश्मीर, ख़ासकर जम्मू में आतंकवादी हमले हुए, सेना के कई बहादुरों को शहादत देनी पड़ी। गत 16 महीनें से मणिपुर जल रहा है और प्रधानमंत्री जी ने वहां मुड़ कर भी नहीं देखा। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मोदी अडानी महाघोटाले में जो सेबी चेयरपर्सन की भूमिका और अन्य आर्थिक लेन-देन सामने आएं हैं, उससे भाजपा पीछा नहीं छुड़ा सकती।

किले की 400 साल पुरानी दीवार गिरने से सात की मौत

मृतकों में पांच एक ही परिवार के, दो रिश्तेदार

भोपाल, एजेंसी।

मध्य प्रदेश के दतिया जिले में गुरुवार तड़के रियासत कालीन राजगढ़ किले के नीचे के हिस्से वाली 400 साल पुरानी दीवार अचानक ढहकर कच्चे मकान और झोपड़ियों पर गिर गई। मलबे के नीचे नौ लोग दब गए, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोगों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

मृतकों में पांच लोग एक ही परिवार के 5 सदस्य थे, जबकि दो दो लोग परिवार के मुखिया की बहन और बहनोई हैं। अंदेशा जताया जा रहा है कि बीते 30 घंटे से लगातार हो रही बारिश के चलते किले की दीवार कमजोर हो गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक गुरुवार अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे तेज आवाज आई। लोग बाहर निकले तो देखा कि किले की दीवार गिर गई है। मलबे में दबे दो लोगों को तत्काल बाहर निकालकर अस्पताल भेजा गया। पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। जिस पर करीब साढ़े पांच बजे कलेक्टर संदीप मकीन, एसपी वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कोतवाली टीआई धीरेंद्र मिश्रा और एसडीईआरएफ की टीम मौके पर पहुंचे। हादसे के बाद करीब नौ घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में मलबे से सात शव निकाले गए। कलेक्टर संदीप मकीन ने घटना पर दुख जताते हुए बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है।

कलेक्टर ने बताया कि करीब नौ घंटे चले रेस्क्यू के बाद आखिरी शव निकाला जा सका। उन्होंने कहा कि तीन फीट का रास्ता होने की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में दिक्कतें हुईं। हादसे में निरंजन वंशकार (55), उनकी पत्नी ममता, बेटी राधा, दो बेटे सूरज (19) और शिवम (22) समेत निरंजन की बहन प्रभा और बहनोई किशन पुत्र पन्ना लाल की मौत हो गई। किशन ग्वालियर का रहने वाला था और करीब 15 साल पहले ससुराल में ही बस गया था। हादसे में निरंजन के दूसरे बहनोई मुन्ना पुत्र खित्ते वंशकार और उनका बेटा आकाश घायल हुए हैं। दोनों के सिर और पैरों में चोट है। उन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इधर, हादसे के बाद लोगों ने रेस्क्यू की गति धीमी होने का आरोप लगाकर सुबह करीब 8 बजे हंगामा कर दिया। उनका कहना था कि मलबा हटाने में लापरवाही बरती जा रही है। पुलिस ने उन्हें शांत करवाया। सूचना मिलने के बाद ग्वालियर चंबल जोन के आईजी सुशांत सक्सेना मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

बताया जा रहा है कि दीवार लगभग 400 साल पुरानी है। इसे सन 1629 में तत्कालीन राजा इंद्रजीत ने बनवाया था। इसे दीवार शहर पन्हा के नाम से जानते हैं।

कार-लॉरी की टक्कर में एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत

एजेंसी, चेन्नई। एक दुखद घटना में, तमिलनाडु के कुड्डालोर जिले में विल्लुपुरम-नागापट्टिनम राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिदम्बरम पी. पुतलूर बाहरी रिंग रोड पर गुरुवार सुबह एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई जब उनकी कार एक लॉरी से टकरा गई। मृतकों में दो महिलाएं और एक दो वर्षीय बच्चा भी शामिल है।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि ट्रक चिदंबरम से कुड्डालोर जा रहा था और कार में सवार पीड़ित चेन्नई के एक अस्पताल में इलाज करा रहे अपने रिश्तेदार को देखने के बाद मयिलादुथुराई जिले के कुथालम जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल भेज दिया गया है। तेज गति के कारण हुए टक्कर का प्रभाव ऐसा था कि कार एक टूटी-फूटी ढेर में तब्दील हो गई।

खबरों के अनुसार, कार चालक को नींद आ गई थी, जिससे यह हादसा हुआ। ट्रक चालक घटनास्थल से फरार हो गया और उसे पकड़ने के लिए तलाश जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आरक्षण विरोधी हैं मायावती : कांग्रेस

एजेंसी, नई दिल्ली।

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि बहुजन समाज पार्टी(बसपा) प्रमुख मायावती दलितों आदिवासियों तथा पिछड़ों के हितों की दुश्मन तथा आरक्षण विरोधी हैं।

कांग्रेस के असंगठित क्षेत्र के श्रमिक एवं कर्मचारी विभाग के प्रमुख डॉ. उदित राज ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि जब राहुल गांधी जी संघ और भाजपा पर हमला करते हैं तो दर्द मायावती जी को होता है। बीस मई, 2007 को मायावती जी ने एक शासनादेश निकाला जिसमें कहा गया कि एससी एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम- 1989 के कानून में बदलाव होगा और यह केवल हत्या-बलात्कार के मामले में ही लागू होगा। बाकी अपराधों में साधारण कानून के तहत एक्शन होगा। लेकिन जब हमने लड़ाई लड़ी तब सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की थी और कानून बहाल हुआ। यह दिखाता है कि इस कानून की हत्या मायावती जी ने की थी।पदोन्नति में आरक्षण के मुद्दे में भी हमने लड़ाई लड़ी थी, जिसमें हमने केस जीता लेकिन मायावती जी ने फाइल की कार्यवाही पूरी नहीं की जिसके चलते उप्र में बड़ी संख्या में कर्मचारी डिमोट हुए।

प्रवक्ता ने कहा कि वर्ष 2006 में कांग्रेस ने वन अधिकार एक्ट पास किया था। जिसमें कहा गया था कि आदिवासी जिस जमीन को कृषि उपयोग में ला रहे हैं उन पर उन्हें भू-अधिकार दिया जाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में 92,402 आवेदन आए थे, जिनमें 81 प्रतिशत क्लेम को रिजेक्ट कर दिया गया था और प्रदेश की मुख्यमंत्री मायावती जी थी। यह दिखता है कि माायावती जी आदिवासी और आरक्षण की दुश्मन हैं।

एक अन्य मुद्दे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि देश में ये झूठ फैलाया जाता है कि बाबा साहेब आंबेडकर को संविधान सभा में आने से कांग्रेस ने रोका जबकि सच ये है कि बाबासाहेब आंबेडकर को संविधान सभा में लाने वाली कांग्रेस ही थी। वहीं जब आंबेडकर जी संविधान ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन बने तो उन्होंने खुद कहा था कि इस कमेटी का सदस्य बनना ही बड़ी बात है, लेकिन मुझे चेयरमैन बनाया गया। फिर कांग्रेस पार्टी ने ही उन्हें कानून मंत्री भी बनाया था।

सीएम केजरीवाल की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट आज सुनाएगा फैसला

एजेंसी, नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय दिल्ली आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत की मांग और इसी मामले में गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी याचिकाओं पर शुक्रवार 13 सितंबर को अपना फैसला सुनाएगा। शीर्ष अदालत की बेवसाइट के मुताबिक न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ अपना फैसला सुनाएगी। याचिकाकर्ता केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और सीबीआई की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की घंटों दलीलें के बाद पीठ ने पांच सितंबर को सुनवाई पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

आम आदमी पार्टी के प्रमुख श्री केजरीवाल ने सीबीआई मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय की ओर से 05 अगस्त को अपनी याचिकाएं ठुकरा दिए जाने के बाद शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

वियतनाम में यागी तूफान का कहर छह दिन में 197 लोगों की मौत

एजेंसी, हनोई।

वियतनाम में यागी तूफान ने पिछले छह दिन में जमकर कहर बरपाया है। इस शक्तिशाली तूफान से बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ है। कई नदियां उफान पर हैं। चौतरफा बाढ़ से हाहाकार मचा हुआ है। अब तक कम से कम 197 नागरिकों को इस तूफान निगल लिया। इससे राजधानी हनोई भी अछूती नहीं है। इस तूफान से सर्वाधिक तबाही उत्तरी वियतमान में हुई है।

मलेशिया के समाचार पत्र द सन के अनुसार, वियतनाम के अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि शनिवार को आए यागी तूफान के कारण हुए भूस्खलन और व्यापक बाढ़ से कम से कम 197 लोगों की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग अभी भी लापता हैं। वियतनाम को तीन दशक में पहली बार ऐसे शक्तिशाली तूफान का सामना करना पड़ा है।

ऑस्ट्रेलिया ने भेजी मदद

इस समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया के विदेशमंत्री पेनी वोंग ने तूफानी संकट का सामना कर रहे वियतनाम को को तीन मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (1.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर) मानवीय सहायता देने का वादा किया है। वोंग ने कहा है कि ऑस्ट्रेलिया ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए विमान से जरूरत का सामान भिजवाया है।

एआई फीचर्स के साथ पोवा 6 नियो लॉन्च

यूज़र्स पोवा 6 नियो को 14 सितंबर से खरीद सकते हैं

5जी डिवाइस टेक्नो पोवा 6 नियो 11,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर उपलब्ध

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़। इनोवेटिव टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाने के लिए मशहूर ब्रांड, टेक्नो ने एक और गेम-चेंजिंग स्मार्टफोन- टेक्नो पोवा 6 नियो लॉन्च किया है। इसे स्मार्टफोन में एआई अनुभव को बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। टेक्नो पोवा 6 नियो 14 सितंबर से अमेज़न और रिटेल स्टोर्स पर सिर्फ 11,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर खरीदी के लिए उपलब्ध है। यह फोन 108 मेगा पिक्सेल एआई कैमरा, 16 जीबी रैम और 256 जीबी रोम के साथ आता है, जो बेहद किफायती कीमत पर सबसे शानदार परफॉर्मेंस देता है।

नृत्य नाटिका रमौल ने मोहा दर्शकों का मन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मकसद संस्था, ग्राम कड़ाकोट पोस्ट भिकियासैण, जनपद अल्मोड़ा उत्तराखण्ड के तत्वाधान में नेशनल स्कूल आफ ड्रामा, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नगर पालिका ऑडिटोरियम हाल रामनगर जनपद नैनीताल में उत्तराखण्ड की लोकगाथा पर आधारित नृत्य नाटिका रमौल का मंचन मकसद संस्था के रंगमण्डल के कलाकारों द्वारा किया गया। नृत्य नाटिका का निर्देशन श्रीमती हेमा बिष्ट तथा संगीत निर्देशन श्री भूवन चन्द्र जोशी नृत्य निर्देश न किशन लाल द्वारा किया गया। नृत्य नाटिका का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री दिवान सिंह बिष्ट माननीय विधायक रामनगर तथा इंदर रावत जी के कर कमलो द्वारा किया गया। मकसद संस्था के सलाहकार श्री मद्यन सिंह बिष्ट, अध्यक्ष श्री मनोहर सिंह एवं सचिव श्रीमती हेमा बिष्ट उपाध्यक्ष श्री तरूण पाण्डेय ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया।

उत्तराखण्ड की रमौल लोकगाथा से बुराई की अच्छाई पर जीत को दर्शाता है। नृत्य नाटिका में कलाकारों ने अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुन्दर वाद्य यत्रों की ध्वनि से नृत्य नाटिका में चार चॉद लगा दिया।

नृत्य नाटिका में सूत्रधार/खीब बूबू प्रभात नेगी, गंगू रमौल मानव जोशी, मांगी रमौल/लाल परी कमला पाण्डे, सिधुवा शिखर बिष्ट, विधुवा गौरव जोशी, कालू वजीर ध्रुव टम्टा, गोरखनाथ/पनुवा प्रेम बोरा, पीली परी/विमला ज्योति उप्रेती, गंगा नेगी, स्वेत परी ललिता साह, कालू वजीर सैनिक/ग्रामीण रोहित जोषी, किषन लाल, कालू वजीर सैनिक 2 प्रदीप आर्या, गुरू गोरखनाथ शिष्य एवं ग्रामीण कृपाल दत्त ध्यानी, ललित बिष्ट, महेश आर्या, गुरू गोरखनाथ शिष्य 2 एवं ग्रामीण योगेश बसनाल, सासुवी नाग एवं ग्रामीण हर्षिता पाठक, दाई जॉनकी जोशी, ग्रामीण पलक, कोमल, सिधुवा का बेटा कनिष्क जोशी द्वारा की गयी।

नृत्य नाटिका में संगीत मुख्य गायक अमित बुधौड़ी, चंदन मेहरा, मुख्य गायिका ज्योति रावत, हेमा बिष्ट, ढोलक वादक सौरभ जोशी, हुड़का सुनील कुमार, थाली महेश आर्या एवं सुरेन्द्र प्रसाद, बॉसुरी वादक भवानी शंकर काण्डपाल। कार्यक्रम का समापन मकसद संस्था के सलाहकार श्री मद्यन सिंह बिष्ट द्वारा किया गया।

उत्तर रेलवे द्वारा राजभाषा पखवाड़े का आयोजन

विभिन्न रेलकर्मी राजभाषा पुरस्कारों से सम्मानित किए गए

नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज। उत्तर रेलवे पर आयोजित किये जा रहे राजभाषा पखवाड़े के दौरान आज उत्तर रेलवे क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक श्री शोभन चौधुरी, महाप्रबंधक उत्तर रेलवे की अध्यक्षता में बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में उत्तर रेलवे के सभी प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्षों, मंडलों के अपर मंडल रेल प्रबंधकों तथा मुख्य कारखाना प्रबंधकों ने सहभागिता की।

बैठक के दौरान सर्वप्रथम महाप्रबंधक ने प्रधान कार्यालय की ई-पत्रिका सरस्वती संगम का विमोचन किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक राजभाषा पुरस्कार, क्षेत्रीय हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन, हिंदी निबंध एवं हिंदी वाक् प्रतियोगिताओँ और तकनीकी लेख प्रतियोगिता के विजेताओँ को पुरस्कार प्रदान किए गए।

श्री शोभन चौधुरी ने ई-ऑफिस में अपना कार्य हिंदी में करने तथा हिंदी पुस्तकालयों में व्यापक सुधार करने के लिए कहा। उन्होंने हिंदी के प्रयोग-प्रसार को बढ़ाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री डिम्पी गर्ग ने महाप्रबंधक सहित उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया और उन्हें राजभाषा पखवाड़ा के दौरान राजभाषा विभाग द्वारा किए गए विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत कराया ।

लकी लक्ष्मी महोत्सव के नए आगाज के साथ लखनऊ शहर होगा रौशन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- ऑल इंडिया जेम एंड ज्वैलरी डोमेस्टिक काउंसिल (GJC) ने अपने बहुप्रतीक्षित लकी लक्ष्मी महोत्सव की घोषणा कर दी है, जो इस बार 'गेट ब्लेस्ड, बी लकी' थीम के साथ लखनऊ में भव्य रूप से आयोजित होने जा रहा है।

इस वर्ष का महोत्सव पिछले आयोजनों से मिली महत्वपूर्ण सीख के आधार पर और भी बेहतर व गहन अनुभव प्रदान करने का वादा करता है। यह नवीनीकृत महोत्सव लखनऊ के प्रमुख स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें आभूषण विक्रेताओं को उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ने के लिए शानदार मंच मिलेगा। इस आयोजन में कई नए डिजाइन और बेहतरीन शिल्प कौशल के माध्यम से आधुनिक और पारंपरिक आकर्षण का बेहतरीन मिश्रण देखने को मिलेगा।

लगभग रु. 10 करोड़ के पुरस्कार के साथ, लकी लक्ष्मी महोत्सव में आकर्षक प्रतियोगिताएं और रोमांचक गतिविधियां होंगी, जिनका उद्देश्य भारतीय आभूषण इंडस्ट्री को पुनर्जीवित करना और प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करना है।

इस महोत्सव में भाग लेने वाले लोगों को निश्चित उपहार जीतने के कई अवसर मिलेंगे और वे साप्ताहिक और बंपर पुरस्कार ड्रा में भी हिस्सा ले सकेंगे। विभिन्न विज्ञापन और मार्केटिंग चैनलों के माध्यम से किए गए व्यापक प्रचार प्रयासों के कारण इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले स्टोर्स पर बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है, जिससे यह आयोजन और भी जीवंत और उल्लासपूर्ण बन जाएगा। इसके साथ ही, GJC आगामी BwB इवेंट, GJS - इंडिया जेम एंड ज्वैलरी शो की तैयारी में जुटा है, जो मुंबई के जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन उद्योग के पेशेवरों को जोड़ने, नेटवर्किंग करने और नए व्यापारिक अवसरों का पता लगाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा।